# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक








• बोकारो, शुक्रवार 4 सितम्बर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 110 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक से सीएनजी गैस लीक, मची अफरा-तफरी

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना क्षेत्र के जोड़ में नेशनल हाईवे-39 पर गुरुवार को सीएनजी से भरे ट्रक से गैस लीक होने के बाद करीब एक घंटे तक अफरा-तफरी मची रही। ट्रक के पाइप में खराबी आने से गैस का रिसाव शुरू हुआ। ट्रक में 60 सिलेंडर थे जिनमें से पांच से सीएनजी लीक होकर हवा में फैल गई। कुछ समय के लिए आसपास के लोगों को सांस लेने में परेशानी हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने हाईवे को वन वे कर वाहनों को डायवर्ट किया जिससे स्थिति को नियंत्रित किया जा सका।

### डेढ़ किलो अफीम के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में नशे के खिलाफ अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसपी अनिमेष नैथानी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लावालौंग थाना पुलिस ने जोभी टोला के बेहराबाद में छापेमारी कर एक घर से डेढ़ किलो अफीम बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में एक महिला पचिया देवी (पति भगवान गंझू) को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाऊसाहेब ने कहा कि अफीम की खेती व बिक्री करते पकड़े जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 22 घंटे बाद शिवानी नदी से मिला युवक का शव

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** ईचाक प्रखंड के बोंगा गांव निवासी 19 वर्षीय टिंकू कुमार का शव शिवानी नदी से करीब 22 घंटे बाद बरामद किया गया। रांची से पहुंची राष्ट्रीय एनडीआरएफ की टीम ने कई घंटों तक नदी में तलाशी अभियान चलाकर शव को बाहर निकाला। शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं पूरे गांव में मातम का माहौल रहा। जानकारी के अनुसार बुधवार को टिंकू अपने दो दोस्तों के साथ शिवानी नदी में नहाने गया था। इसी दौरान वह नदी की तेज धार में बह गया।

### रेलवे ट्रैक से युवक का शव बरामद

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव के पास स्थित रेलवे ट्रैक (बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड) से गुरुवार की सुबह एक युवक का शव बरामद हुआ है। युवक की पहचान बारियातू जागीर गांव निवासी अजय कुमार सिंह (45) वर्ष के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र में टुंडी रोड पर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार मनोज कुमार यादव की मौत हो गई। मृतक बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बिराजपुर स्थित घोबन्नी गांव के रहने वाले थे। मनोज कुमार यादव माल ढुलाई के सिलसिले में चाइना मोड़ गए थे। वहां से लौटने के क्रम में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

# झारखंड में शहरी विकास का बनेगा नया मॉडल : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** राज्य में तेजी से बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए अब शहरीकृत जिलों में सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने की संभावनाएं तलाशी जायेंगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में ग्रेटर रांची डेवलपमेंट अथॉरिटी और रांची स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत भूमि से जुड़े मामलों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को इस संबंध में ठोस कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के शहरों में तेजी से बढ़ रही आबादी और शहरीकरण को देखते हुए शहरों के विस्तार की योजना अभी से तैयार करने की जरूरत है। इसके लिए संबंधित जिलों में उपलब्ध भूमि, आधारभूत संरचना, कनेक्टिविटी, नागरिक सुविधाएं, रोजगार की संभावनाएं और भविष्य की आबादी की जरूरतों का आकलन किया जाये। उन्होंने अधिकारियों से इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने की व्यावहारिक संभावनाओं का समग्र अध्ययन करने और उसके आधार पर कार्ययोजना तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने रांची स्मार्ट सिटी के वर्तमान स्वरूप और उपलब्ध संसाधनों का आकलन कर भविष्य में इसके विस्तार की संभावनाओं पर भी विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बढ़ती आबादी, आर्थिक गतिविधियों और शहरी जरूरतों को देखते हुए रांची के दीर्घकालिक और संतुलित विकास के लिए अभी से योजनाबद्ध तरीके से काम करना होगा। बैठक में भविष्य में एचइसी के साथ भूमि समेत अन्य विषयों पर बातचीत किये जाने को लेकर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इससे जुड़े सभी पहलुओं का अध्ययन कर आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरीकरण को केवल भवन और सड़क निर्माण तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। शहरों का विकास नागरिक केंद्रित और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप होना चाहिए। ऐसे आधुनिक, सुव्यवस्थित और टिकाऊ शहरी केंद्र विकसित किये जायें, जहां लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं, सुरक्षित वातावरण, सुगम आवागमन और गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक सेवाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी जैसी परियोजनाओं से शहरी आधारभूत संरचना मजबूत होने के साथ निवेश, रोजगार, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी विस्तार मिलेगा। परियोजना से जुड़े अधिकारियों को भूमि संबंधी कार्यों समेत सभी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं में समन्वय के साथ तेजी लाने और नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया।

# तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने दो चालकों को कुचला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**धनबाद।** जिले के मैथन ओपी क्षेत्र में टोल प्लाजा के पास नेशनल हाईवे-19 पर तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार की चपेट में आने से दो ट्रक ड्राइवरों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजस्थान नंबर के राज कंटेनर कंपनी के दो कंटेनर ट्रक टोल प्लाजा के पास सड़क किनारे खड़े थे। दोनों ट्रकों के चालक वाहन को साइड में खड़ा कर चाय पीने के लिए नीचे उतरे थे। इसी दौरान पश्चिम बंगाल की ओर से धनबाद की तरफ तेज रफ्तार में आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ड्राइवरों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर एनएच-19 की टीम और मैथन ओपी पुलिस भी मौके पर पहुंची। हादसे के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ और वाहनों की कतार लगने लगी। मैथन मंडल अध्यक्ष अमर साव और समाजसेवी रंजीत महतो ने पुलिस के साथ मिलकर मौके पर स्थिति संभालने और जाम हटाने में मदद की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सड़क से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाया और जल्द ही यातायात सामान्य कराया। हादसे के बाद स्विफ्ट डिजायर कार का चालक और उसमें सवार अन्य लोग वाहन को घटनास्थल पर ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को अपने कब्जे में ले लिया है। दोनों मृतकों के शवों को भी कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि कार कौन चला रहा था।

# कार सवार युवक की गोली मारकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में बाइक सवार हमलावरों ने 32 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना बुधवार रात हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही हमलावरों की पहचान के साथ हत्या की वजह का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक मृतक ने सड़क किनारे अपनी कार रोकी थी और किसी से फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान बाइक पर सवार हमलावर वहां पहुंचे और उस पर गोली चला दी। मृतक की पहचान शिवशक्ति नगर निवासी ओम प्रकाश सिंह के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार ओम प्रकाश सिंह हमलावरों से बचने के लिए अपनी कार का दरवाजा खोलकर निकलने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान हमलावरों ने उन पर दो राउंड फायरिंग की। गोली लगने के बाद स्थानीय लोगों ने ओम प्रकाश सिंह को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही मामले की जांच शुरू कर दी गई। हुसैनाबाद थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस हमलावरों की पहचान करने के साथ-साथ हत्या के पीछे की वजह का भी पता लगाने में जुटी है। थाना प्रभारी ने कहा कि हमलावरों की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस आसपास के इलाकों में जानकारी जुटा रही है। मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है।

# मनरेगा पीओ रिश्वत लेते गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गुमला।** जिले के पालकोट प्रखंड में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गुरुवार दोपहर मनरेगा के ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर (बीपीओ) हरीश प्रजापति को छह हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। आरोप है कि बीपीओ ने मनरेगा के तहत बन रहे तालाब के जियो टैग के लिए एक लाभार्थी से 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। लाभार्थी ने इसकी शिकायत रांची एसीबी से की थी। शिकायत की जांच के बाद एसीबी की टीम ने कार्रवाई की। शिकायत मिलने के बाद रांची से एसीबी की टीम गुरुवार को पालकोट पहुंची। टीम ने योजना के तहत कार्रवाई करते हुए बीपीओ को छह हजार रुपए लेते पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी अधिकारियों ने बीपीओ को एक कमरे में ले जाकर पूछताछ की। कार्रवाई की खबर फैलते ही प्रखंड कार्यालय में हड़कंप मच गया और मामला चर्चा का विषय बन गया। बताया गया कि एसीबी की टीम दो गाड़ियों से पालकोट पहुंची थी। टीम में करीब 10 अधिकारी और कर्मी शामिल थे। गिरफ्तारी और पूछताछ की प्रक्रिया पूरी करने के बाद टीम बीपीओ को अपने साथ रांची ले जाएगी। वहां मामले से जुड़े दस्तावेज और अन्य पहलुओं की जांच की जाएगी। एसीबी अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर बीपीओ को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर उन्हें रांची ले जाया जा रहा है। बता दे कि गुमला जिले में रिश्वत लेने के आरोप में कर्मचारियों की गिरफ्तारी की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी एसीबी की टीम ने विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को रिश्वत लेते पकड़ा है। हाल ही में शिक्षा विभाग से जुड़े एक सेवानिवृत्त शिक्षक और एक बड़ा बाबू को भी रिश्वत लेते गिरफ्तार किए जाने की कार्रवाई हुई थी।

### बाढ़ के पानी में डूबी झारखंड-बिहार बॉर्डर स्थित सड़क, टूटा संपर्क

**साहिबगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जिले की सीमा पर मखलपुर और बिहार के बाबुपुर के पास करीब आधा किमी तक सड़क बाढ़ के पानी में डूबी गई है जिससे आवागमन अवरुद्ध हो गया है। कामकाजी लोग नाव से आना जाना करते हैं। यह समस्या पिछले दस दिनों से बनी हुई है। बताया जाता है कि झारखंड सरकार ने अपनी सीमा तक सड़क बना दी है लेकिन बाबुपुर के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता की वजह से बिहार के हिस्से में सड़क नहीं बनी है। इस बाइपास सड़क को उंची कर दी जाती और बीच-बीच में दो तीन पुलिया बना दी जाती तो सारी समस्या का निदान हो जाता। बाबुपुर और मखमलपुर में 80 प्रतिशत मुस्लिम परिवार हैं। अधिकांश लोग रिश्तेदार हैं। सामान्य दिनों में दोनों गांवों के बीच आने जाने में मात्र पांच मिनट लगते हैं लेकिन अभी घंटा-घंटा भर नाव का इंतजार करना पड़ता है।

# जोरदार धमाके के साथ धंसी जमीन, आग की लपटें उठने से मचा हड़कंप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**धनबाद।** बीसीसीएल लोदना क्षेत्र 10 के बरारी छह नंबर बस्ती के पास गुरुवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब तेज आवाज के साथ अचानक जमीन धंस गई। देखते ही देखते धंसी जमीन से धुआं निकलने लगा और आग की लपटें उठने लगीं। घटना के बाद आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग किसी बड़े हादसे की आशंका को लेकर चिंतित हैं। जमीन धंसने की घटना का असर अब लक्ष्मी कॉलोनी जाने वाली सड़क पर भी पड़ने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक अगर धंसाव का दायरा बढ़ा तो सड़क भी इसकी चपेट में आ सकती है। ऐसे में इस रास्ते से वाहनों और लोगों की आवाजाही प्रभावित होने के साथ-साथ हादसे का खतरा भी बढ़ सकता है। लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। साथ ही दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी उठाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जमीन के नीचे आग और धंसाव की स्थिति को देखते हुए प्रभावित इलाके को तत्काल सुरक्षित किया जाना जरूरी है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो धंसाव का दायरा बढ़ सकता है जिससे बस्ती के साथ-साथ सड़क से गुजरने वाले लोगों और वाहनों पर भी खतरा मंडरा सकता है। जमीन धंसने और आग की लपटें उठने की सूचना मिलते ही बीसीसीएल की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मौजूदा स्थिति का जायजा लिया। प्रबंधन की ओर से जमीन धंसने और आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और बीसीसीएल प्रबंधन से प्रभावित क्षेत्र की तत्काल घेराबंदी कराने, सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और लगातार निगरानी रखने की मांग की है। वहीं मामले को लेकर झरिया सीओ मनोज कुमार ने कहा कि मुझे घटना की जानकारी नहीं है। वहीं कोलियरी प्रबंधक अनिल महतो से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि घटना हुई होगी। बीसीसीएल की टीम गई होगी। हम बीसीसीएल के प्रवक्ता नहीं है, इसलिए हम नहीं बता सकते हैं।

# मगध कोलियरी के कंप्यूटर ऑपरेटर को मारी गोली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लातेहार।** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित मगध कोलियरी के चमातू के 22 नंबर कांटा में बुधवार देर रात करीब डेढ़ बजे चार अज्ञात अपराधियों ने कंप्यूटर ऑपरेटर अरुण उरांव को गोली मार दी। गोली उसके पैर में लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उसे आनन-फानन में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बालूमाथ थाना प्रभारी अनुभव सिन्हा पुलिस टीम के साथ देर रात घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस ने मौके से एक पर्चा भी बरामद किया है। इस पर्चे पर राहुल दुबे और अमन साहू गैंग के नाम का उल्लेख है। थाना प्रभारी ने पर्चा बरामद होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने छापेमारी अभियान तेज कर दिया है। अपराधियों ने गोलीबारी के दौरान 22 नंबर कांटा में लगे कंप्यूटर और प्रिंटर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद यहां से ट्रांसपोर्टिंग का काम पूरी तरह ठप हो गया है। 22 नंबर कांटा से जय अंबे जीआरएल कंपनी के माध्यम से कोयले की ढुलाई बालूमाथ साइडिंग तक की जाती थी। बताया गया है कि अपराधियों द्वारा छोड़े गए पर्चे में कोयला खनन का काम कर रही वीपीआर कंपनी को धमकी दी गई है। पर्चे में कंपनी को 'मैनेज' करने की बात कही गई है। घटना के बाद पूरे कोलियरी क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।


# निर्वाचकीय सुचिता और समावेशन साथ-साथ चले : प्रो. अशोक आर. पाटिल

## मतदाता पंजीकरण एवं सूची विषयक पर रांची में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के कार्यालय द्वारा केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखण्ड के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता सूची 2026 का समापन गुरुवारको नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ, रांची में हुआ। सम्मेलन का समापन नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ, रांची के कुलपति प्रो. (डॉ.) अशोक आर. पाटिल के संबोधन के साथ आयोजित समापन सत्र में हुआ। अपने समापन संबोधन में प्रो. पाटिल ने कहा कि मतदाता पंजीकरण एवं शुद्ध मतदाता सूची सार्थक लोकतांत्रिक सहभागिता की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची केवल एक प्रशासनिक दस्तावेज नहीं बल्कि वह प्रवेश द्वार है, जिसके माध्यम से नागरिक औपचारिक निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनते हैं। सम्मेलन में हुए व्यापक विचार-विमर्श का उल्लेख करते हुए प्रो. पाटिल ने कहा कि निर्वाचकीय शुचिता और निर्वाचकीय समावेशन को परस्पर विरोधी उद्देश्यों के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। एक विश्वसनीय निर्वाचन प्रणाली में जहां अपात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल होने से रोका जाना आवश्यक है वहीं यह सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि कोई भी पात्र नागरिक अनजाने में अथवा अनुचित रूप से मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि शुद्धता के साथ सुगम्यता, दक्षता के साथ निष्पक्षता तथा सत्यापन के साथ उचित प्रक्रिया का पालन आवश्यक है। प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता सूची प्रबंधन की शुद्धता और दक्षता को बेहतर बना सकते हैं लेकिन इनका उपयोग संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक सिद्धांतों एवं नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा पर आधारित होना चाहिए। समापन सत्र को विचार-विमर्श से क्रियान्वयन की ओर बढ़ने का अवसर बताते हुए प्रो. पाटिल ने शिक्षाविदों, निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों, शोधकर्ताओं एवं अन्य हितधारकों से सम्मेलन के निष्कर्षों को आगे बढ़ाते हुए और अधिक शोध, साक्ष्य-आधारित नीतिगत सुझाव तथा निरंतर संस्थागत सहयोग विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने जोर दिया कि निर्वाचन संबंधी नवाचार नागरिक-केंद्रित होना चाहिए- प्रौद्योगिकी मतदाता को सशक्त बनाए, कानून मतदाता की रक्षा करे, संस्थाएं मतदाता की सेवा करें और निर्वाचन प्रशासन मतदाता की आवाज को मजबूत करे। प्रो. पाटिल ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के. रवि कुमार एवं आयोजन समिति की सराहना की।

# चुंजका पंचायत में जन्म प्रमाण-पत्र निर्माण को लेकर विशेष कैंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 एवं अन्य विधिवत कार्यों के तहत आम लोगों को जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने में सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को गिरिडीह सदर प्रखंड अंतर्गत चुंजका पंचायत के राजस्व ग्राम चुंजका में विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के निर्देश पर आयोजित इस कैंप में पंचायत क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और जन्म प्रमाण-पत्र निर्माण से संबंधित प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए आवेदन जमा कराया। कैंप को लेकर सुबह से ही पंचायत परिसर में ग्रामीणों की आवाजाही शुरू हो गई थी। देखते ही देखते काफी संख्या में लोग कैंप में पहुंच गए। ग्रामीणों की सुविधा को देखते हुए पंचायत स्तर पर आवश्यक




व्यवस्था की गई थी। संबंधित कर्मियों द्वारा लोगों को जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने की प्रक्रिया, आवश्यक कागजात तथा आवेदन से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराई गई। कैंप के सफल आयोजन में मुखिया सावित्री देवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके साथ वार्ड सदस्य सहनवाज अंसारी एवं पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों ने भी ग्रामीणों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया। वहीं आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं पंचायत सचिव ने भी कैंप में पहुंचने वाले ग्रामीणों को प्रक्रिया समझाने और व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग किया। इस दौरान समाजसेवी सुरेंद्र कुमार ने भी ग्रामीणों की समस्याओं को समझते हुए उन्हें आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन दिया। कैंप में उनकी सक्रिय भूमिका की ग्रामीणों ने सराहना की। पंचायत प्रतिनिधियों, कर्मियों और समाजसेवी के संयुक्त प्रयास से कैंप का संचालन व्यवस्थित तरीके से किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि जन्म प्रमाण-पत्र आज के समय में विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं जरूरी दस्तावेजों के लिए महत्वपूर्ण है। कई लोगों को इसे बनवाने के लिए प्रखंड कार्यालय जाना पड़ता है, जिससे समय और पैसे दोनों की परेशानी होती है। पंचायत स्तर पर विशेष कैंप लगाए जाने से लोगों को काफी राहत मिली है और एक ही स्थान पर आवश्यक जानकारी एवं आवेदन की सुविधा मिल रही है। कैंप में मौजूद पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से अपील की कि जिन लोगों का जन्म प्रमाण-पत्र अभी तक नहीं बना है, वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत इसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के पात्र लोगों को सरकारी दस्तावेज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को आसान बनाना है। गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा गिरिडीह सदर प्रखंड की चयनित पंचायतों में 29 अगस्त से 03 सितंबर 2026 तक विशेष ग्राम सभा एवं कैंप आयोजित करने की पहल की गई है। इसी क्रम में चुंजका पंचायत में गुरुवार को विशेष कैंप लगाया गया। कैंप में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी ने प्रशासन की इस पहल के प्रति लोगों की रुचि को भी दशार्या।

## गुरुओं के सम्मान में जली ज्ञान की ज्योति, इनर व्हील क्लब सनशाइन ने किया शिक्षकों का सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** शिक्षक दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन की ओर से होटल अशोका इंटरनेशनल में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण ह्यज्ञान की ज्योतिह्ल रहा। पीडीसी पूनम सहाय के मार्गदर्शन में प्रस्तुत इस कार्यक्रम



सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चार प्रतिष्ठित शिक्षकों को सम्मानित कर उनके प्रति कृतज्ञता जताई गई। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि से हुआ। क्लब प्रेसिडेंट राखी झुनझुनवाला ने अतिथियों और शिक्षकों का स्वागत करते हुए शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान आर.के. महिला कॉलेज की सेवानिवृत्त प्राचार्या डॉ. गीता डे, कॉलेज के प्राचार्य एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. अनुज कुमार, सेवानिवृत्त हेडमिस्ट्रेस डॉ. कुमकुम प्रसाद तथा हनी होली ट्रिनिटी स्कूल की प्रिंसिपल अनीता सिन्हा को शॉल, पुष्पगुच्छ, पौधे, स्मृति-चिह्न एवं में सम्मानित शिक्षकों ने कैंडल प्रज्वलित की, जिसके बाद क्लब सदस्यों ने उसी ज्योति से अपनी कैंडल जलाकर गुरु से ज्ञान, प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा ग्रहण करने का संदेश दिया। समारोह में क्लब से जुड़े शिक्षा क्षेत्र के शिक्षक सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेक्रेटरी संगीता सिन्हा, नमिता जमुआर, एडिटर शमा प्रवीण, शशी जैन, तनुजा भूषण, तनुजा सहाय, मीना गुप्ता, रश्मि गुप्ता एवं सोनाली तर्वे सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। अंत में वाइस प्रेसिडेंट स्मृति आनंद ने धन्यवाद ज्ञापन किया। ह्यगुरु स्वयं दीपक की तरह जलकर दूसरों के जीवन को ज्ञान की रोशनी से प्रकाशित करता हैह्ल इसी संदेश के साथ समारोह का समापन हुआ।

## बगोदर-डुमरी में मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त रामनिवास यादव ने गुरुवार को डुमरी प्रखंड सभागार एवं सरिया अनुमंडल कार्यालय में बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बताया गया कि 5 अगस्त से 31 अगस्त 2026 तक 29-बगोदर विधानसभा क्षेत्र से 5,156 तथा 33-डुमरी विधानसभा क्षेत्र से 4,095 प्रपत्र-6 प्राप्त हुए हैं। दोनों विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर कुल 9,251 आवेदन मिले हैं। समीक्षा के दौरान यह भी




सामने आया कि कुल 876 मतदान केंद्रों में से बगोदर के एक और डुमरी के 12 मतदान केंद्रों समेत 13 केंद्रों पर अब तक एक भी प्रपत्र-6 प्राप्त नहीं हुआ है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित बीएलओ को इन केंद्रों पर विशेष अभियान चलाकर पात्र नागरिकों की पहचान करने और आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं, मतदाता सूची से छूटे पात्र नागरिकों, नवविवाहित महिलाओं और नए निवासियों की पहचान कर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराया जाए। वहीं नाम, जन्मतिथि, पता, फोटो अथवा अन्य विवरण में सुधार तथा निवास स्थान परिवर्तन के लिए प्रपत्र-8 प्राप्त कर बीएलओ ऐप्प के माध्यम से समयबद्ध तरीके से दर्ज करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित नहीं रहना चाहिए। दावे-आपत्तियों का निर्धारित प्रावधानों के तहत समयबद्ध निष्पादन करते हुए मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### देवरी-नेकपुरा सड़क बनी गड्ढों और नालों का सफर, ग्रामीणों में आक्रोश

**गिरिडीह ( नवबिहार टाइम्स संवाददात )।** देवरी प्रखंड में जर्जर सड़कों की समस्या को लेकर ग्रामीणों की परेशानी बढ़ती जा रही है। देवरी से नेकपुरा जाने वाली सड़क की बदहाल स्थिति इन दिनों लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और जलजमाव के कारण सड़क पर पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। समाजसेवी सुखदेव हाजरा ने सड़क की जर्जर स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि देवरी प्रखंड लंबे समय से विकास की उपेक्षा का दंश झेल रहा है। उन्होंने कहा कि देवरी-नेकपुरा सड़क के अलावा तपसीडीह, खोजारटोल, परसाटांड़, बजगुंदा, मंडरो मुख्य बाजार तथा चितरोकुरहा सहित कई ग्रामीण इलाकों की सड़कें बदहाल हैं। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय (केजीबीवी ) आने जाने वाले छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों को भी खराब सड़क के कारण काफी परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं चतरो स्थित लकड़गढ़ा शिव मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी जर्जर सड़क से होकर गुजरना पड़ता है। सुखदेव हाजरा ने कहा कि खराब सड़कों के कारण आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### जमुआ थाने का एसपी विमल कुमार ने किया वार्षिक निरीक्षण, जल्द होगा जर्जर भवन का नवनिर्माण

**जमुआ (नवबिहार टाइम्स संवाददात )।** गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विमल कुमार ने गुरुवार को जमुआ थाना परिसर का वार्षिक निरीक्षण किया। थाना पहुंचने पर पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद एसपी ने थाना परिसर, कार्यालय, बैरक एवं आवासीय परिसर का बारीकी से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कानून-व्यवस्था के साथ-साथ थाना के प्रशासनिक कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने पुलिस निरीक्षक प्रदीप दास एवं थाना प्रभारी विभूति देव को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि थाना परिसर में जब्त वाहनों को इधर-उधर रखने के बजाय एक निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित तरीके से रखा जाए। साथ



ही थाना परिसर में साफ-सफाई, अनुशासन एवं बेहतर रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। एसपी ने पुलिसकर्मियों के लिए बने बैरक, कार्यालय तथा आवासीय परिसर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जवानों को उपलब्ध सुविधाओं और कार्यालय की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए एसपी विमल कुमार ने कहा कि जमुआ थाना के जर्जर भवन की समस्या को देखते हुए नए भवन के निर्माण की पहल की गई है। एसपी के वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

### नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कृष्ण और राधा का वेश धारण कर मन मोहा


**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददात )।** आरपीएस गर्ल्स पब्लिक स्कूल, दानापुर में गुरुवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास एवं भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर भगवान श्री कृष्ण के जयकारों और बाल-सुलभ मुस्कान से गुंजायमान रहा। समारोह में बाल वाटिका और कक्षा एक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी की मनमोहक वेशभूषा धारण कर



सभी का मन मोह लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इसके साथ ही विद्यालय में एक मधुर भजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे बच्चों ने भगवान कृष्ण की महिमा में एक से बढ़कर एक सुरम्य भजनों की प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता के अंत में प्रधानाध्यापिका श्रीमती मधु ठाकुर द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। विद्यालय के निर्देशक कुमार श्रेयश ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यालय में होते रहना चाहिए ताकि बच्चे अपनी संस्कृति से जुड़े रहे।

### भारत अपनी महान ज्ञान-परंपरा के कारण ही विश्व-गुरु : कला-संस्कृति मंत्री

**पटना ( नवबिहार टाइम्स संवाददात )।** भारत अपनी महान ज्ञान-परंपरा के कारण ही विश्व-गुरु था। वह इसलिए था कि यह देश ज्ञान और आध्यात्मिक-चिंतन में शीर्ष पर था। चरित्रवान और गुणी शिक्षक ही, चरित्रवान और गुणवान नागरिक तैयार कर सकते हैं। ये बातें गुरुवार को, पटनासिटी की सांस्कृतिक-संस्था 'नई दिशा परिवार' के तत्त्वावधान में, महेंद्रू स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के सभागार में



आयोजित शिक्षक-सम्मान-समारोह का उद्घाटन करते हुए, बिहार के कला एवं संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार ने कही। पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो के सी सिन्हा, पटना की महापौर सीता साहू, सुप्रसिद्ध चिकित्सक डा दिवाकर तेजस्वी, शिव प्रसाद मोदी और कमल नयन श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### दो दिनों से फिर बढ़ रहा बाढ़ का पानी

**बरारी/कटिहार ( नवबिहार टाइम्स संवाददात )।** प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ का पानी एक बार फिर बढ़ने लगा है। पिछले दो दिनों से बाढ़ पानी बढ़ने की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। पहले से बाढ़ की मार झेल रहे लोगों के सामने अब दोबारा पानी बढ़ने से नई परेशानी खड़ी हो गई है। कई जगहों पर खेतों में पानी का फैलाव बढ़ने लगा है, जिससे बची हुई फसलों के भी बर्बाद



हो गई है। क्षेत्र में गंगा और कोसी नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव के बीच बाढ़ का पानी फिर से गांवों की ओर फैलने लगा है। खासकर नदी से सटे और निचले इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

## सीएम हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व कार्यवाहक चीफ जस्टिस और दिल्ली के लोकायुक्त हरीश चंद्र मिश्रा का आज यानी 3 सितंबर की सुबह नई दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से झारखंड के न्यायिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।



दिवंगत जस्टिस एच. सी. मिश्रा का झारखंड के साथ बेहद गहरा और ऐतिहासिक संबंध रहा है। वह राज्य के गठन के बाद वर्ष 2000 में वे झारखंड सुपीरियर ज्यूडिशियल सर्विस में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने देवघर में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रांची में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश (चारा घोटाला मामलों की सुनवाई) तथा देवघर व चाईबासा में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में अपनी सेवाएं दीं। वे झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव और झारखंड हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल भी रहे। अप्रैल 2011 में उन्हें झारखंड उच्च न्यायालय में जज के रूप में पदोन्नत किया गया था और अगस्त 2019 से नवंबर 2019 तक उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का अहम पद संभाला था।

## शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना हुए पीएम श्री शारदा कन्या मध्य विद्यालय के छात्र


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** राज्य परियोजना निदेशालय, झारखंड परियोजना परिषद, रांची के निदेर्शानुसार पीएम श्री शारदा कन्या मध्य विद्यालय, पचंबा के 30 छात्र-छात्राओं का दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए गुरुवार को कोलकाता रवाना हुआ। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों को रवाना किया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि छात्र-छात्राएं दो शिक्षिकाओं तनु प्रिया एवं स्वीटी कुमारी तथा जिला समन्वयक दिलीप कुमार दास के साथ धनबाद जंक्शन तक बस से जाएंगे। इसके बाद रेल मार्ग से धनबाद से हावड़ा पहुंचेंगे। कोलकाता में दो दिनों के दौरान बच्चे




साइंस सिटी, विक्टोरिया भवन, इको पार्क एवं चिड़ियाघर सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण करेंगे। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को किताबों से बाहर निकलकर प्रत्यक्ष रूप से विभिन्न गतिविधियों एवं स्थलों की जानकारी देना है। विशेष रूप से साइंस सिटी में वैज्ञानिक गतिविधियों को करीब से देखने से बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी। वहीं ऐतिहासिक एवं पर्यटक स्थलों के भ्रमण से उनकी समझ, बौद्धिक क्षमता और सामान्य ज्ञान का विकास होगा। उन्होंने कहा कि भ्रमण से लौटने के बाद बच्चों द्वारा देखी और सीखी गई गतिविधियों पर विद्यालय स्तर पर विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इससे विद्यार्थियों के शैक्षणिक, मानसिक, बौद्धिक एवं प्रतिभा विकास में मदद मिलेगी। इस अवसर पर जिला समन्वयक दिलीप कुमार दास, शिक्षिकाएं तनु प्रिया, स्वीटी कुमारी, माया मरियम हसदा, पूनम कुमारी, सुनील कुमार, एसएमसी अध्यक्ष सोनी देवी, उपाध्यक्ष रश्मि देवी, काजल देवी, सदैव सोनी देवी, प्रिंसी देवी, पूजा देवी सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## चाणक्य पब्लिक स्कूल में मना जन्माष्टमी उत्सव




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सिरसिया स्थित चाणक्य पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इस दौरान बच्चे राधा-कृष्ण की आकर्षक वेशभूषा में नजर आए। विद्यार्थियों ने कृष्ण जन्मोत्सव, राधा-कृष्ण नृत्य और कृष्ण-सुदामा की मित्रता पर आधारित भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। वहीं गोविंदा नृत्य और मटकी फोड़ कार्यक्रम ने माहौल को उत्साह से भर दिया। समापन पर विद्यालय के निदेशक राहुल कुमार बर्मन ने विद्यार्थियों से श्रीकृष्ण के जीवन से सत्य, धर्म, प्रेम, मित्रता और कर्तव्य की प्रेरणा लेने का आह्वान किया। शिक्षकों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नन्हे कलाकारों ने बांधा समां



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल गिरिडीह में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर ईईडीपी विभाग के बच्चों ने भव्य एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नन्हे बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण कर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का सुंदर मंचन किया। एलकेजी से कक्षा दूसरी तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आकर्षक वेशभूषा, भावपूर्ण अभिनय और मनमोहक प्रस्तुतियों से विद्यालय परिसर भक्तिमय हो उठा। विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश गोयल ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपरा और नैतिक मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यालय परिवार को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं।

# पांडु गांव में हर ब्लास्ट के साथ कांपते हैं घर, दरारों से छलक रहा ग्रामीणों का दर्द

**बीजीआर की कोयला खदान में ब्लास्टिंग से पूरे गांव में महसूस होता है कंपन, मकानों की दीवारों में साफ दिखाई दे रही दरारें**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो) ।** केरेडारी के पांडु गांव में बीजीआर कंपनी द्वारा संचालित कोयला खदान की ब्लास्टिंग ने ग्रामीणों के बीच डर और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। स्थल पर पहुंचकर की गई ग्राउंड रिपोर्ट में ग्रामीणों ने बताया कि ब्लास्टिंग का कंपन केवल खदान के आसपास तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे गांव में महसूस किया जाता है। कई मकानों की दीवारों में पड़ी दरारें भी स्पष्ट दिखाई देती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब खदान में ब्लास्टिंग होती है तो तेज धमाके के साथ पूरा गांव कंपन महसूस करता है। घरों की दीवारें हिलती हैं और लोग अनहोनी की आशंका से सहम जाते हैं। कई परिवारों का कहना है कि ब्लास्टिंग के समय वे घर के अंदर रहने के बजाय बाहर निकलना ज्यादा सुरक्षित समझते हैं।

### ग्राउंड पर दिखीं दीवारों की दरारें

गांव में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने उन मकानों की दीवारें दिखाई, जिनमें दरारें होने का दावा किया गया। कई स्थानों पर दीवारों में दरारें आंखों से साफ दिखाई देती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार होने वाली ब्लास्टिंग और कंपन के कारण उनके मकानों की स्थिति खराब होती जा रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, उन्होंने कई बार इक्र्क कंपनी के प्रबंधन को इस समस्या की जानकारी दी, लेकिन शिकायतों के बावजूद उन्हें स्थायी समाधान नहीं मिला। ग्रामीणों का कहना है कि ब्लास्टिंग के कारण सिर्फ मकानों को नुकसान का डर नहीं है, बल्कि बच्चों, बुजुर्गों और परिवार के अन्य सदस्यों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी रहती है।

### डीसी के निर्देश के बाद भी महीनों से इंतजार



कंपनी प्रबंधन से शिकायत के बाद जब ग्रामीणों को राहत नहीं मिली तो उन्होंने उपायुक्त को पत्राचार कर पूरे मामले की जानकारी दी। ग्रामीणों के अनुसार, उपायुक्त ने मामले में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) को स्थल निरीक्षण करने का निर्देश दिया था। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि निर्देश के कई महीने बीत जाने के बावजूद अधिकारी गांव में जांच के लिए नहीं पहुंचे। ग्रामीण इसे प्रशासनिक उदासीनता मानते हैं और कहते हैं कि उन्हें बार-बार आश्वासन तो मिला, लेकिन समाधान नहीं।

### 200 घर प्रभावित, विस्थापन में सिर्फ 50 घर चिह्नित

पांडु गांव में करीब 200 घरों की बस्ती होने की बात ग्रामीणों ने बताई। ग्रामीणों का सवाल है कि जब ब्लास्टिंग का कंपन पूरे गांव में महसूस होता है और कई मकानों की दीवारों में दरारें दिखाई दे रही हैं, तो विस्थापन के लिए करीब 50 घरों को ही क्यों चिह्नित किया गया है? ग्रामीणों की मांग है कि पूरे गांव का निष्पक्ष एवं तकनीकी सर्वेक्षण कराया जाए। ब्लास्टिंग से प्रभावित प्रत्येक मकान की स्थिति का आकलन हो और जो परिवार वास्तव में प्रभावित हैं, उन्हें उचित मुआवजा एवं पुनर्वास का लाभ देकर सुरक्षित स्थान पर बसाया जाए।

### विकास चाहिए, लेकिन घरों की कीमत पर नहीं

ग्रामीणों का कहना है कि वे खनन या विकास के विरोधी नहीं हैं। उनकी मांग केवल इतनी है कि विकास के साथ उनकी जान-माल और घरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि खदान में होने वाली ब्लास्टिंग से लगातार कंपन महसूस हो रहा है और मकानों में दरारें दिखाई दे रही हैं।

### डीसी ने कहा - सभी प्रभावित घरों को चिह्नित कर किया जाएगा विस्थापित

इस मामले में हजारीबाग के उपायुक्त हेमंत सती से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी घरों को चिह्नित कर विस्थापित किया जाएगा। डीसी के इस आश्वासन के बाद ग्रामीणों को उम्मीद है कि लंबे समय से चली आ रही उनकी समस्या का अब स्थायी समाधान निकलेगा। पांडु गांव में अब सवाल सिर्फ दीवारों में आई दरारों का नहीं है, बल्कि उन दरारों के बीच रह रहे परिवारों के भविष्य और सुरक्षा का भी है। ग्रामीण प्रशासन से तत्काल स्थल निरीक्षण, वैज्ञानिक जांच और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की मांग कर रहे हैं।

# युवक की हत्या पर फूटा लोगों का गुस्सा, सड़क जाम कर जताया विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बुधवार की रात पलामू के हुसैनाबाद में विधायक संजय कुमार सिंह यादव के आवास के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात पुरन्दर बिगहा के पास जपला-दंगवार मुख्य सड़क पर हुई। मृतक की पहचान कचरा गांव निवासी भुनेश्वर सिंह के 32 वर्षीय बेटे ओम प्रकाश सिंह उर्फ छोटू सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार छोटू सिंह अपनी स्कॉर्पियो सड़क किनारे खड़ी कर किसी व्यक्ति से बात कर रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात हमलावर वहां पहुंचा और उनकी कनपटी में गोली मार दी। अचानक हुए हमले के बाद छोटू ने जान बचाने के लिए स्कॉर्पियो का गेट खोला और वहां से भागने की कोशिश की। लेकिन हमलावर ने उन्हें निशाना बनाते हुए दो और गोलियां चला दीं। गोली लगने के बाद घायल छोटू मुख्य सड़क से कुछ दूर जाकर गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर बाइक पर सवार होकर दंगवार की ओर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार ओम प्रकाश सिंह उर्फ छोटू सिंह का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट और शराब तस्करी से जुड़े आठ आपराधिक मामले दर्ज थे। वह कुछ महीने पहले ही जेल से बेल पर बाहर आया था। छोटू सिंह मूल रूप से कचरा गांव का रहने वाला था, लेकिन फिलहाल जपला के सिद्धनाथ पेट्रोल पंप के पास शिवशक्ति नगर में परिवार के साथ रह रहा था। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद थानाध्यक्ष चंदन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास के इलाके में छानबीन की। घटनास्थल के आसपास की गतिविधियों और संभावित सुरागों को खंगाला जा रहा है। पुलिस हमलावर की पहचान के साथ हत्या के पीछे की वजह का पता लगाने में जुटी है। पुलिस के अनुसार घटना के समय मौके पर एक और संदिग्ध बाइक भी देखी गई थी। फायरिंग के बाद वह बाइक भी वहां से निकल गई। इससे पुलिस को आशंका है कि वारदात में एक से अधिक लोगों की भूमिका हो सकती है, हालांकि इसकी पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही होगी।फिलहाल, पुलिस पुरानी रंजिश, आपसी विवाद और अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटना के बाद इलाके में तनाव और लोगों में आक्रोश का माहौल बन गया। पुलिस घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों से जानकारी जुटाने के साथ हमलावरों तक पहुंचने के लिए सभी संभावित सुरागों की पड़ताल कर रही है। हत्या के बाद आक्रोशित लोगों ने देर रात जपला-छतरपुर मुख्य सड़क को सिद्धनाथ पेट्रोल पंप के पास जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर टायर जलाए और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। सड़क जाम के कारण देर रात से सुबह तक आवागमन प्रभावित रहा। मौके पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी चंदन कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे और प्रदर्शनकारियों व मृतक के परिजनों को समझाने का प्रयास करते रहे। प्रशासन की पहल और आश्वासन के बाद सुबह करीब 7:30 बजे जाम समाप्त हुआ। इसके बाद मृतक के परिजन ओम प्रकाश सिंह उर्फ छोटू सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इधर, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस ने पूछताछ के लिए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। वहीं, छोटू सिंह से जुड़े और बिछड़े करीबियों के संभावित ठिकानों पर भी पुलिस छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा है कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति से पूछताछ के साथ पुलिस घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने और हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में जुटी है। हालांकि, किसी व्यक्ति के हिरासत में लिए जाने और छापेमारी की कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि पुलिस की ओर से नहीं की गई है।

# सहमति से बने संबंध को दुष्कर्म नहीं माना जा सकता : झारखंड हाई कोर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एके चौधरी की अदालत ने शादी का वादा कर करीब सात साल तक शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में दर्ज दुष्कर्म के मामले को निरस्त कर दिया। अदालत ने कहा कि मामले के तथ्यों से प्रथमदृष्टया दोनों के बीच सहमति से संबंध होने की स्थिति सामने आती है। अदालत ने आरोपित लालू महथा के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी, गिरिडीह के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा 16 अगस्त 2024 को लिए गए संज्ञान आदेश सहित पूरी आपराधिक कार्यवाही को निरस्त कर दिया। मामला गिरिडीह महिला सदर थाना से जुड़ा था। पुलिस ने जांच के बाद लालू महथा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। शिकायत के अनुसार, दोनों की मुलाकात वर्ष 2016 में एक शादी समारोह में हुई थी। मोबाइल नंबर के आदान-प्रदान के बाद दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हुआ। महिला का आरोप था कि लालू महथा ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, जो करीब सात वर्षों तक जारी रहे। शादी के लिए दबाव बनाने पर वह टालमटोल करता रहा। शिकायत में कहा गया था कि 20 दिसंबर 2022 को आरोपित महिला को रांची लेकर आया और अगले दिन 21 दिसंबर को एक होटल में उसके साथ संबंध बनाए। इसके बाद उसने संबंध समाप्त कर लिया और 2 अप्रैल 2023 को मोबाइल फोन बंद कर दिया। महिला ने आरोपित के पिता से संपर्क किया, जिसके बाद आरोप है कि आरोपित और उसके परिवार ने शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज कराई गई। सुनवाई के दौरान आरोपित की ओर से कहा गया कि दोनों के बीच सात वर्ष से अधिक समय तक संबंध रहा और महिला बालिग थी, इसलिए संबंध सहमति से बने थे। राज्य सरकार ने याचिका का विरोध किया। अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई विशिष्ट आरोप नहीं है कि आरोपित ने शुरुआत से ही महिला से शादी करने का इरादा नहीं रखा था। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व फैसलों का हवाला देते हुए अदालत ने स्पष्ट किया कि शादी का वादा तभी झूठा माना जाएगा, जब वादा करते समय ही उसे पूरा करने की नीयत न हो और उसी झूठे वादे के आधार पर महिला को संबंध के लिए तैयार किया गया हो। बाद में शादी से इनकार करना अपने आप में झूठा वादा नहीं माना जा सकता।

## एक नजर

### लोकायन नदी का जलस्तर में लगातार वृद्धि

**हिलसा।** हिलसा प्रखंड से गुजरने वाली लोकायन नदी में बुधवार की सुबह से जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। वही शाम में पानी कमने की की संभावना जताई जा रही है। लेकिन शाम तक लोकायन नदी के जलस्तर में दो फीट और वृद्धि हो गई। बुधवार की शाम पचासपर गांव के पास नदी के तटबंध में पानी का रिसाव की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। रिसाव की सूचना पर मुखिया मुकेश पासवान के नेतृत्व प्रशासन के द्वारा सैंड बोरी में भर रखा बालू डेकर मरम्मति कार्य किया जा रहा है। लेकिन खतरे के निशान से पानी अभी नीचे है। रात में जलस्तर और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। अगर जलस्तर बढ़ा तो तटबंध में कई जगह कटाव हो सकता है।एकंगरसराय के राडील गांव छिलका के समीप पानी का बहाव और तेज हो गया है। लेकिन वहां से पानी को कंट्रोल कर के प्रयाप्त अनुसार पानी को छोड़ा जा रहा है। नदी में पानी की घटने- बढ़ते देखते हुए स्थानीय किसान व प्रशासन दोनों लोकायन नदियों के तटबंधों पर नजर बनाए हुए हैं। सीओ कुमारी रूपम शर्मा ने बताया की नदी में पानी का उतार- चढ़ाव हो रहा है। लेकिन खतरे के निशान से पानी अभी नीचे है। जलस्तर को और वृद्धि होने की संभावना को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। निपटने की साधन उपलब्ध है। तीव्र गति से तटबंध की रिसाव की जगह मरम्मत किया जा रहा है।

### वज्रपात की चपेट में आने से किसान की मौत

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के जोरारपुर गांव में गुरुवार को बारिश के दौरान हुए वज्रपात की चपेट में आने से एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान जोरारपुर निवासी वासो महतो के 50 वर्षीय पुत्र आनन्दी प्रसाद के रूप में हुई है।बताया जाता है कि आनन्दी प्रसाद अपना खेत देखने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए वह रास्ते में एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान अचानक पेड़ पर जोरदार वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में आनन्दी प्रसाद भी आ गए। घटना इतनी भयावह थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई।वज्रपात की घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है।

### गंगा के जलस्तर को लेकर आपदा प्रबंधन विभाग का अलर्ट

**बिहारशरीफ।** गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को लेकर आपदा प्रबंधन विभाग ने राज्य के कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। जल संसाधन विभाग से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार पटना जिले के गांधी घाट पर गुरुवार रात तथा हाथीदह (मोकामा) में 4 सितंबर की दोपहर गंगा का जलस्तर उच्चतम बाढ़ स्तर को पार करने की संभावना है। संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए भोजपुर, पटना, सारण, वैशाली, नालंदा, बेगूसराय, लखीसराय और जहानाबाद जिलों के नदी किनारे एवं निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई है।आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों से नदी, घाट, तटबंध और निचले इलाकों में अनावश्यक रूप से नहीं जाने की सलाह दी है। बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को नदी एवं जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रखने को कहा गया है। साथ ही प्रशासन द्वारा चिन्हित सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों की जानकारी रखने तथा जरूरत पड़ने पर तत्काल सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की गई है।विभाग ने नदी में स्नान, तैराकी, अनावश्यक नाव यात्रा और सेल्फी जैसी जोखिमपूर्ण गतिविधियों से बचने को कहा है। लोगों को जरूरी दस्तावेज, दवाइयां, मोबाइल, टॉर्च, पेयजल और अन्य आवश्यक सामान तैयार रखने की सलाह दी गई है। अफवाहों से बचते हुए केवल प्रशासन की आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने को कहा गया है।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर रांची में बदलेगी ट्रैफिक व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव-2026 को लेकर राजधानी रांची में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। पर्व को देखते हुए कई रूटों पर वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। इस संबंध में रांची ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने आदेश जारी किए है।

**दही हांडी को लेकर विशेष बदलाव**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दौरान होने वाले दही हांडी प्रतियोगिता और भगवान कृष्ण के जन्म के बाद मंदिरों में उमड़ने वाली भक्तों की भीड़ को देखते हुए रांची में ट्रैफिक डाइवर्ट किया गया है। आदेश के मुताबिक रांची के अखाड़ा चौक, महात्मा गांधी मार्ग में 4 सितंबर को झांकी और 5 सितंबर को भजन संध्या सह दही-हांडी प्रतियोगिता आयोजित होगी। कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस अधीक्षक यातायात कार्यालय ने सुगम यातायात




और भीड़ नियंत्रण के लिए दो दिनों तक कई मार्गों पर वाहनों के प्रवेश और परिचालन पर प्रतिबंध लगाया है। यातायात पुलिस की सूचना के अनुसार 4 और 5 सितंबर को सुबह छह बजे से रात 12 बजे तक भारी मालवाहक वाहनों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे वाहन रिंग रोड के रास्ते अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।

# दुर्गा पूजा से पहले रांची में प्रशासन अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** दुर्गा पूजा को लेकर राजधानी रांची में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पूजा के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। शहर के प्रमुख पूजा पंडालों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा भी शुरू कर दी गई है। साथ ही साथ पूजा समितियों को सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है। राजधानी में दुर्गा पूजा की तैयारी जोर शोर से शुरू कर दी गई है। गुरुवार को रांची एसडीएम,



एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, सिटी एसपी, एएसपी कोतवाली समेत प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने जिला स्कूल, बकरी बाजार सहित शहर के कई प्रमुख पूजा पंडालों का जायजा लिया। अधिकारियों ने पंडालों में श्रद्धालुओं की आवाजाही, सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और आपात स्थिति में निकासी की व्यवस्था को देखा और परखा। निरीक्षण के दौरान पूजा समितियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकासी के रास्ते अलग-अलग और व्यवस्थित होने चाहिए।


**आद्रा मंडल के तहत पार्किंग संविदा के लिए ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा नीचे उल्लेखित संविदा के लिए ई-नीलामियां आमंत्रित की जाती हैं: **• श्रेणी : पार्किंग। नीलामी सूचीपत्र सं.:** पार्क 125। **लॉट सं./श्रेणी; नीलामी शुरू (सभी लॉट); नीलामी बंद होने की तारीख/समय** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **(i)** पार्किंग-आद्रा-एमडीएफ-टीडब्ल्यू-83-26-2 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); 15.09.2026, 12:00:00 बजे; 15.09.2026, 12:30:00 बजे; **(ii)** पार्किंग-आद्रा-सीएनआई-एमएक्स-84-26-2 (पार्किंग-मिश्रित वाहन); 15.09.2026, 12:30:00 बजे; 15.09.2026, 12:40:00 बजे। **• नीलामी सूचीपत्र सं.:** पार्क 126। **लॉट सं./श्रेणी; नीलामी शुरू (सभी लॉट); नीलामी बंद होने की तारीख/समय** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **(i)** पार्किंग-आद्रा-एसएलबी-एमएक्स-60-26-1 (पार्किंग-मिश्रित वाहन); 16.09.2026 को 12:00:00 बजे; 16.09.2026 को 12:30:00 बजे। **(ii)** पार्किंग-आद्रा-बीकेएससी-एमएक्स-82-26-1 (पार्किंग-मिश्रित वाहन); 16.09.2026 को 12:30:00 बजे; 16.09.2026 को 12:40:00 बजे। **(iii)** पार्किंग-आद्रा-बीबीएम-एमएक्स-64-25-1 (पार्किंग-मिश्रित वाहन); 16.09.2026 को 12:40:00 बजे; 16.09.2026 को 12:50:00 बजे। **(iv)** पार्किंग-आद्रा-केजेआरजी-एमएक्स-86-26-1 (पार्किंग-मिश्रित); 16.09.2026 को 12:50:00 बजे; 16.09.2026 को 13:00:00 बजे। **टिप्पणी:** प्रस्तावित बोलीदाताओं से आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। पूछताछ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से सम्पर्क करें।

(PR-713) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा


# भुगतान के बाद खुशामद करने पर आती है बिजली

**व्यवसायिक प्रतिष्ठान वाले उपभोक्ता अधिक परेशान**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की स्थिति बदतर हो गई है। हालत यह है कि प्रीपेड मीटर का अगर बैलेंस खत्म हो गया और बिजली कट गई तब रिचार्ज करने के बाद बिजली कब आएगी इसकी कोई गारंटी नहीं है। अगर आपको आवश्यकता है तो आप अधिकारियों की खुशामद करते रहिए। पैरवी और खुशामद के बाद ही बिजली बहाल होगी, अन्यथा तीन, चार, पांच घण्टे या दिनभर भी लग सकता है। पैरवी और खुशामद के बावजूद करीब एक, डेढ़ या दो घंटे में बिजली बहाल होती है। समस्या बहुत विकराल है। खासकर उनकी परेशानी कई गुना बढ़ जाती है जिनके व्यावसायिक प्रतिष्ठान में प्रीपेड मीटर लगा हुआ है। अगर बैलेंस खत्म हो गया और विद्युत आपूर्ति कट हो गई, तो भुगतान के बाद आप अधिकारियों के पास पैरवी करते रहिए। कंज्यूमर नंबर, मीटर का फोटो देते रहिए, बताते रहिए तब एक डेढ़ घंटे में बिजली बहाल होगी। अन्यथा बिजली कब बहाल होगी इसकी कोई गारंटी नहीं है। सवाल है कि ऐसे में आम उपभोक्ता क्या करे। इस संबंध में जब कंपनी के क्लस्टर लीड अभिषेक कुमार ने कहा कि दो माह से यह समस्या है। समस्या की वजह सॉफ्टवेयर का अपडेट होना बताया जा रहा है। इन्होंने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी। अर्थात फिलहाल विद्युत उपभोक्ताओं के पास समस्या का सामना करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

# भरोसा गांव में संत रविदास के पवित्र कलश की विधिवत स्थापना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा पूर्वी मंडल के भरोसा गांव स्थित संत शिरोमणि रविदास जी महाराज के मंदिर में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संत रविदास जी महाराज के पवित्र कलश की विधिवत स्थापना की गई। मंदिर के पुजारी महेंद्र रविदास की देखरेख में वैदिक विधि-विधान एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ पवित्र कलश को मंदिर में स्थापित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री कुमार राघवेंद्र एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने संत शिरोमणि रविदास जी महाराज को नमन करते हुए उनके आदर्शों और सामाजिक योगदान को याद किया। इस अवसर पर कुमार राघवेंद्र ने कहा कि संत रविदास जी महाराज का जीवन सामाजिक समरसता, समानता, भाईचारे और मानव कल्याण का महान संदेश देता है। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव और ऊंच-नीच की भावना के विरुद्ध आवाज उठाते हुए ऐसे समाज की कल्पना की, जहां प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान और समान अधिकार प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी महाराज के विचार आज भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता को और मजबूत किया जा सकता है। पवित्र कलश की स्थापना केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं है, बल्कि संत रविदास जी के विचारों, आदर्शों और सामाजिक संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है। कुमार राघवेंद्र ने कहा कि संत रविदास जी ने अपने जीवन और वाणी के माध्यम से समाज को मानवता, कर्म और समानता का मार्ग दिखाया। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

# स्वर्वेद संदेश यात्रा का औरंगाबाद आगमन को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जगदेव नगर स्थित महर्षि सद्गुरु सदाफल देव आश्रम परिसर में गुरुवार को जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कन्याकुमारी से कश्मीर तक चल रही स्वर्वेद संदेश यात्रा का औरंगाबाद आगमन को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई। प्रदेश युवा अध्यक्ष सह कार्यवाहक महामंत्री बिहार संजय सिंह ने बताया कि संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज 21 सितंबर 2026 को अंबा प्रखंड के सड़सा स्थित दोमुहान, श्री भास्कर नगर परिसर में पहुंचेंगे। इस दौरान एक दिवसीय कार्यक्रम में स्वर्वेद कथा का आयोजन होगा। साथ ही भव्य भंडारा भी किया जाएगा। जिसमें जिले भर से हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। वैदिक पुरोहित आचार्य मयंक शास्त्री बताया गया कि समर्पण दीप आध्यात्म महोत्सव, विहंगम योग संत समाज का 103वां वार्षिकोत्सव



एवं 25 हजार कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ 14-15 दिसंबर 2026 को वाराणसी स्थित स्वर्वेद महामंदिर धाम में आयोजित होगा। इसी संदेश को पूरे भारत में प्रसारित करने को लेकर कार्यक्रम कराया जा रहा है। बताया कि स्वर्वेद संदेश यात्रा को काश्मीर से शुरु हुआ था। कार्यक्रम का उद्देश्य आत्म जागरण के माध्यम से राष्ट्र जागरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। इस दौरान जिला सचिव उमेश सिंह, सह सचिव अनुज प्रसाद, संयोजक विनोद वर्मा, सहसंयोजक डा. श्यामनारायण प्रसाद, सुनिल संगम, लव सिंह, योगेंद्र यादव, सीताराम वर्मा, राकेश कुमार, दिनेश यादव, लालमोहन प्रजापति, रामचंद्र पांडेय, दामोदर सिंह, राजगीर विश्वकर्मा, शंभू प्रसाद, शंकरदयाल सिंह, कुलदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी व प्रचारक मौजूद रहे।

# मई गांव में बुजुर्गों का बना आयुष्मान वय वंदना कार्ड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** आयुष्मान भारत जिला क्रियान्वयन इकाई, औरंगाबाद के सहयोग से जिले की चर्चित स्वयंसेवी संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा निःशुल्क आयुष्मान वय वंदना कार्ड शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन गुरुवार को रफीगंज प्रखंड के मई गांव स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रभारी कार्यक्रम समन्वयक रंजीत कुमार, गोरडीहा पंचायत के मुखिया विजय कुमार सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रफीगंज के विकास कुमार सिंह एवं पथ प्रदर्शक के संस्थापक सह सचिव बमेंद्र कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिविर में प्रभारी जिला कार्यक्रम समन्वयक रंजीत कुमार एवं आईटी सेल की नीतू कुमारी स्वयं उपस्थित रहीं। शिविर में लगभग 40 ग्रामीण पहुंचे, जिनमें पात्र बुजुर्गों का सत्यापन कर 18 बुजुर्गों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया गया।


**पूर्व मध्य रेल**

**विद्युत (परिचालन) विभाग, धनबाद से सम्बंधित कार्य हेतु, खुले ई–निविदा के लिए निविदा सूचना के प्रति**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:

**ई–निविदा संख्या–GEM/2026/B/7984335, dated 01/09/2026**

**क्रम सं. 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि:** धनबाद मंडल अंतर्गत सिंगरौली और शक्तिनगर रनिंग रूम में सम्पूर्ण प्रबंधन के साथ क्रू के लिए भोजन बनाना, केयर टेकिंग, साफ–सफाई और बागवानी, न्यूज पेपर और मैगजीन की आपूर्ति, कपड़ों की धुलाई एवं रहने वाले क्रू को रियायती भोजन उपलब्ध कराना शामिल है की 02 वर्षों के लिए आउटसोर्सिंग।, **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि** : रू. 2,39,00,893.00, **3. अग्रधन राशि:** : रू. 2,69,600.00, **4. ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय:** ई–निविदा का बंद होना:22.09.2026 को 18:00 बजे, ई–निविदा का खुलना: 22.09.2026 को 18:30 बजे के बाद, **5. वेबसाइट का विवरण:** वेबसाइट: **http://gem.gov.in**, विशेष: ई–निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नही किये जाएंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विधुत/परि०)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/0859/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/26–27/40



**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: ओ–एसी–टी–126 से 129–26–27 (खुली), दिनांक 02.09.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस संख्या** : ओ–एसी–टी–126–26–27, **कार्य का नाम:** आसनसोल में सुनायरा बिल्डिंग सहित ऑफिसर्स रेस्ट हाउस कैंपस की मरम्मत एवं नवीनीकरण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 94,62,062.12, **बयाना राशि :** रु. 1,89,300/–, **क्रम सं. 2, केस संख्या** : ओ–एसी–टी–127–26–27, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल में तापसी–बाराबानी कॉर्ड के खंड में लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 05 एवं लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 10 के स्थान पर सीमित ऊँचाई के सबवे के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 11,42,49,763.17, **बयाना राशि :** रु. 22,85,000/–, **क्रम सं. 3, केस संख्या** : ओ–एसी–टी–128–26–27, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल में अण्डाल–सांईथिया, देवघर–दुमका, मोहनपुर–हंसडीहा खंड में 10000 से अधिक टीवीयू वाले लेवल क्रॉसिंग गेटों के इंटरलॉकिंग के लिए गेट बिल्डिंग, रिले हट के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 3,73,26,336.47, **बयाना राशि :** रु. 7,46,500/–, **क्रम सं. 4, केस संख्या** : ओ–एसी–टी–129–26–27, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल में अण्डाल–बाराबानी और मधुपुर–गिरिडीह खंड में 10000 से अधिक टीवीयू वाले लेवल क्रॉसिंग गेटों के इंटरलॉकिंग के लिए गेट बिल्डिंग, रिले हट के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 3,22,06,318.78, **बयाना राशि :** रु. 6,44,100/–, **कार्य की समापन अवधि:** 09 माह (क्रम सं. 1, 3 एवं 4 प्रत्येक हेतु) और 12 माह (क्रम सं. 2 हेतु)। **बंद होने की तिथि और समय:** 25.09.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-242/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **कैटलॉग सं. एएसएन–एमएसएस–15–09, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय: दिनांक 15.09.2026 को 12.00 बजे। क्रम सं., लॉट सं., विवरण** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एमएसएस–एएसएन–जीआरडी–एसएलपॉड–165–26–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टेशन पर स्लीपिंग पॉड), गिरिडीह (जीआरडी) रेलवे स्टेशन में स्लीपिंग पॉड का 05 वर्ष की अवधि के लिए विकास, परिचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध। **एए/2, एमएसएस–एएसएन–डीजीआर–एसएलपॉड–163–26–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टेशन पर स्लीपिंग पॉड), दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में स्लीपिंग पॉड का 05 वर्ष की अवधि के लिए विकास, परिचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध। **एबी/1, एमएसएस–एएसएन–बीएसकेएच–डीआईजीआईएल–123–25–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टेशन में डिजिटल लॉकर), बासुकीनाथ रेलवे स्टेशन में 03 वर्ष की अवधि के लिए डिजिटल लॉकरों की स्थापना एवं परिचालन के लिए अनुबंध। **एबी/2, एमएसएस–एएसएन–एएसएन–डीआईजीआईएल–114–25–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टेशन में डिजिटल लॉकर), आसनसोल रेलवे स्टेशन में 03 वर्ष की अवधि के लिए डिजिटल लॉकरों की स्थापना एवं परिचालन के लिए अनुबंध। **एबी/3, एमएसएस–एएसएन–बीडीएमई–डीआईजीआईएल–140–26–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टेशन में डिजिटल लॉकर), बैद्यनाथ धाम रेलवे स्टेशन में 03 वर्ष की अवधि के लिए डिजिटल लॉकरों की स्थापना एवं परिचालन के लिए अनुबंध। **एसी/1, एमएसएस–एएसएन–डीजीएचआर–एमएसीएचआर–31–25–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–रिलैक्सेशन चेयर), देवघर स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 01 पर 03 वर्ष की अवधि के लिए रिलैक्सेशन चेयर की स्थापना एवं परिचालन के लिए अनुबंध। **एसी/2, एमएसएस–एएसएन–डीजीआर–एमएसीएचआर–30–25–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–रिलैक्सेशन चेयर), दुर्गापुर में दक्षिण भाग के बुकिंग ऑफिस के पास पर 03 वर्ष की अवधि के लिए रिलैक्सेशन चेयर की स्थापना एवं परिचालन। **एडी/1, एमएसएस–एएसएन–डीयूएमके–एमईडीएसटीएन–158–26–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टेशन में चिकित्सा सुविधाएं), दुमका स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए मेडिकल स्टोर की स्थापना एवं परिचालन। **एई/1, एमएसएस–एएसएन–डीयूएमके–एसएस–115–25–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–सलोन सेवाएँ), दुमका स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए सलोन सेवाओं की स्थापना एवं परिचालन। **एई/2, एमएसएस–एएसएन–डीजीआर–एसएस–32–25–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–सलोन सेवाएँ), दुर्गापुर स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 03 वर्षों के लिए सलोन सेवाओं की स्थापना एवं परिचालन। **एएफ/1, एमएसएस–एएसएन–डीजीआर–मोबस्टोर–50–25–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–मोबाइल और एक्सेसरीज कियोस्क), दुर्गापुर स्टेशन में 03 वर्ष की अवधि के लिए मोबाइल और एक्सेसरीज कियोस्क की स्थापना, रखरखाव एवं परिचालन। **एजी/1, एमएसएस–एएसएन–बीएसकेएच–पीएसकेएसके–175–26–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–पूजा सामग्री कियोस्क), बासुकीनाथ स्टेशन में 03 वर्ष की अवधि के लिए पूजा सामग्री कियोस्क की स्थापना एवं परिचालन। **एएच/1, एमएसएस–एएसएन–जेएसएमई–एसटीजीईएन–150–26–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), जसीडीह, बैद्यनाथ धाम और देवघर स्टेशनों पर ऐप आधारित कैब/बाइक बुकिंग कियोस्क की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव, स्टेशन का क्षेत्रफल; 36 वर्ग फीट। **एएच/2, एमएसएस–एएसएन–जेएसएमई–एसटीजीईएन–169–26–1** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), जसीडीह रेलवे स्टेशन के नए सर्कुलेटिंग एरिया में 03 वर्ष की अवधि के लिए रिटेल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **एएच/3, एमएसएस–एएसएन–डीजीआर–एसटीजीईएन–137–26–2** (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में 03 वर्ष की अवधि के लिए रिटेल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को सूची के अनुसार उक्त ई–नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-241/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# करमा मेला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सजेगा भक्ति का रंग, दुगोला कार्यक्रम की तैयारी पूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** प्रखंड के करमा मेला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शुक्रवार, 4 सितंबर 2026 को भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हस्तलिखित सूचना के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत रात्रि 9 बजे से होगी। इस दौरान व्यास किरण बेदर्दी एवं व्यास विनोद हलचल के बीच भव्य दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जन्माष्टमी के अवसर पर करमा मेला में श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं राजद प्रखंड अध्यक्ष विक्की सिंह यादव ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने तथा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव में सहभागी बनने की अपील की है।कार्यक्रम में अध्यक्ष विक्की सिंह यादव, उपाध्यक्ष डॉ डब्लू कुमार



कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, सचिव प्रो. राजेंद्र प्रसाद, उप सचिव गुड्डू बाबू कुमार, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार, उप कोषाध्यक्ष इंदलेश कुमार, भोजन प्रभारी राजकुमार यादव, राजेश्वर यादव, किशोर कुमार, नागेश्वर यादव, सदस्य दीपक कुमार, रामबिलास यादव, आशीष यादव, विनोद यादव, हरिलाल यादव, संचालक साधु यादव, संजय श्याम समेत अन्य लोग सक्रिय रूप से जुटे हैं।

# नदियों का दिखा रौद्र रूप, लोग भयाक्रांत





**नबिटा टीम**

**पटना/सासाराम/मुंगेर।** जिले के पुनपुन प्रखंड में नदियों के बढ़ते जलस्तर के बीच विकास कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। दरधा नदी के तेज बहाव में पटना-गया स्टेट हाईवे-1 से चंडासी और बाकरचक गांव को जोड़ने वाली करीब छह महीने पहले बनी नई सड़क का बड़ा हिस्सा बह गया। सड़क क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों के सामने आवागमन का संकट खड़ा हो गया है।

फतुहा में पुनपुन, महतमाइन और धोबा नदियों के जलस्तर में अचानक वृद्धि होने के बाद निचले हिस्से में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। नदियों का पानी निचले इलाकों के कई गांवों में प्रवेश कर गया है। इससे सैकड़ों एकड़ में लगी धान की फसल डूब गयी और किसानों की चिंता बढ़ गयी है।

फतुहा में गंगा नदी के उफान पर रहने के कारण शहरी क्षेत्र के कई मोहल्लों की सड़कों तक पानी पहुंच गया है। डुमरी और मौजीपुर, अलावलपुर, रूकुनपुर पंचायत के कई गांव भी जलमग्न हो गए हैं।

फतुहा में में सबसे खराब स्थिति दौलतपुर गांव की बतायी जा रही है। जहां गांव के समीप सड़क पर करीब छाती भर पानी बह रहा है। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर इसी पानी से होकर आवागमन करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल नाव उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि आपात स्थिति में लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। पुनपुन और गंगा नदी के किनारे बसे गोविंदपुर, गढ़ोंचक, सैदपुर, बांकीपुर समेत कई मोहल्लों की गलियों में भी पानी जमा हो गया है।

पटना में कई जगह गंगा नदी का पानी सड़क पर दिख रहा है। गंगा, सोन और पुनपुन नदियां खतरे के निशान के पार हैं। यही कारण है कि बख्तियारपुर में गंगा हाइवे को छू रही है। पटना शहर में सौंदयीकरण के लिए बनाए घाटों पर पानी भर चुका है।

नदी के तट पर लोगों को जाने से रोका जा रहा है। दीघा घाट से लेकर एनआईटी घाट तक कई जगह सड़क के किनारे पानी दिख रहा है। पटना सिटी में कई घाटों को पार कर पानी आसपास के निचले इलाकों में घुसा हुआ है। जिनके नाले गंगा की ओर खुलते हैं, उनके पास उधर से ही अब पानी आ रहा है।

**सासाराम से संवाददाता के अनुसार** रोहतास जिले में बीते तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश और सोन नदी के ऊपरी कैचमेंट क्षेत्रों से आ रहे भारी पानी की आवक ने रोहतास प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिए हैं।

बीते बुधवार को लगभग 30 से अधिक घरों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया, जिसके कारण लोग अपने घरों में पूरी रात कैद रहे। गुरुवार को नाव के सहारे सभी लोगों का रेस्क्यू किया गया, जबकि कई लोग अब भी अपने घरों में हैं और नाव के सहारे खाने-पीने एवं अन्य जरूरी वस्तुएं ढोकर पानी उतरने का इंतजार कर रहे हैं।

**मुंगेर से संवाददाता के अनुसार** टेटिया बंबर प्रखंड मुख्यालय जाने वाली मुख्य सड़क पर बरसंडा गांव के समीप महाने नदी में निर्माणाधीन पुल के पास बनाया गया डायवर्सन बुधवार देर रात तेज पानी के बहाव में पूरी तरह बह गया।

डायवर्सन के टूट जाने से प्रखंड मुख्यालय, थाना, अस्पताल और बाजार जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। इससे आम लोगों के साथ स्कूली शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं, मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण महाने नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा था। बुधवार देर रात नदी में अचानक पानी का तेज बहाव आया, जिससे निर्माणाधीन पुल के समीप बनाया गया डायवर्सन पानी का दबाव नहीं झेल सका और पूरी तरह बह गया। डायवर्सन के बह जाने के बाद सड़क के दोनों ओर से वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है।

## एके 47 की तस्करी के आरोपित की संपत्ति होगी कुर्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** एके-47 राइफल बरामदगी मामले में एनआइए के हत्थे चढ़े शातिर भैरव त्रिपाठी उर्फ मास्टर की संपत्ति जब्त की जाएगी।

इसके लिए विशेष टीम उसकी संपत्तियों का ब्योरा जुटाने में लगी है। टीम ने अंचल और निबंधन कार्यालय से संपर्क साधकर जांच शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार अपराध से अर्जित भैरव की संपत्ति का आकलन किया जा रहा है। पूरी रिपोर्ट तैयार होने के बाद भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 107 के तहत संपत्ति जब्ती की प्रक्रिया पूरी होगी। मामले की शुरुआती रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को भेज दी गई है।

हथियार तस्करी से जुड़े भैरव के अन्य साथियों की गतिविधियों और संपत्तियों की भी गहन छानबीन चल रही है। विशेष टीम ने कुछ समय पहले भैरव को ब्रह्मपुरा इलाके से गिरफ्तार किया था। एनआइए का आरोप है कि उसने नगालैंड से प्रतिबंधित हथियार बिहार लाने की गंभीर साजिश रची थी।

एनआइए ने इस पूरे नेटवर्क को देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील मामला माना है। 7 मई 2024 को फकुली थाना पुलिस ने मुर्गीटिया पुल के पास से लेंस और जिंदा कारतूस के साथ एक एके-47 राइफल बरामद की थी। उस समय मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

मामले की जांच आगे बढ़ाते हुए एनआइए की ओर से अब तक तीन सप्लीमेंट्री चाजशीट दाखिल की जा चुकी हैं। पहली चाजशीट विकास कुमार, सत्यम कुमार, देवमणि राय और अहमद अंसारी के खिलाफ पेश हुई थी। इसके बाद मंजूर खान और फिर कुंदन कुमार उर्फ कुंदन भगत के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया। एनआइए और एसटीएफ की संयुक्त टीम सिंडिकेट के अन्य सदस्यों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। भैरव पर एनआइए दिल्ली और बिहार के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट के करीब आठ मामले दर्ज हैं।

## कार सवार को बाइक सवार युवकों ने गोलियों से भूना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड के पलामू जिले में बाइक सवार हमलावरों ने 32 वषीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना पलामू टाउन इलाके में हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हमलावरों की पहचान के साथ हत्या की वजह का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, मृतक ने सड़क किनारे अपनी कार रोकी थी और किसी से फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान बाइक पर सवार हमलावर वहां पहुंचे और उस पर गोली चला दी। मृतक की पहचान शिवशक्ति नगर निवासी ओम प्रकाश सिंह के रूप में हुई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, ओम प्रकाश सिंह हमलावरों से बचने के लिए अपनी कार का दरवाजा खोलकर निकलने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान हमलावरों ने उन पर दो राउंड फायरिंग की।

गोली लगने के बाद स्थानीय लोगों ने ओम प्रकाश सिंह को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही मामले की जांच शुरू कर दी गई।

हुसैनाबाद थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस हमलावरों की पहचान करने के साथ-साथ हत्या के पीछे की वजह का भी पता लगाने में जुटी है।

थाना प्रभारी ने कहा कि हमलावरों की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस आसपास के इलाकों में जानकारी जुटा रही है और मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है।

## थानाध्यक्ष सहित तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** जिले के हरलोचनपुर थाना क्षेत्र में कर्तव्य के प्रति लापरवाही और अनुसंधान में गंभीर प्रक्रियात्मक गलतियां पाए जाने के बाद पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने हरलोचनपुर थानाध्यक्ष समेत तीन पुलिस पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। तीनों अधिकारियों को पुलिस केंद्र, हाजीपुर लाइन हाजिर कर दिया गया है। यह कार्रवाई हरलोचनपुर थाना कांड संख्या 23/26 के अनुसंधान में सामने आई गंभीर खामियों के बाद की गई है। मामले की जांच महुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने की थी। जांच के दौरान अनुसंधान कर्ताओं की ओर से केस डायरी लिखने और मामले की विवेचना में कई गंभीर प्रक्रियात्मक त्रुटियां सामने आईं। जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई करते हुए हरलोचनपुर थानाध्यक्ष राकेश कुमार यादव, अनुसंधानकर्ता इंद्रजीत कुमार और अनुसंधानकर्ता सुमन झा को निलंबित कर दिया। निलंबन के बाद तीनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से पुलिस केंद्र, हाजीपुर लाइन हाजिर संबद्ध किया गया है। वहीं, थाने की प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू रखने के लिए एसआई सुबोध कुमार को हरलोचनपुर थाने का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। यह पूरा मामला अफजलपुर पुरैना गांव के रहने वाले यू-ट्यूबर कुंदन कुमार की गिरफ्तारी से जुड़ा है। पुलिस ने दावा किया था कि कुंदन कुमार को एक लोडेड देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया और उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। हालांकि, ग्रामीणों और कुंदन के परिजनों ने पुलिस के इस दावे को खारिज कर दिया था। उनका आरोप था कि यह गिरफ्तारी फर्जी और प्रायोजित कार्रवाई के तहत की गई है। इसको लेकर गांव में जमकर हंगामा भी हुआ था।

## जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** जिले के अतिथि गृह में गुरुवार को जनता दल यूनाइटेड, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की संगठनात्मक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रकोष्ठ के निवतर्मान जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार राय एवं मंच संचालन निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष अति पिछड़ा प्रकोष्ठ सीताराम मंडल ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह खगड़िया सदर के विधायक बबलू मंडल शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए श्री मंडल ने कहा कि पाटी के सवर्मान्य नेता ,विकास पुरुष पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार में काफी विकास हुआ है। उन्होंने अति पिछड़े समाज को मुख्य धारा में लाने के लिए हर संभव प्रयास किए। उनके कार्यकाल में अति पिछड़ा समाज आर्थिक सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से काफी सशक्त हुआ। श्री मंडल ने कहा कि पाटी के सवर्मान्य नेता नीतीश कुमार के मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के युवा नेतृत्व में संगठन को और मजबूती के साथ आगे बढ़ाते हुए सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही हमारी सवोच्च प्राथमिकता है। संगठन बूथ स्तर तक कैसे मजबूत हो, इस पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा, पूर्व मंत्री मंजर आलम, जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम उर्फ पप्पू अजीम ने भी बैठक को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष बल दिया। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा, पूर्व मंत्री मंजर आलम, जिला परिषद अध्यक्ष उर्फ पप्पू अजीम , निवतर्मान प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम मंडल , उमेश चंद्र राय, महेंद्र सिंह चौहान, सुनील राय, नौशाद आलम, रमेश सिंह , सत्यनारायण यादव, सुनील चंद्रवंशी, ओम प्रकाश राय, इमरान अजीम, डॉक्टर ऋषभ राज, आदिल मुख्तार, उपेंद्र मंडल, रमेश सिंह, डॉ एम आलम, घनश्याम मंडल, शाद आलम, उमेश पासवान, संतोष झा ,मुन्ना सिंह, उमेश मंडल, नीलोत्पल राय, नीतीश कुमार, मखमूर हयात, जावेद आलम, वकील सिंह यादव, संजय राय, गोपाल मंडल, नरेश राय, सदानंद मंडल, राजू मंडल, रणविजय कुशवाहा, मिथिलेश ऋषि, ब्रजेश राय, शाहबाज आलम, धनेश्वर गिरी, शमीम आलम, ललन मंडल, कौसर अलम, राजू राम, सरवर आलम, अकबर आलम, उमेश साह ,उपेंद्र प्रसाद राय, जियाउल्लाह ,निरंजन सिंह, अरुण कुमार मंडल, परवेज आलम, अजय पासवान उर्फ लड्डू पासवान, विनोद शर्मा के अलावे दजर्नों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## 1.20 करोड़ रुपये की शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फतुहा।** मद्य निषेध विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर फतुहा थाना क्षेत्र के डुमरी (मिस्त्री चौक) में छापेमारी कर विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद की कार्रवाई मद्य निषेध निरीक्षक नरेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने की ।जानकारी के अनुसार, टीम को सूचना मिली थी कि डुमरी में एक स्थान पर शराब की खेप उतारी जा रही है। सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। इसी दौरान एक अठारह चक्का ट्रक से विदेशी शराब की खेप पकड़ी गयी। कार्रवाई के दौरान शराब को एक गोदाम में उतारा जा रहा था। जब्त शराब की मात्रा 27,168 बोतल बतायी गयी है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 1.20 करोड़ रुपये आंकी गयी है। मौके से चालक समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में चालक अंकित कुमार के अलावा राजू कुमार, बलजीत, राजेंद्र कुमार, राम दयाल और वेदव्यास शामिल हैं। पूछताछ में चालक ने बताया कि वह शराब की खेप को कानून की नजर से बचाकर पहुंचाने और उतारने के लिए आया था। मद्य निषेध विभाग ने शराब और स्कॉर्पियो को जब्त कर सभी आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, शराब की इस खेप के स्रोत और इसके पीछे जुड़े अन्य लोगों का पता लगाने के लिए गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

## लायंस क्लब की बैठक आयोजित



**बाघमारा।** गुरुवार को लायंस क्लब बाघमारा सेंटेनियल का बोर्ड मीटिंग क्लब अध्यक्ष लायन दीपक प्रसाद की अध्यक्षता में उनके बाघमारा स्थित आवास में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व बैठक की समीक्षा के साथ मुख्य रूप से आगामी क्रियाकलापों पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान क्लब के अभिभावक एमजेएफ लायन मदन मोहन द्वारा क्लब के अध्यक्ष लायन दीपक प्रसाद को उनके टीम के साथ पांच सर्विस जैकेट दिया गया ताकि क्लब की सक्रियता और एक्टिविटी और अधिक हो सके। बैठक में मुख्य रूप से निर्णय लिया गया कि 5 सितंबर को क्लब द्वारा शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा साथ ही आगामी 19 सितंबर को करमा अखरा समिति द्वारा आयोजित करमा महोत्सव में बढ़ चढ़कर क्लब के द्वारा सहयोग किया जाएगा।

## दरिंदगी कर वीडियो वायरल करने का दो शिक्षकों पर आरोप

**बक्सर।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अरियांव पंचायत स्थित नथुनी अहीर के डेरा मध्य विद्यालय के दो शिक्षकों पर लगे गंभीर आरोपों ने शिक्षा व्यवस्था और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पूरे इलाके में सवाल खड़े कर दिए हैं। कथित तौर पर विद्यालय की एक पूर्व छात्रा के साथ कथित तौर पर अश्लील हरकत करने और घटना का वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर है। गुरुवार की देर रात तक बड़ी संख्या में ग्रामीण कृष्णाब्रह्म थाना पहुंचे और आरोपित शिक्षकों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। हालांकि, इस मामले में अब तक कोई प्राथमिकी नहीं हुई है।

मामले में विद्यालय के शिक्षक अरविंद कुमार पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने एक नाबालिग छात्रा को होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा घटना का वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया। हालांकि, इन आरोपों की अंतिम पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी ।वहीं, विद्यालय के दूसरे शिक्षक वीरेंद्र प्रसाद पर भी आपत्तिजनक वीडियो बनाने और उसे वायरल करने का आरोप लगाया गया है। शिकायत में ऑडियो के जरिये धमकी देने की बात का भी उल्लेख है। ग्रामीणों की ओर से शिक्षा विभाग को दिए गए आवेदन में दोनों शिक्षकों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में छात्राओं के साथ छेड़खानी, आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने तथा ऑडियो के माध्यम से धमकी देने जैसी बातें कही गई थीं।

## बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 पर चर्चा

### संकुल ने किया 13 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** मशरक में वसुधा जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक आमसभा में संकुल संघ की वर्षभर की गतिविधियों, उपलब्धियों और वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। आमसभा में आगामी वित्तीय वर्ष की कायर्योजना पर चर्चा कर आजीविका गतिविधियों के विस्तार और महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर सहमति बनी।

संकुल संघ की अध्यक्ष बेबी देवी ने आमसभा में ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि वसुधा जीविका संकुल संघ से 909 स्वयं सहायता समूह जुड़े हैं, जिनमें करीब 11,517 जीविका दीदियां सक्रिय हैं। महिलाओं की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संकुल संघ की ओर से विभिन्न आजीविका गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इनमें आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए पोशाक की सिलाई तथा तिरंगा झंडे का निर्माण प्रमुख है। इन गतिविधियों से वित्तीय वर्ष 2025-26 में संकुल संघ ने करीब 13 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया।

आमसभा को संबोधित करते हुए प्रखंड परियोजना प्रबंधक संजीव कुमार ने जीविका दीदियों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक मजबूती का महत्वपूर्ण आधार हैं। प्रबंधक आईबीसीबी मुकेश कुमार ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की मजबूती उनके मूलभूत नियमों के प्रभावी अनुपालन पर निर्भर करती है। नियमित बैठक, बचत, समय पर ऋण की वापसी, आपसी सहयोग और वित्तीय पारदर्शिता समूह की सफलता के लिए जरूरी हैं।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडर और बेहतर कार्य करने वाली जीविका दीदियों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन सामुदायिक समन्वयक पूजा कुमारी ने किया, जबकि आयोजन की देखरेख क्षेत्रीय समन्वयक पुलस कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में जिला स्तर से प्रबंधक स्वास्थ्य विशाल कुमार, प्रबंधक संचार दीपक कुमार, प्रबंधक पशुधन मनोहर कुमार, प्रशिक्षण अधिकारी माया यादव एवं प्रभाकर कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और केनरा बैंक के प्रबंधक, प्रखंड कार्यालय के कमी, जीविका के विभिन्न कैडर तथा बड़ी संख्या में जीविका दीदियों ने भाग लिया। आमसभा में महिलाओं ने संकुल संघ की उपलब्धियों और आजीविका गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इसकी जानकारी जीविका, सारण कार्यालय से दीपक कुमार ने दी।

## कोर्ट के आदेश पर हटाया गया अतिक्रमण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के लक्ष्मीनिया गांव में न्यायालय के आदेश के बाद प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अंचल अधिकारी अमरपाली यादव के नेतृत्व में पहुंची प्रशासनिक टीम ने संबंधित स्थल का निरीक्षण किया। बताया जाता है कि जमीन से संबंधित मामले में न्यायालय के आदेश के बाद अंचल प्रशासन को अतिक्रमण हटाने का निर्देश मिला था। आदेश के अनुपालन में अंचल अधिकारी की मौजूदगी में प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की गई। इस दौरान अतिक्रमित स्थल से अवैध कब्जा हटाकर जमीन को खाली कराया गया। कार्रवाई के दौरान प्रशासन की टीम ने मौके पर स्थिति का जायजा लिया और न्यायालय के आदेश के अनुसार आवश्यक प्रक्रिया पूरी की। अतिक्रमण हटाए जाने के बाद संबंधित जमीन को अतिक्रमणमुक्त कर दिया गया। अंचल अधिकारी ने बताया कि न्यायालय के आदेश का हर हाल में पालन कराया जाएगा। सरकारी अथवा निजी भूमि पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

## शहर के कई वार्डों में घुसा बाढ़ का पानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** गंगा और गंडक के लगातार बढ़ते जलस्तर से हाजीपुर नगर परिषद क्षेत्र के निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति विकराल हो गई है। खेत-खलिहान के साथ लोगों के घरों में भी पानी प्रवेश करने लगा है। सड़कों पर पानी चढ़ने से आवागमन में लोगों को परेशानी हो रही है।

कई वार्डों में बाढ़ का पानी फैल गया है। वार्ड संख्या 16, 17 और 43 सबसे अधिक प्रभावित हैं, जबकि 35, 37, 38, 44 और 45 में भी आंशिक रूप से पानी पहुंचा है।

गुरुवार को नगर परिषद हाजीपुर की सभापति डॉ. संगीता कुमारी ने बाढ़ प्रभावित वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभापति ने बाढ़ प्रभावित लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं और नगर परिषद के अधिकारियों व कमर्चारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभापति ने बताया कि वार्ड संख्या 16, 17, 35, 37, 38, 43, 44 और 45 में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया गया है। वार्ड संख्या 43 के बाढ़ प्रभावित लोग हाईवे किनारे शरण लिए हुए हैं। उनके लिए भोजन, टेंट और शामियाने के साथ मवेशियों के चारे की व्यवस्था की जा रही है।

इस संबंध में अंचलाधिकारी से लगातार समन्वय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शाम से प्रभावित लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था शुरू कर दी जाएगी और सामुदायिक रसोई भी संचालित की जाएगी।

बताया गया कि रामचौरा मंदिर परिसर में भी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान और जरूरी सुविधाएं मिल सकें। अतिरिक्त नाव की व्यवस्था भी की जा रही है। सभापति ने लोगों से घबराने के बजाय सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने बाढ़ के पानी में जाने से बचने, बच्चों को पानी से दूर रखने तथा स्वयं, बच्चों और मवेशियों को सुरक्षित व सूखे स्थान पर रखने को कहा।

## 14 पुलिसकर्मी हुए सस्पेंड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने बुधवार को पुलिस केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान छुट्टी से निर्धारित समय पर वापस लौटकर ड्यूटी पर योगदान नहीं देने के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई। एसएसपी ने दो पुलिस अवर निरीक्षक और 12 सिपाही समेत कुल 14 पुलिसकमियों को सस्पेंड कर दिया। जांच के दौरान सामने आया कि संबंधित पुलिसकमियों ने अवकाश समाप्त होने के बाद निर्धारित समय पर ड्यूटी पर योगदान नहीं दिया। इसे कर्तव्य के प्रति लापरवाही मानते हुए एसएसपी ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों और कमियों को ड्यूटी के प्रति अनुशासित एवं सजग रहने का निर्देश दिया। एसएसपी ने स्पष्ट हिदायत दी कि सभी पुलिसकमी निर्धारित समय पर अपनी ड्यूटी करें। अवकाश समाप्त होने के बाद बिना देरी किए संबंधित स्थान पर योगदान देना होगा। ऐसा नहीं करने वाले पुलिस पदाधिकारी और कमियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## अनियंत्रित डंपर ने पिता-पुत्र को रौंदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र में आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर कसाप गांव के समीप बुधवार दोपहर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार पिता-पुत्र समेत तीन लोगों को रौंद दिया। हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों मृतकों ने पटना ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। घायल युवक का इलाज पटना में चल रहा है।

मृतकों की पहचान इमादपुर थाना क्षेत्र के विशनपुरा गांव निवासी 56 वषीय अशोक कुमार सिंह और उनके 32 वषीय पुत्र मुनमुन सिंह के रूप में हुई है।

घायल युवक उसी गांव के संतोष सिंह का 21 वषीय पुत्र छोटू कुमार है। स्वजन के अनुसार, एक दिन पहले मारपीट के मामले में अशोक कुमार सिंह के पुत्र मुन्ना सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

बुधवार को अशोक कुमार सिंह अपने पुत्र मुनमुन सिंह और रिश्ते में भतीजे लगने वाले छोटू कुमार के साथ बाइक से आरा जेल पहुंचे थे। वहां बंद बेटे मुन्ना सिंह से मुलाकात करने के बाद तीनों बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान कसाप गांव के पास अनियंत्रित डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें उदवंतनगर पीएचसी पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां चिकित्सकों ने तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया।

स्वजन तीनों घायलों को इलाज के लिए पटना ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अशोक कुमार सिंह और उनके पुत्र मुनमुन सिंह की मौत हो गई।

## मासूम की हत्या से लोगों में उबाल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** नगर थाना क्षेत्र में सात वषीय मासूम बच्ची की हत्या की दिल दहला देने वाली वारदात के बाद स्थानीय स्तर पर गहरा आक्रोश व्याप्त है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बिहार सरकार की खेल एवं उद्योग मंत्री सह स्थानीय विधायक श्रेयसी सिंह ने गुरुवार को पीड़ित परिवार के आवास पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए ढांढ़स बंधाया और आश्वस्त किया कि इस हृदयविदारक घटना के गुनहगारों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

घटनास्थल पर मौजूद परिजनों से मंत्री श्रेयसी सिंह ने पूरे मामले की बिंदुवार जानकारी ली। इस दौरान मृतका के माता-पिता व अन्य परिजन फूट-फूटकर रो पड़े और पुलिसिया कार्यप्रणाली को लेकर अपनी व्यथा साझा की। परिजनों ने आरोप लगाया कि बच्ची की नृशंस तरीके से जान ली गई है और जब तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक उन्हें चैन नहीं मिलेगा। मंत्री ने परिजनों की बातों को बेहद गंभीरता से सुना और उन्हें भरोसा दिलाया कि सरकार और प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ उनके साथ खड़ा है।

मौके पर मौजूद नगर थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार को मंत्री श्रेयसी सिंह ने कड़े लहजे में निर्देश दिया कि मामले की तहकीकात वैज्ञानिक पद्धति से की जाए और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि अपराधियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाए तथा मामले में स्पीडी ट्रायल चलाकर कठोर सजा दिलाई जाए।

### मंत्री पहुंची पीड़ित के घर

मंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि समाज में मासूमों के साथ ऐसी दरिंदगी करने वाले दरिंदों के लिए कोई जगह नहीं है। कानून का ऐसा खौफ होना चाहिए कि कोई भी दोबारा ऐसा दुस्साहस न कर सके। इस खौफनाक वारदात के बाद से पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है और स्थानीय नागरिकों के बीच भारी रोष देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि शहर के बीचों-बीच दिनदहाड़े या रात के अंधेरे में ऐसी वारदातों का होना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और संदिग्ध तत्वों के खिलाफ सघन अभियान चलाने की मांग की है। वहीं, मंत्री के दौरे के बाद पुलिस ने संदिग्धों की धरपकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी तेज कर दी है।

# मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने किया आर्ट ऑफ लिविंग में बिहार महोत्सव का उद्घाटन

## बिहार की गौरवशाली विरासत को विश्व पटल तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग अंतरराष्ट्रीय आश्रम में बिहार महोत्सव-2026 का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, मंत्री जमा खान और श्री रविशंकर की सहभागिता में हुआ। कार्यक्रम में बिहारवासियों और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर बिहार की गौरवशाली विरासत, संस्कृति, ज्ञान परंपरा और बदलते बिहार की विकास यात्रा को विश्व पटल पर पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार केवल भौगोलिक प्रदेश नहीं, बल्कि भारत की सभ्यता, संस्कृति, ज्ञान, दर्शन और लोकतांत्रिक मूल्यों की पावन भूमि है। पाटलिपुत्र की गौरवशाली परंपरा, सम्राट अशोक का शांति संदेश, भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली, भगवान महावीर की तपोभूमि तथा आर्यभट्ट और चाणक्य जैसी विभूतियां बिहार की समृद्ध विरासत का प्रमाण हैं। नालंदा और विक्रमशिला प्राचीन विश्व के प्रमुख ज्ञान केंद्र रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैशाली की धरती को प्राचीन गणराज्य की परंपरा का गौरव प्राप्त है। मधुबनी चित्रकला, मैथिली, भोजपुरी, मगही, अंगिका और बज्जिका जैसी भाषाएं, छठ महापर्व, लोकगीत एवं लोकनृत्य बिहार की जीवंत सांस्कृतिक पहचान हैं। भिखारी ठाकुर की लोकनाट्य परंपरा और महाकवि विद्यापति की रचनाएं इस विरासत को समृद्ध करती हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार आज विकास की नई यात्रा पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य को विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि श्री रविशंकर की उपस्थिति में आयोजित यह महोत्सव देश-दुनिया में रह रहे बिहारवासियों को अपनी मिट्टी और संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। आने वाली पीढ़ी को बिहार के इतिहास, महापुरुषों, कला और संस्कृति से परिचित कराना हम सभी का दायित्व है। बिहार की प्रतिभाशाली युवा शक्ति राज्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

### अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी' की दी शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पावन पर्व 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी' की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और सौहार्दपूर्ण जीवन की मंगलकामना की है। उन्होंने कहा कि यह पावन पर्व भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव समाज में धर्म की पुनर्स्थापना, अधर्म के विनाश और प्रेम-भक्ति का संदेश देता है। उनके अमर उपदेश (गीता ज्ञान) हमें जीवन के हर मोड़ पर सही मार्ग चुनने और अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर उपवास, रात्रि जागरण, भजन-कीर्तन और दही-हांडी जैसे पारंपरिक उत्सवों का आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य थाती है। यह पर्व हमें सदैव अधर्म के विरुद्ध डटकर खड़े होने तथा सत्य, न्याय और धर्म की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित होने की प्रेरणा प्रदान करता है।

# महिलाओं को रोजगार से जोड़कर परिवार को मजबूत करना सरकार का लक्ष्य : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**शिवहर।** ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जन-संपर्क विभाग तथा जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने गुरुवार को शिवहर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास, शिक्षा और महिला सशक्तीकरण से जुड़ी योजनाओं का उद्घाटन किया तथा लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि जीविका ने ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और आर्थिक रूप से सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सरकार का उद्देश्य महिलाओं को कौशल, रोजगार और स्वरोजगार से जोड़कर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करना है। अदौरी पंचायत में श्रवण कुमार ने 'जीविका दीदी का सिलाई घर' प्रशिक्षण-सह-उत्पादन केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यहां जीविका दीदियों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए पोशाक तैयार की जाएगी, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इस अवसर पर पुरनहिया प्रखंड के 462 जीविका समूहों को बैंक ऋण संबद्धता के तहत 5 करोड़ 85 लाख 44 हजार 500 रुपये का डमी चेक प्रदान किया गया। श्रवण कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सपना बिहार को देश के पांच सर्वोच्च राज्यों में शामिल करना है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार इस दिशा में काम कर रही है। वर्ष 2030 तक एक करोड़ रोजगार सृजित करने का लक्ष्य है और सभी जीविका दीदियों को काम के साथ सम्मान मिलेगा। उन्होंने भूमिहीन लाभार्थियों रीना देवी, मिश्र साह, निशा कुमारी, सती देवी सहित 8-10 लाभार्थियों को बासगीत पर्चा प्रदान किया। रणधीर कुमार, पिता सुरेंद्र सिंह, ध्रुपलाल ठाकुर, पिता तपेश्वर ठाकुर सहित पांच लाभार्थियों को वीबी-जी राम जी जॉब कार्ड भी दिए गए। पुरनहिया प्रखंड की बसंत जगजीवन पंचायत में नवनिर्मित 'श्री किशोर प्रभात पुस्तकालय' का उद्घाटन कर उन्होंने परिसर में पौधारोपण किया। विद्यालय की छात्राओं से संवाद कर उनकी शिक्षा तथा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। प्रभारी जिला पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त संजय कुमार ने कहा कि सिलाई घर से शिवहर की जीविका दीदियों के हुनर को प्रोत्साहन मिलेगा और वे आत्मनिर्भर बनेंगी। उनके मार्गदर्शन में ऐसे और केंद्र खोले जाएंगे। शिवहर पहुंचने पर सर्किट हाउस में जिला प्रशासन की ओर से प्रभारी जिला पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने श्रवण कुमार का स्वागत किया और पुलिस बल ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

# गंगा के जलस्तर को लेकर आठ जिलों में हाई अलर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जल संसाधन विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार पटना के गांधी घाट पर गुरुवार रात और मोकामा के हाथीदह में शुक्रवार दोपहर गंगा का जलस्तर उच्चतम जलस्तर की सीमा पार कर सकता है। संभावित बाढ़ को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग ने भोजपुर, पटना, सारण, वैशाली, नालंदा, बेगूसराय, लखीसराय और जहानाबाद के नदी किनारे एवं निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से पूर्ण सतर्कता बरतने की अपील की है। विभाग ने लोगों से नदी, घाट, तटबंध और जलभराव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से नहीं जाने तथा बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को ऐसे स्थानों से दूर रखने को कहा है। सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों की जानकारी रखने तथा जरूरत पड़ने पर तत्काल वहां पहुंचने की सलाह दी गई है। नदी में स्नान, तैराकी, नाव से अनावश्यक आवागमन और सेल्फी जैसी जोखिमपूर्ण गतिविधियों से बचने, आवश्यक दस्तावेज, दवाइयां, मोबाइल, टॉर्च, पानी व जरूरी सामान सुरक्षित रखने तथा अफवाहों पर ध्यान नहीं देने को कहा गया है। केवल प्रशासन की आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें और आपात स्थिति में राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र के सहायता नंबर 1070 पर सूचना दें।

# बाढ़ निरोधक कार्य पूरी मुस्तैदी और तत्परता से पूरा करें : विजय कुमार चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने गुरुवार को सिंचाई भवन स्थित जल संसाधन विभाग के कंट्रोल कमांड सेंटर का निरीक्षण किया और वरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य के विभिन्न जिलों में बाढ़ एवं कटाव से निपटने के लिए चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पुनपुन एवं दरधा नदियों के बढ़ते जलस्तर, भागलपुर के खरीक प्रखंड स्थित काजीकोरैया-राघोपुर बांध तथा कटाव प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे निरोधक कार्यों की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। विजय कुमार चौधरी ने संवेदनशील एवं कटाव प्रभावित क्षेत्रों में युद्धस्तर पर चल रहे बाढ़ निरोधक कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी कार्य पूरी मुस्तैदी और तत्परता के साथ कराए जाएं। उन्होंने संभावित बाढ़ एवं कटाव से होने वाली क्षति को समय रहते नियंत्रित करने और प्रभावित क्षेत्रों में आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विभाग के सचिव और अभियंताओं सहित पूरी टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में चल रहे बाढ़ निरोधक कार्यों पर लगातार नजर रखें और आवश्यकता के अनुसार तत्काल कार्रवाई करें। कंट्रोल कमांड सेंटर के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों की स्थिति की नियमित निगरानी करने तथा स्थानीय स्तर से प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल संज्ञान लेने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में जल संसाधन विभाग के संबंधित वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### राजकीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षकों को टीचर्स ऑफ बिहार ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार और समर्पण की मिसाल कायम करने वाले बिहार के राजकीय शिक्षक पुरस्कार-2026 के लिए चयनित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को टीचर्स ऑफ बिहार परिवार ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी सूची में राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। टीचर्स ऑफ बिहार ने कहा कि यह सम्मान केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि विद्यालय, विद्यार्थियों और समाज के प्रति शिक्षकों की प्रतिबद्धता, मेहनत और उल्लेखनीय योगदान की पहचान है। चयनित शिक्षकों के नवाचारपूर्ण प्रयासों ने न केवल विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाया है, बल्कि राज्य के अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा देने का कार्य किया है।

# तबीयत बिगड़ने पर जीतन राम मांझी दिल्ली भेजे गए, बुधवार को ही मिली थी अस्पताल से छुट्टी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी की तबीयत फिर बिगड़ने के बाद गुरुवार को उन्हें आगे के इलाज और जांच के लिए दिल्ली भेजा गया। हाल ही में तबीयत खराब होने पर उन्हें पटना के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत में सुधार के बाद बुधवार को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी, लेकिन बुधवार देर रात उन्हें दोबारा बुखार आने की सूचना है। चिकित्सकीय सलाह के बाद आगे की जांच और उपचार के लिए उन्हें दिल्ली ले जाने का निर्णय लिया गया। यात्रा के दौरान परिवार के सदस्य उनके साथ रहे। दिल्ली में उनके कई चिकित्सकीय परीक्षण होने की संभावना है। स्वास्थ्य संबंधी परेशानी दोबारा उभरने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। परिवार और पार्टी नेता जांच रिपोर्ट तथा चिकित्सकों की आगे की सलाह का इंतजार कर रहे हैं। मांझी की तबीयत को लेकर बिहार के राजनीतिक नेताओं और समर्थकों में चिंता है। हाल के दिनों में मांझी आरक्षण और अनुसूचित जाति कोटे में उप-वर्गीकरण के मुद्दे पर राजनीतिक रूप से सक्रिय रहे हैं। इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के साथ उनके सार्वजनिक रूप से अलग-अलग विचार सामने आए हैं। चिराग पासवान मौजूदा आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा के विरोध में रहे हैं जबकि मांझी और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा का तर्क है कि उप-वर्गीकरण से आरक्षण का लाभ उन समुदायों तक पहुंचाया जा सकता है जो अपेक्षाकृत अधिक वंचित हैं।

# सहकारी बैंकों की समस्याओं को लेकर अध्यक्षों की बैठक, अधिप्राप्ति मद में 72 घंटे में भुगतान की मांग

## सहकारी बैंकों में निर्वाचन समय पर नहीं होने के लिए बोर्ड को दोषी नहीं ठहराएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष रमेश चन्द्र चौबे की अध्यक्षता में आज राज्य के सभी जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के अध्यक्षों के साथ बैठक हुई। इसमें बिहार राज्य सहकारिता नीति-2026 अधिप्राप्ति मद में आ रही कठिनाइयों, वित्तीय हानि तथा बैंकों से जुड़े अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बिहार राज्य सहकारिता नीति-2026 से संबंधित सुझावों में सभी सहकारी संस्थाओं में डेलिगेट सिस्टम लागू करने, सदस्यता राशि 100 रुपये तथा एक हिस्से का मूल्य 1000 रुपये निर्धारित करने की मांग की गई। समिति में अगर निर्वाचन 50 प्रतिशत हो जाए तो उसे भंग नहीं करने, बल्कि निर्वाचित सदस्यों के 50 से अधिक प्रतिशत की सहमति से निर्णय लेने का सुझाव दिया गया। निर्वाचन समय पर नहीं होने के कारण बोर्ड को दोषी नहीं मानने तथा कृषि से जुड़े मामलों में शीर्ष संस्था से संबंधित सहकारी संस्था के प्रतिनिधि को नामित करने की व्यवस्था की मांग भी उठाई गई। बैठक में जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों में पदाधिकारियों का गोपनीय प्रतिवेदन अध्यक्ष द्वारा दिए जाने और पूर्व में निर्गत पत्र को वापस लेने का सुझाव दिया गया।

जिले की सभी प्राथमिक सहकारी समितियों तथा उनके सदस्यों के लिए जिला केंद्रीय सहकारी बैंक में अनिवार्य अथवा प्राथमिक रूप से खाता खोलने और वित्तीय लेनदेन के लिए स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग की गई।

# 278 प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवनों का निर्माण प्रगति पर, गुणवत्ता पर विशेष ध्यान

## भवन निर्माण सचिव प्रणव कुमार ने की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने के लिए भवन निर्माण विभाग के स्तर से प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। राज्य के 240 प्रखंडों में केवल कार्यालय भवन और 59 प्रखंडों में कार्यालय के साथ आवासीय परिसर का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से 278 भवनों का कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। सबसे अधिक गया भवन प्रमंडल में 14, छपरा में 13, बेगूसराय में 12, भागलपुर एवं मोतिहारी में 11-11, जबकि आरा, बेतिया, दरभंगा, मधुबनी और पूर्णिया में 10-10 भवनों का निर्माण चल रहा है। विभिन्न स्थलों पर कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। आरा सदर में शटरिंग एवं रिइंफोर्समेंट, कोईलवर में भूतल के कॉलम की ढलाई तथा तेघड़ा एवं बरौनी में भूतल और प्रथम तल की छत ढलाई का कार्य हो रहा है। मंसूरचक, बखरी एवं साहेबपुर कमाल में फाउंडेशन पूरा कर आवासीय ब्लॉक ए, बी और सी के कॉलम कास्टिंग का काम जारी है। अररिया सदर और रानीगंज में स्लैब कास्टिंग पूरी हो चुकी है। गोपालगंज के बरौली में तृतीय तल की छत ढलाई पूर्ण हो गई है जबकि भोरे प्रखंड में मुख्य भवन एवं आवासीय क्वार्टरों (टाइप ए, बी, सी, डी) का 40 प्रतिशत निर्माण पूरा किया जा चुका है।

# केवाइपी आंदोलन: वार्ता सकारात्मक, पर लिखित आदेश नहीं, 1700 केंद्रों की बहाली तक अनशन पर अड़े संचालक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** केवाईपी केंद्रों के रिन्यूवल, नामांकन-प्रशिक्षण बहाल करने और करीब आठ माह से लंबित भुगतान की मांग को लेकर गर्दनीबाग में चल रहा केवाईपी बचाओ महाआंदोलन गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। सामूहिक भूख हड़ताल पर बैठे केंद्र संचालकों ने स्पष्ट कर दिया कि बिहार के करीब 1700 केवाईपी केंद्रों पर पूर्ववत प्रशिक्षण शुरू करने का लिखित आदेश मिलने तक अनशन जारी रहेगा। आंदोलन के बीच गुरुवार को केंद्र संचालकों के प्रतिनिधिमंडल की विभागीय अधिकारियों के साथ वार्ता हुई। संचालकों के मुताबिक वार्ता में मांगों को लेकर सकारात्मक बातचीत हुई और समाधान की उम्मीद बनी। हालांकि वार्ता के बाद भी संबंधित आदेश की लिखित चिट्ठी जारी नहीं होने से आंदोलनकारी अपने रुख पर कायम हैं। धरना स्थल पर मौजूद केंद्र संचालकों ने कहा कि अब केवल आश्वासन के आधार पर आंदोलन वापस नहीं लिया जाएगा। उनका कहना है कि कई महीनों से केवाईपी केंद्रों पर नामांकन एवं प्रशिक्षण बंद होने से हजारों युवाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संचालकों ने कहा कि करीब 10 वर्षों से संचालित केवाईपी केंद्रों में आवश्यक आधारभूत संरचना पहले से मौजूद है। ऐसे में पुराने केंद्रों का रिन्यूवल करने के बजाय नए टेंडर की प्रक्रिया शुरू करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुराने केंद्रों का रिन्यूवल कर इन्हीं केंद्रों पर तत्काल प्रशिक्षण बहाल करने की मांग की। आंदोलनकारियों ने सरकार से 1700 केवाईपी केंद्रों पर प्रशिक्षण बहाली का लिखित आदेश, पुराने केंद्रों का रिन्यूवल, नए टेंडर पर रोक और आठ माह से लंबित भुगतान जारी करने की मांग की है।

# 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ लगातार जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में घरेलू उपभोक्ताओं को जुलाई 2025 से प्रत्येक माह 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जा रही है। विभाग के अनुसार उपभोक्ताओं से अप्रैल 2020 से मीटर किराया नहीं लिया जा रहा है। स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं का मासिक बिजली बिल संबंधित माह में हुई बिजली खपत और दर्ज अधिकतम भार के आधार पर अगले माह की एक से दो तारीख के बीच तैयार किया जाता है। यदि किसी घरेलू उपभोक्ता की खपत 125 यूनिट से अधिक होती है तो केवल अतिरिक्त यूनिट पर ही निर्धारित ऊर्जा शुल्क और उस पर विद्युत कर के साथ दर्ज अधिकतम भार के अनुसार स्थिर शुल्क देय होता है। यानी 125 यूनिट तक की बिजली मुफ्त रहती है। उदाहरण के तौर पर किसी शहरी स्मार्ट मीटर घरेलू उपभोक्ता की मासिक खपत 200 यूनिट और दर्ज भार दो किलोवाट है। ऐसे में 125 यूनिट से अधिक 75 यूनिट के लिए ऊर्जा शुल्क 537.75 रुपये (75 गुणे 7.17 रुपये) होगा। इस पर छह प्रतिशत विद्युत कर 32.27 रुपये तथा दो किलोवाट के लिए स्थिर शुल्क 160 रुपये देय होगा।

# नियमों की जटिलता आसान बनाएगी सेवा यात्रा संगिनी, सुनिश्चित होगा नैसर्गिक न्याय : मुख्य सचिव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग के मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय की ओर से प्रकाशित सेवा यात्रा संगिनी पुस्तक अनुशासनिक कार्रवाई संबंधी नियमों की जटिलता को आसान बनाएगी। साथ ही सरकारी सेवकों के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई में नैसर्गिक न्याय सुनिश्चित होगा। मुख्य सचिव गुरुवार को मुख्य सचिवालय के सभागार में बिहार सरकार के सरकारी सेवकों के लिए प्रकाशित निदेशालय की सेवा यात्रा संगिनी पुस्तक का विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में नियम-पुस्तिकाओं और संबंधित धाराओं की समय पर उपलब्धता न होने से अक्सर बाधाएं आती है। निदेशालय और मुख्य रूप से निदेशालय के महानिदेशक-सह मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह का यह प्रयास सरकारी कर्मियों के ज्ञान और क्षमता वर्धन में बेहद मददगार सिद्ध होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि पुस्तक की सॉफ्ट कॉपी सभी विभागों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे अपनी आवश्यकतानुसार इसकी प्रतियां मुद्रित कराकर कर्मियों तक पहुंचा सके। कार्यक्रम में महानिदेशक-सह मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह ने कहा कि मुख्य जांच आयुक्त के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के बाद महसूस हुआ कि सरकारी सेवकों के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाइयों में अक्सर गलतियां होती हैं। पदाधिकारी और कर्मियों को प्रशिक्षण की बहुत आवश्यकता है। इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए निदेशालय ने निर्णय लिया कि बिहार सरकारी सेवक वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील (सीसीए) नियमावली 2005 की सभी नियमावली को समेकित करते हुए विभागों को उपलब्ध कराया जाय। जीएडी की ओर से अभी तक संबंधित सात पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है। उन्होंने कहा कि सेवा यात्रा संगिनी आठवीं पुस्तक है और इसे अनुशासनिक कार्रवाई और सेवा संबंधी नियमों की सुलभ समझ के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

# उर्वरक बिक्री व्यवस्था को डिजिटल कर किसान केंद्रित बनाना है सरकार का लक्ष्य : विजय सिन्हा


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार के कृषि विभाग ने किसानों के हित में बड़ा कदम उठाया है। 'खेत बचाओ, गुणवत्तायुक्त बीज और खाद सुलभ कराओ' अभियान के तहत 1 सितंबर से राज्य के 19 जिलों में उर्वरक बिक्री व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल कर दी गई है। विभाग का कहना है कि व्यवस्था पारदर्शी होने से किसानों को कालाबाजारी से राहत मिलेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने गुरुवार को कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर किसान को समय पर और उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक मिले। डिजिटल बिक्री व्यवस्था से पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और कालाबाजारी पर पूरी तरह रोक लगेगी। इससे उर्वरक की उपलब्धता से लेकर बिक्री तक, हर स्तर पर निगरानी आसान होगी और किसानों को बिचौलियों से मुक्ति मिलेगी। कृषि मंत्री ने बताया कि उर्वरक बिक्री व्यवस्था को डिजिटल और किसान-केंद्रित बनाने के लिए विभाग ने एफएसएएस के माध्यम से ऑनलाइन व्यवस्था विकसित की है। आईएफएमएस और एग्रीस्टैक के एकीकरण से उर्वरक की खरीद-बिक्री प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाया गया है।

# प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी ने 26 औद्योगिक परियोजनाओं को दी मंजूरी

## 505.27 करोड़ के प्रस्तावित निवेश से लगभग 5,000 रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार की प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी की बैठक में 26 औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई। इन परियोजनाओं के लिए लगभग 33.08 एकड़ औद्योगिक भूमि के आवंटन को भी स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत परियोजनाओं में लगभग 505.27 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव है जिससे लगभग 5,000 रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।

उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आएडा कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य में औद्योगिक निवेश, नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना तथा औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर विचार किया गया। बैठक में उद्योगों की शीघ्र स्थापना एवं संचालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्लग एंड प्ले शेड्स के आवंटन से संबंधित प्रस्तावों को भी मंजूरी प्रदान की गई। स्वीकृत परियोजनाएं खाद्य प्रसंस्करण, टेक्सटाइल, लेदर गारमेंट्स, बैग एवं बेल्ट निर्माण, पशु आहार और सामान्य विनिर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हैं। इन परियोजनाओं से राज्य के औद्योगिक आधार के विस्तार के साथ स्थानीय संसाधनों एवं मानव संसाधन के उपयोग को बढ़ावा मिलने की संभावना है। स्वीकृत औद्योगिक इकाइयों की स्थापना राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में प्रस्तावित है। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बिहार में औद्योगिक निवेश में निरंतर वृद्धि राज्य की उद्योग-अनुकूल नीतियों और निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि नई परियोजनाओं की स्वीकृति से राज्य में विनिर्माण गतिविधियों के विस्तार के साथ रोजगार और कौशल विकास के अवसरों में वृद्धि होगी।

# धूमधाम से मनेगी जन्माष्टमी, 24 घंटे होगा नाम संकीर्तन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** गर्दनीबाग स्थित ठाकुरबाड़ी में इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने बताया कि जन्माष्टमी समारोह को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। समारोह का शुभारंभ प्रातः 8 बजे से होगा। प्रो. रणबीर नंदन ने बताया कि सुबह 8 बजे से लगातार 24 घंटे तक नाम संकीर्तन और जप का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि इस अखंड नाम संकीर्तन का संकल्प स्वयं प्रो. रणबीर नंदन लेंगे। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के नाम का जाप और भजन-कीर्तन करेंगे। इस संबंध में प्रो नंदन ने बताया कि ने रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव विधि-विधान और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जन्म के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान होंगे। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### नई दिल्ली और दानापुर के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा के मद्देनजर दिल्ली-अलीगढ़-गोविंदपुरी (कानपुर)-प्रयागराज -डीडीयू के रास्ते नई दिल्ली और दानापुर के मध्य एक स्पेशल ट्रेन 04090/04089 का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी सं. 04090 नई दिल्ली-दानापुर स्पेशल दिनांक 04.09.2026 से 25.09.2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा गाड़ी सं. 04089 दानापुर-नई दिल्ली स्पेशल 5.09.2026 से 26.09.2026 तक प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जाएगी।

# पुरी-पटना-पुरी एक्सप्रेस का परिचालन, सुरक्षित और आरामदायक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** यात्रियों को और भी सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा मुहैया कराने के उद्देश्य से पटना और पुरी के मध्य चलने वाली गाड़ी सं. 18405/18406 पुरी-पटना-पुरी एक्सप्रेस का परिचालन पारंपरिक आईसीएफ कोच के बदले अत्याधुनिक एलएचबी कोच से किया जाएगा। पुरी से यह 5.09.2026 से तथा पटना से 6.09.2026 से प्रभावी होगा। एलएचबी कोच यात्रियों को अपेक्षाकृत अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान कराता है। स्टेनलेस स्टील से निर्मित बेहतर आंतरिक सज्जा युक्त उच्च गति क्षमता वाले अत्याधुनिक एलएचबी कोच पारंपरिक कोच की तुलना में वजन में हल्के और मजबूत होते हैं। कोचों में आधुनिक सीबीसी कपलिंग लगे होने से संरक्षा में वृद्धि होती है। एंटी क्लाइम्बिंग विशेषताएं दुर्घटनाओं के दौरान उन्हें एक-दूसरे पर चढ़ने से रोकती हैं। कोच बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम व सस्पेंशन के साथ-साथ बेहतर आंतरिक सज्जा व शौचालय युक्त होते हैं। फलस्वरूप एलएचबी कोच युक्त ट्रेनों से यात्रा अपेक्षाकृत अधिक संरक्षित, सुरक्षित व आरामदायक होती है।

CMYK

# संपादकीय

## युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं

युद्ध जान-माल, अर्थव्यवस्था और शांति के लिए विनाशकारी है। रूस-यूक्रेन व पश्चिम एशिया संघर्ष से वैश्विक आपूर्ति, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा पर गहरा संकट पड़ा है। भारत संवाद व कूटनीति से शांति का समर्थक है। युद्ध मानव सभ्यता की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक है। इतिहास गवाह है कि किसी भी युद्ध ने समस्याओं का स्थायी समाधान करने के बजाय नई जटिलताओं को जन्म दिया है। अपनी जीत का डंका बजाने वाला देश भी वास्तव में बहुत कुछ खो देता है। युद्ध के परिणाम जान-माल की भारी क्षति, आर्थिक बर्बादी, विस्थापन और सामाजिक अस्थिरता के रूप में सामने आते हैं।यह केवल दो देशों या दो पक्षों के बीच सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका असर सीमाओं को पार कर अर्थव्यवस्था, व्यापार, ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा करता है। रूस-यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष इसके उदाहरण हैं। इनसे बनी परिस्थितियों से पता चलता है कि आज की परस्पर जुड़ी हुई वैश्विक व्यवस्था में किसी एक क्षेत्र की अस्थिरता का असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है।भारत हमेशा वैश्विक शांति का समर्थक रहा है और युद्ध के बजाय महात्मा बुद्ध के मार्ग पर चलने का संदेश देता रहा है। इसी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए किर्गिस्तान के बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन के मौके पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतहीन युद्ध के बजाय इसके अंत की ओर बढ़ने की वकालत की।गौरतलब है कि पिछले करीब साढ़े चार वर्षों से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध का सबसे बड़ा प्रभाव ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा पर पड़ा है। रूस दुनिया के प्रमुख तेल, गैस और उर्वरक उत्पादक देशों में से एक है, जबकि यूक्रेन गेहूं, मक्का और सूरजमुखी जैसे कृषि उत्पादों का महत्त्वपूर्ण निर्यातक रहा है।मगर युद्ध के कारण इन वस्तुओं का उत्पादन, परिवहन और निर्यात प्रभावित हो रहा है। काला सागर के रास्ते अनाज की आपूर्ति में रुकावट ने कई देशों में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों और खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाई है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने इस संकट को और गंभीर बना दिया है। यह क्षेत्र ऊर्जा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए महत्त्वपूर्ण है। होर्मुज जलमार्ग को बंद किए जाने से तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है, जिससे भारत समेत कई देशों को ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ रहा है।संघर्ष के इन मोर्चों से समुद्री मार्गों में जोखिम बढ़ा है और जहाजों के लंबे वैकल्पिक रास्ते अपनाने से माल ढुलाई की लागत भी बढ़ी है, जिसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ा है।

**दुनिया आज जिस दौर से गुजर रही है, वह आर्थिक और सामरिक दोनों दृष्टियों से असाधारण चुनौतियों का दौर है। रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रभाव, पश्चिम एशिया में तनाव, अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा, वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने दुनिया की बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के सामने कठिन प्रश्न खड़े कर दिए हैं। ऐसे समय में भारत की अर्थव्यवस्था ने जिस मजबूती का परिचय दिया है, वह केवल एक आर्थिक आंकड़ा नहीं, बल्कि बदलते भारत की सामर्थ्य का प्रमाण है।**

# दुनिया जब बुरे दौर में है तब भारत के आर्थिक उजाले

(ललित गर्ग )

भारत की वर्तमान आर्थिक यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपनाई गई नीतियों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पिछले वर्षों में सरकार ने बुनियादी ढांचे, डिजिटल भुगतान, वित्तीय समावेशन, विनिर्माण, नए उद्यम, आत्मनिर्भरता, ऊर्जा सुरक्षा और औपचारिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने पर लगातार जोर दिया है।



दुनिया आज जिस दौर से गुजर रही है, वह आर्थिक और सामरिक दोनों दृष्टियों से असाधारण चुनौतियों का दौर है। रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रभाव, पश्चिम एशिया में तनाव, अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा, वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने दुनिया की बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के सामने कठिन प्रश्न खड़े कर दिए हैं। ऐसे समय में भारत की अर्थव्यवस्था ने जिस मजबूती का परिचय दिया है, वह केवल एक आर्थिक आंकड़ा नहीं, बल्कि बदलते भारत की सामर्थ्य का प्रमाण है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत की 7.8 प्रतिशत वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत को ऐसी उम्मीद के रूप में प्रस्तुत किया है, जिसकी ओर दुनिया आश्चर्य और विश्वास दोनों के साथ देख रही है। इस विकास दर ने वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में भारत की आर्थिक शक्ति और आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी है एवं एक उजाला बिखेरा है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वृद्धि ऐसे समय दर्ज हुई है, जब परिस्थितियां सामान्य नहीं थीं। महंगाई, ऊर्जा संकट, भू-राजनीतिक तनाव और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास पथ मजबूत बना रहा। पिछले वर्ष इसी तिमाही में विकास दर 6.9 प्रतिशत थी। यानी एक वर्ष में आर्थिक वृद्धि की गति में उल्लेखनीय सुधार दिखाई दिया है। घरेलू मांग की मजबूती, सरकारी पूंजीगत व्यय, विनिर्माण, निर्माण और निर्यात जैसे क्षेत्रों का योगदान इस प्रदर्शन के पीछे महत्वपूर्ण रहा है।

आर्थिक विकास का वास्तविक अर्थ तभी समझ में आता है, जब उसे उसके वैश्विक संदर्भ में देखा जाए। आज दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं केवल आर्थिक नीतियों से प्रभावित नहीं हो रहीं, बल्कि युद्ध, कूटनीतिक तनाव, ऊर्जा सुरक्षा और व्यापारिक संबंध भी उनकी दिशा तय कर रहे हैं। अमेरिका और चीन के बीच आर्थिक एवं रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। पश्चिम एशिया का तनाव ऊर्जा बाजार और वैश्विक आपूर्ति तंत्र के लिए चिंता पैदा करता है। इन परिस्थितियों में भारत का अपेक्षाकृत तेज आर्थिक विकास यह संकेत देता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपने लिए ऐसे मजबूत घरेलू आधार तैयार किए हैं, जो बाहरी झटकों को सहने की क्षमता रखते हैं। यही वह परिवर्तन है जो भारत को केवल एक बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे ले जा रहा है। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका विशाल घरेलू बाजार है। करोड़ों उपभोक्ताओं की मांग, बढ़ता मध्यम वर्ग, डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार, बुनियादी ढांचे पर निवेश और बदलती उपभोग संस्कृति ने अर्थव्यवस्था को आंतरिक गति प्रदान की है। जब वैश्विक बाजार अनिश्चित हों, तब घरेलू मांग अर्थव्यवस्था के लिए सुरक्षा-कवच का काम करती है। इसीलिए वर्तमान विकास दर में घरेलू मांग की मजबूती को विशेष महत्व दिया जाना चाहिए।

इस आर्थिक प्रदर्शन की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह भी है कि वृद्धि केवल एक क्षेत्र के सहारे नहीं टिकी है। विनिर्माण क्षेत्र में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि इस बात का संकेत है कि भारत धीरे-धीरे उत्पादन आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। लंबे समय तक भारत की अर्थव्यवस्था को मुख्यतः सेवा क्षेत्र की शक्ति के रूप में देखा जाता रहा, लेकिन अब देश में उत्पादन बढ़ाने, घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहन देने और बुनियादी ढांचे के विस्तार की दिशा में किए गए प्रयासों से औद्योगिक क्षेत्र के लिए नई संभावनाएं पैदा हुई हैं। निर्माण क्षेत्र भी रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सड़कें, रेल, बंदरगाह, हवाई अड्डे, आवास, औद्योगिक गलियारे और डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश का प्रभाव केवल आर्थिक वृद्धि के आंकड़ों में नहीं दिखाई देता, बल्कि उससे भविष्य की आर्थिक क्षमता भी निर्मित होती है। सरकारीएजेंसियां

भारत की वर्तमान आर्थिक यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपनाई गई नीतियों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पिछले वर्षों में सरकार ने बुनियादी ढांचे, डिजिटल भुगतान, वित्तीय समावेशन, विनिर्माण, नए उद्यम, आत्मनिर्भरता, ऊर्जा सुरक्षा और औपचारिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने पर लगातार जोर दिया है। जनधन खातों से लेकर डिजिटल भुगतान तक और राजमार्गों से लेकर रेलवे के आधुनिकीकरण तक, आर्थिक गतिविधियों का एक व्यापक तंत्र तैयार हुआ है। वस्तु एवं सेवा कर ने देश के बड़े बाजार को अधिक एकीकृत करने में भूमिका निभाई है। दिवाला एवं दिवालियापन संहिता जैसी व्यवस्थाओं ने कारोबारी वातावरण को अधिक व्यवस्थित बनाने का प्रयास किया है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं ने अनेक क्षेत्रों में घरेलू उत्पादन और निवेश को बढ़ावा दिया है। इन नीतियों का वास्तविक मूल्यांकन केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि उनके परिणामों से होना चाहिए। सकल घरेलू उत्पाद के ताजा आंकड़े इस दिशा में एक सकारात्मक संकेत अवश्य देते हैं।

आम नागरिक के लिए आर्थिक विकास का अर्थ तभी सार्थक है, जब उसके जीवन में रोजगार के अवसर बढ़ें, आय में वृद्धि हो, महंगाई नियंत्रित रहे, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हों तथा जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार आए। सकल घरेलू उत्पाद हमें अर्थव्यवस्था की गति बताता है, लेकिन यह नहीं बताता कि उस विकास का लाभ समाज के विभिन्न वर्गों तक किस प्रकार पहुंच रहा है। इसलिए भारत की अगली चुनौती तेज विकास से आगे बढ़कर गुणवत्तापूर्ण और समावेशी विकास सुनिश्चित करना है। आर्थिक विकास की सबसे महत्वपूर्ण कसौटी रोजगार है। विनिर्माण और निर्माण क्षेत्र का विस्तार इसलिए आशाजनक है क्योंकि ये बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करने की क्षमता रखते हैं। लेकिन भविष्य में भारत को ऐसे उद्योगों की आवश्यकता होगी, जो बड़ी संख्या में युवाओं को सम्मानजनक और स्थायी रोजगार दे सकें। भारत की युवा आबादी उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। यदि उसे कौशल, शिक्षा, तकनीक और रोजगार के पर्याप्त अवसर मिलते हैं तो यही युवा शक्ति भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की सबसे बड़ी ऊर्जा बन सकती है।

भारत का लक्ष्य केवल आत्मनिर्भर बनना नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में नेतृत्वकारी भूमिका निभाना होना चाहिए। आत्मनिर्भरता का अर्थ दुनिया से अलग होना नहीं, बल्कि अपनी क्षमताओं को इतना मजबूत करना है कि भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सके। आज दुनिया चीन के विकल्प के रूप में विभिन्न उत्पादन केंद्रों की तलाश कर रही है। भारत के पास विशाल बाजार, युवा मानव संसाधन, तकनीकी क्षमता और लोकतांत्रिक व्यवस्था जैसी विशिष्ट ताकतें हैं। यदि भारत विनिर्माण, अर्धचालक, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उत्पादन, नवीकरणीय ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष तकनीक और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं में अपनी क्षमता बढ़ाता है, तो वह वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में कहीं अधिक प्रभावशाली भूमिका निभा सकता है। 2047 का विकसित भारत केवल सरकार का संकल्प नहीं, बल्कि देशवासियों की सामूहिक आकांक्षा है। 7.8 प्रतिशत की विकास दर इस यात्रा में एक उत्साहजनक पड़ाव है, मंजिल नहीं। भारत को लगातार उच्च विकास दर, मजबूत वित्तीय व्यवस्था और स्थिर आर्थिक वातावरण के साथ-साथ बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि उत्पादकता, कौशल विकास, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा पर भी समान ध्यान देना होगा। इतिहास

भारत की आर्थिक कहानी अब केवल आंकड़ों की कहानी नहीं रह गई है। यह आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की कहानी बन रही है। दुनिया जब युद्ध और आर्थिक अस्थिरता की छाया में अपनी दिशा तलाश रही है, तब भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन उसे एक भरोसेमंद और संभावनाशील शक्ति के रूप में स्थापित कर रहा है। 7.8 प्रतिशत की विकास दर निश्चित रूप से भारत के लिए गर्व का विषय है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि भारत ने यह संदेश दिया है कि वैश्विक संकटों के बीच भी उसकी आर्थिक बुनियाद मजबूत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही आर्थिक नीतियों और योजनाओं को अब अगले चरण में अधिक रोजगार, अधिक निवेश, अधिक उत्पादन और अधिक समान अवसरों से जोड़ना होगा। भारत के आर्थिक आकाश पर उगता यह उजाला तभी स्थायी प्रकाश बनेगा, जब विकास की रोशनी देश के अंतिम व्यक्ति के जीवन तक पहुंचे। यही 2047 के विकसित भारत की वास्तविक कसौटी होगी और यही आर्थिक शक्ति को जनशक्ति में बदलने का मार्ग भी। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

### जन्माष्टमी

## श्रीकृष्ण भक्ति में नर्तकी ने बेचा घर, बनाया सोने का मुकुट, कान्हा ने दिखाया ऐसा चमत्कार, देखते रह गए पंडित पुजारी

(ज्योति साह )

भगवान कृष्ण की एक ऐसी भक्त भी थी जिसने अपना घर बेचकर ठाकुरजी के लिए मुकुट बनवाया। वह थी तो एक नर्तकी लेकिन उसका मन एकदम साफ और हृदय श्रीकृष्ण भक्ति से परिपूर्ण था। जब वह सोने का मुकुट लेकर मंदिर पहुंची तो कान्हाजी ने ऐसा चमत्कार दिखाया कि वहां मौजूद पंडित और पुजारी भी देखते रह गए। चलिए विस्तार से जानें नर्तकी की भक्ति और ठाकुरजी के चमत्कार की कथा। श्रीकृष्ण अपने भक्तों पर हमेशा कृपा बनाए रखते हैं लेकिन, समय-समय पर उनकी परीक्षा भी जरूर लेते हैं। कहते हैं कि जिसने अपने जीवनभर की कमाई, कर्म और स्वयं को भगवान कृष्ण को समर्पित कर दिया श्रीकृष्ण ने उन्हें अपनी शरण में ले लिया। इसी का एक उदाहरण है एक नर्तकी की कथा, जिसने श्रीकृष्ण की भक्ति में अपने पूरी संपत्ति यहां तक की अपना घर भी बेच दिया। उससे सोने का मुकूट बनवाया और ले जाकर ठाकुरजी को अर्पित कर दिया। तब कान्हाजी ने भी कुछ ऐसी लीला रची और चमत्कार दिखाया कि मंदिर के पंडित, पुजारी और वहां मौजूद सभी लोग दंग रह गए। चलिए विस्तार से जानें इस श्रीकृष्ण भक्त की कथा। दक्षिण भारत में एक बार बहुत सारे संतों श्रीहरि नाम का संकीर्तन करते हुए जा रहे थे। तभी एक नगर आया और वहां उन्होंने सोचा कि अब कोई ऐसा स्थान मिल जाए जहां हम बैठें और ठाकुर जी सेवा कर सकें। उसी क्षण उन्हें एक घर दिखाई दिया जो दिखने में बहुत अद्भुत था। उसके आंगन में कई प्रकार के पुष्प, पौधे आदि लगे हुए थे। सारे संत वहीं जाकर बैठ गए और बाल गोपाल की सेवा में लग गए। तब उस घर में रह रही महिला ने ऊपर से झांककर देखा कि उसके घर संत आए हैं।

**नर्तकी संतों को देखकर हुई प्रसन्न** – पहले के समय में संत अगर कहीं ठहरना चाहें तो उनका पूरा सम्मान, सहयोग और सेवा की जाती है। ऐसे में महिला को बहुत प्रसन्नता हुई की उसके घर संत पधारे हैं और इसी प्रसन्नता के साथ वह तुरंत नीचे गई। वहां, जाकर संतो से कहा की बताइए आपकी मैं किस प्रकार सेवा करूं, आपके लिए क्या कर सकती हैं। तब संतों ने ठाकुरजी की सेवा के लिए जो-जो पात्र और सामग्री मांगी वह सब महिला ने लाकर उन्हें दे दिया। संत रातभर वहीं ठहरे और भगवान कृष्ण के कीर्तन व सेवा में लगे रहे। अगले दिन जब सुबह संत आगे की ओर बढ़ने के लिए तैयार हुए तब महिला जाकर एक थाली में अद्भुत प्रकार की दक्षिणा, जिसमें स्वर्ण और कई चीजें शामिल थीं। वो सब लेजाकर संतों को देने लगी।

**संतो ने दक्षिणा नहीं की स्वीकार, नर्तकी हुई दुखी** – संत दक्षिणा लेने के लिए तो तैयार थे लेकिन, पहले के समय संत दक्षिणा लेने से पहले यह जरूर पूछते थे कि इस सामग्री का धन तुम्हारे पास कैसे आया। अथार्त, तुम्हारा क्या व्यापार है और तुम क्या काम करती हो। ऐसा प्रश्न करते ही महिला के हाथ कांपने लगे और उसके मुख से प्रसन्नता गायब हो गई। चेहरा एकदम मुरझाया हुआ लगने लगा। फिर, उसने उत्तर देते हुए कहा की मैं आपसे झूठ नहीं कहूंगी, मैं एक नगर नर्तकी हूं और इससे मुझे जो धन प्राप्त होता है उससे ही मैं अपना घर चलाती हूं। यह सुनते ही संतो ने दक्षिणा लेने से मना कर दिया। फिर, नर्तकी खूब विलाप करने लगी और संतों से कहा कि आप जो कहेंगे वो मैं करूंगी लेकिन, मेरी यह दक्षिणा स्वीकार कर लीजिए। यह पहली बार था कि अपने कर्मों का दुख हो रहा था।

**श्रीकृष्ण भक्ति में घर बेचने को तैयार हुई नर्तकी** – संतों की टोली को महिला पर करुणा आई और उन्होंने महिला से कहा कि, यह दक्षिणा तो हम नहीं ले सकते लेकिन अगर तुम अपने कर्मों पर इतनी ग्लानि हो तो इसका एक उपाय बताते हैं। यह सुनते ही महिला ने अपने आंसू पोछे और उनसे उपाय पूछते हुए कहा कि आप जैसा कहेंगे वैसा मैं करुंगी। इस पर संतो ने कहा कि शुरू से लेकर अब तक तुमने जितना भी धन-संपत्ति आदि कमाया है वो सबकुछ भगवान कृष्ण की सेवा में लगा दो। यह बात सुनकर महिला दुखी नहीं थी बल्कि, बहुत प्रसन्न हुई की संत उसकी दक्षिण स्वीकार कर लेंगे और वह अपनी सारी संपत्ति श्रीकृष्ण को सौंप रही है। संतो ने सारी धन-संपत्ति से ठाकुरजी के लिए स्वर्ण का मुकुट बनवाने के लिए कहा।

**ठाकुरजी के लिए बनवाया सोने का मुकुट** – जिस प्रकार का मुकुट संतो ने नर्तकी से बनवाने को कहा उसने ठीक वैसा ही मुकुट बनवाया। इसके निर्माण होने तक संतों की टोली वहीं ठहरी रही और श्रीहरि का कीर्तन करते रही। मुकूट बहुत ही अद्भुत बनकर तैयार हुआ। तब संतो ने कहा कि इसे दक्षिण भारत में तिरुचिरापल्ली के श्रीरंगनाथ मंदिर में इसे ले जाकर भेंट कर दो। महिला सभी संतो के साथ मुकुट लेकर मंदिर पहुंच गई। वहां के महात्मा ने भी उसे अंदर प्रवेश करने दिया। जिस पर लोगों ने बहुत विरोध किया लेकिन, इतने बड़े महात्मा के सामने कोई कुछ बोल सका।

# खेतों में अनाज भरपूर, फिर भी थाली में पोषण की कमी; भारत के सामने खाद्य सुरक्षा की नई चुनौती

**हाल के वर्षों में युद्धों और भू-राजनीतिक तनावों ने खाद्य संकट का एक नया चेहरा दिखाया है। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। युद्ध से पहले रूस और यूक्रेन गेहूं, सूरजमुखी तेल और मक्के के प्रमुख निर्यातकों में शामिल थे। युद्ध ने उत्पादन और निर्यात दोनों को प्रभावित किया, जिससे वैश्विक बाजार में खाद्य वस्तुओं की कीमतों और आपूर्ति पर दबाव बढ़ा। 'सेंटर फार स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज' के जून 2026 के विश्लेषण के अनुसार, युद्ध के चार साल बाद भी यूक्रेन का 2025 का अनाज निर्यात 2020 की तुलना में लगभग 35 फीसद कम रहा।**

(सुनिधि मिश्रा )

वैश्विक युद्ध, जलवायु परिवर्तन, महंगाई और बढ़ती आबादी ने खाद्य सुरक्षा को दुनिया के सामने बड़ी चुनौती बना दिया है। भारत ने खाद्यान्न उत्पादन और कुपोषण कम करने में अहम प्रगति की है।

वैश्विक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन और दुनिया में बढ़ते युद्धों ने केवल अर्थव्यवस्था, महंगाई, पर्यावरण और ऊर्जा संकट को ही गहरा नहीं किया है, बल्कि खाद्य संकट को भी एक नई चुनौती के रूप में सामने ला दिया है। खाद्य संकट अब केवल भूख का प्रश्न नहीं रहा, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक विकास से भी जुड़ गया है। बढ़ती आबादी, सीमित संसाधनों और महंगाई के दबाव के कारण करोड़ों लोगों की थाली तक सुरक्षित, पर्याप्त और पौष्टिक भोजन नहीं पहुंच पा रहा है। इसलिए खाद्य सुरक्षा को अब केवल अनाज की उपलब्धता के बजाय उत्पादन, पहुंच, क्रय-शक्ति और वितरण से जुड़ी व्यापक चुनौती के रूप में समझना होगा।

हाल के वर्षों में युद्धों और भू-राजनीतिक तनावों ने खाद्य संकट का एक नया चेहरा दिखाया है। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। युद्ध से पहले रूस और यूक्रेन गेहूं, सूरजमुखी तेल और मक्के के प्रमुख निर्यातकों में शामिल थे। युद्ध ने उत्पादन और निर्यात दोनों को प्रभावित किया, जिससे वैश्विक बाजार में खाद्य वस्तुओं की कीमतों और आपूर्ति पर दबाव बढ़ा। 'सेंटर फार स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज' के जून 2026 के विश्लेषण के अनुसार, युद्ध के चार साल बाद भी यूक्रेन का 2025 का अनाज निर्यात 2020 की तुलना में लगभग 35 फीसद कम रहा। रूस के महत्त्वपूर्ण उर्वरक निर्यातक होने के कारण युद्ध का असर कृषि लागत पर भी पड़ा। पश्चिम एशिया के संघर्षों ने समुद्री व्यापार मार्गों को जोखिम में डालकर खाद्य आपूर्ति की अनिश्चितता और बढ़ा दी है।

इन परिस्थितियों ने दुनिया की सरकारों को यह सोचने पर विवश किया है कि खाद्य सुरक्षा अब राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न हिस्सा है। संयुक्त राष्ट्र की पांच एजेंसियों द्वारा जारी रिपोर्ट 'विश्व में खाद्य सुरक्षा एवं पोषण की स्थिति, 2026' के अनुसार, वर्ष 2025 में दुनिया की करीब 7.8 फीसद आबादी यानी लगभग 64.5 करोड़ लोग भूख से जूझ रहे थे। यह आंकड़ा लगातार तीसरे वर्ष घटा है। वर्ष 2024 में यह 8.1 फीसद और 2022 में 8.6 फीसद था। हालांकि इस सुधार को स्थायी उपलब्धि मानना जल्दबाजी होगी, क्योंकि पौष्टिक भोजन की कीमत लगातार बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में एक पौष्टिक थाली की औसत वैश्विक कीमत लगभग 4.28 डालर प्रतिदिन हो गई, जबकि 2017 में यह 2.94 डालर थी।

अप्रैल 2026 में जारी 'खाद्य संकट पर वैश्विक रिपोर्ट' भी चिंताजनक तस्वीर प्रस्तुत करती है। इसके अनुसार 47 देशों में लगभग 26.6 करोड़ लोग गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे थे। पहली बार एक ही वर्ष में गाजा और सूडान में अकाल जैसी स्थितियां सामने आईं। स्पष्ट है कि वैश्विक स्तर पर खाद्य संकट का स्वरूप एक समान नहीं है। दक्षिण एशिया और लातिन अमेरिका में स्थिति में कुछ सुधार दिखता है, लेकिन अफ्रीका और पश्चिम एशिया के अनेक हिस्सों में संकट लगातार गहरा रहा है। ऐसे में भारत की स्थिति उपलब्धि और चुनौती, दोनों का मिश्रण है।

गौरतलब कि भारत में कुपोषित लोगों का अनुपात 2004-06 के 21.1 फीसद से घटकर 2023-25 में 9.8 फीसद रह गया है। इस अवधि में कुपोषित लोगों की संख्या भी लगभग 24 करोड़ से घटकर 14.25 करोड़ रह गई। दो दशकों में हुआ यह सुधार निश्चित रूप से महत्त्वपूर्ण है, लेकिन दूसरी ओर 2025 में भारत की करीब 35.5 फीसद आबादी, यानी 52 करोड़ से अधिक लोग पौष्टिक और संतुलित भोजन का खर्च वहन करने की स्थिति में नहीं थे। यह आंकड़ा 2017 के 59.8 फीसद से कम जरूर हुआ है, लेकिन अभी भी काफी बड़ा है। भारत में पौष्टिक भोजन की अनुमानित कीमत 2025 में करीब 4.11 डालर प्रतिदिन रही।

यहीं भारत के खाद्य संकट का सबसे बड़ा विरोधाभास सामने आता है। देश में अनाज की कमी नहीं है, लेकिन संतुलित पोषण की कमी अब भी गंभीर है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में लगभग 35.5 फीसद बच्चों का कद उनकी उम्र के अनुपात में कम है और 19.3 फीसद बच्चे कम वजन की समस्या से जूझ रहे हैं। दूसरी ओर, महिलाओं में रक्ताल्पता और शहरी क्षेत्रों में बढ़ता मोटापा एक अलग चिंता पैदा कर रहे हैं। सस्ता और अधिक प्रसंस्कृत भोजन कई परिवारों के लिए मजबूरी बन रहा है। परिणामस्वरूप भारत एक साथ अल्पपोषण और मोटापे के दोहरे बोझ का सामना कर रहा है।

गौरतलब है कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय के नवंबर 2025 के अंतिम अनुमानों के अनुसार, वर्ष 2024-25 में देश ने करीब 35.77 करोड़ टन खाद्यान्न का उत्पादन किया। चावल और गेहूं का उत्पादन रिकार्ड स्तर पर रहा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली भी लगभग 80 करोड़ से अधिक लोगों तक सस्ता अनाज पहुंचा रही है। इसलिए भारत की मूल चुनौती अब केवल अधिक अनाज पैदा करना नहीं, बल्कि हर परिवार की थाली में विविधता और पोषण सुनिश्चित करना है।

इस चुनौती की जड़ें कई स्तरों पर फैली हैं। खाद्य महंगाई, डीजल और उर्वरकों की बढ़ती लागत तथा दालों और तिलहनों के आयात पर निर्भरता कृषि व्यवस्था पर दबाव डालती है। गरीबी और आय की असमानता यह तय करती है कि परिवार आय का कितना हिस्सा पौष्टिक भोजन पर खर्च कर सकता है। गांव और शहर के बीच की आर्थिक दूरी भी भोजन की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। वहीं, अनियमित मानसून, सूखा, बाढ़, भूजल का अत्यधिक दोहन और मिट्टी की घटती उर्वरता भविष्य की खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे हैं।

इस पूरी व्यवस्था के केंद्र में किसान है। अगर खाद्य सुरक्षा राष्ट्रीय प्राथमिकता है, तो किसान की आर्थिक सुरक्षा को उससे अलग नहीं किया जा सकता। छोटे और सीमांत किसानों के लिए बीज, खाद, डीजल और सिंचाई की बढ़ती लागत के साथ मौसम का जोखिम तथा बाजार में कीमतों की अनिश्चितता बड़ी चुनौती है। फसल बीमा, बेहतर भंडारण, प्रसंस्करण सुविधाओं और डिजिटल बाजार तक पहुंच को मजबूत करना जरूरी है। किसान की आय स्थिर होगी, तो कृषि उत्पादन भी अधिक टिकाऊ बनेगा और देश की खाद्य सुरक्षा की नींव मजबूत होगी।

आगे का रास्ता स्पष्ट है। भारत को जलवायु-अनुकूल कृषि, सूखा और गर्मी सहने वाली फसल किस्मों, सटीक खेती तथा स्मार्ट सिंचाई जैसी तकनीकों को तेजी से अपनाना होगा। मिलेट्स यानी मोटे अनाजों, दालों और स्थानीय अनाजों को बढ़ावा देना पोषण और पर्यावरण, दोनों के लिए उपयोगी होगा। इसके साथ, बेहतर भंडारण, खाद्य प्रसंस्करण में निवेश, आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना और भोजन की बर्बादी कम करना भी आवश्यक है। स्थानीय खाद्य प्रणालियों को मजबूत किए बिना दीर्घकालिक खाद्य सुरक्षा संभव नहीं है।

इक्कीसवीं सदी में जिस देश के पास उपजाऊ मिट्टी, पर्याप्त और स्वच्छ पानी, स्वस्थ किसान तथा हर नागरिक तक पौष्टिक भोजन की पहुंच होगी, वही आर्थिक और रणनीतिक रूप से मजबूत होगा। भारत ने अनाज उत्पादन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। अब अगली मंजिल बेहतर थाली की है। सवाल यह नहीं होना चाहिए कि देश कितना अनाज पैदा करता है, बल्कि यह कि क्या हर भारतीय को संतुलित, सुरक्षित, पौष्टिक और सस्ता भोजन उपलब्ध है। भारत को खाद्य सुरक्षा से आगे बढ़कर पोषण, किसान और पर्यावरण- इन तीनों की सुरक्षा को एक साथ साधना होगा। आखिरकार खाद्य संकट केवल खेत-खलिहान का सवाल नहीं, बल्कि राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य की सुरक्षा का प्रश्न है।

# जिले में 'जांच एवं उपचार-चिकित्सा आपके द्वार' अभियान शुरू

## डीएम करेंगे अभियान की मॉनिटरिंग, घर-घर पहुंचेंगी स्वास्थ्य विभाग की टीम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** समय रहते गैर संचारी रोगों की पहचान कर बेहतर उपचार सुनिश्चित करने को लेकर जिले में ह्लजाँच एवं उपचार-चिकित्सा आपके द्वार"अभियान का शुभारंभ हो गया है।पूरे राज्य के लिए चलाये जाने वाले इस अभियान का मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। एनआईसी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, विधायक सह पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर, विधायक निशा सिंह एवं कविता पासवान,सिविल सर्जन डा. जितेन्द्र नाथ सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग अन्य अधिकारी शामिल रहे। इस अवसर पर कटिहार समाहरणालय में जाँच शिविर भी लगाया गया। यह अभियान 30 नवंबर 2026 तक संचालित होगा।जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर पहुंचकर लोगों की स्क्रीनिंग करेंगी। संदिग्ध एवं रोग से



ग्रसित मरीजों को आवश्यक परामर्श एवं उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान से जोड़ा जाएगा।प्रत्येक संस्थान के लिए प्रतिदिन 50 लोगों के स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।अभियान का मॉनिटरिंग स्वयं जिला पदाधिकारी करेंगे।अभियान के तहत उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुंह, स्तन एवं गर्भाशय के मुख के कैंसर, हृदय रोग, नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज जैसे गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग होगी।जिला पदाधिकारी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य गैर संचारी रोगों की शुरूआती अवस्था में पहचान करना और बीमारी की पहचान होने पर उपचार शुरू करना है।ताकि जोखिम कारकों को कम करने में मदद मिले।अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता और एएनएम अपने क्षेत्र के सभी घरों का भ्रमण कर प्रत्येक परिवार का फैमिली फोल्डर तैयार करेंगे। कम्युनिटी बेस्ड असेसमेंट चेकलिस्ट के माध्यम से विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले लोगों की पहचान की जाएगी। स्क्रीनिंग से संबंधित जानकारी एनसीडी एप्लीकेशन पर दर्ज की जाएगी। उन्होंने बताया कि गृह भ्रमण के दौरान चिन्हित या संदिग्ध मरीजों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर या नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान तक पहुंचाने में आशा कार्यकर्ता सहयोग करेंगी।जहॉ 30 या उससे अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति की लंबाई और वजन मापकर बीएमआई निकाला जाएगा। उसके बाद उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, हृदय रो आदि रोगों की स्क्रीनिंग किया जाएगा। गंभीर अथवा जटिल स्थिति वाले मरीजों को बेहतर उपचार के लिए उच्चतर स्वास्थ्य संस्थान में रेफर भी किया जाएगा तथा जरूरत महसूस होने पर टेली -कंसल्टेशन के माध्यम से चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। मरीजों को आवश्यकतानुसार रोग को लेकर दवा भी उपलब्ध कराया जाएगा। अभियान की प्रखंड एवं जिला स्तर पर प्रतिदिन समीक्षा होगी।

## भैंस चोरी करने पहुंचे अपराधियों ने किसान को मारी गोली, मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मनिहारी थाना क्षेत्र के कमालपुर दियारा में भैंस चोरी करने पहुंचे अपराधियों ने विरोध करने पर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 11 से 12 बजे के बीच 10 से 12 की संख्या में अपराधी कमालपुर दियारा स्थित बथान पर भैंस चोरी करने पहुंचे थे। लालू यादव (40) अपने फुफेरे भाई सुमित और बेटे चंदन के साथ बथान पर सो रहे थे। इसी दौरान अपराधियों ने कथित तौर पर बथान में रखी बाल्टी में दूध पीने के बाद भैंस खोलने का प्रयास किया। भैंसों के चिल्लाने की आवाज सुनकर लालू यादव की नींद खुल गई। उन्होंने अपराधियों को रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे से मारपीट और हाथापाई शुरू हो गई।

## बीस सूत्री की बैठक में उठा बांध की सुरक्षा और विकास कार्यों में गड़बड़ी का मुद्दा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड सभागार में स्थानीय विकास कार्यो जनसमस्याओं तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह कुशवाहा ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बरारी विधायक विजय सिंह शामिल रहे । मौके पर बीडीओ धीरेन्द्र कुमार धीरज, सीओ मनीष कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी श्यामदेव कुमार, सीडीपीओ विभा कुमारी, बीपीआरओ राजकुमार सिंह सहित विभागीय पदाधिकारी और समिति के सदस्य मौजूद थे।बैठक के दौरान क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो और सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ जनसमस्याओं से जुड़े कई गंभीर मुद्दे उठाए गए।सदस्यों ने विशेष रूप से बाढ़ और कटाव की समस्या को लेकर बांधों की सुरक्षा का मामला उठाया।सदस्यों ने कहा कि गंगा सहित अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि के दौरान कई स्थानों पर बांध और तटबंध पर दबाव बढ़ जाता है।ऐसे में समय रहते संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने की जरूरत है।बैठक में पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए गए।सदस्यों ने आरोप लगाया कि प्रखंड की कई पंचायतों में मां लक्ष्मी इंटरप्राइजेज एजेंसी द्वारा लगाए गए आरसीसी कुर्सियों में घटिया और कमजोर सीमेंट का इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा पानी पीने के लिए लगाए



गए आरओ तथा जिम के नाम पर भी लाखों रुपये की राशि खर्च किए जाने और कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए।सदस्यों ने पूरे मामले की जांच कराकर दोषी एजेंसी और संबंधित लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की।इस पर विधायक विजय सिंह ने कहा कि मामले को उनके संज्ञान में लिया गया है।पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और जांच में अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन को लेकर भी सदस्यों ने सवाल उठाए। सदस्यों ने सीडीपीओ और सेविकाओं पर कथित रूप से अनियमितता किए जाने की शिकायत की तथा इसकी जांच कराने की मांग की। बैठक में सदस्यों ने कहा कि सरकारी योजनाओं में खर्च होने वाली राशि जनता के हित में है।

## संक्षिप्त समाचार

### भेलाई गांव में आयोजित हुआ समरसता शिविर

**डंडखोरा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्व से बनाये गये रोस्टर के अनुसार प्रखंड के भमरैली पंचायत अन्तर्गत भेलाई अनुसूचित जाति के मोहल्ले में गुरु रविदास के 650 वीं जयंती वर्ष पर गुरुवार को समरसता शिविर का आयोजन किया गया।प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजीत कुमार के नेतृत्व में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य, कृषि सहित अन्य विभागों के कर्मी



उपस्थित रहे। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों का मुफ्त स्वास्थ्य जांच और दवाई का वितरण किया गया।वहीं प्रखंड कृषि समन्वयक अभिनंदन कुमार ने कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बीडब्ल्यूओ ने बताया कि सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अनुसूचित परिवारों के पात्र लाभुकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में विभिन्न विभागों के लिए प्राप्त 32 आवेदनों का निष्पादन कर इसका प्रमाण भी लाभुकों को सौंप दिया गया। शिविर में विकास मित्र सतीश राय, मनीष कुमार, सुमंती कुमारी, रामदेव राय, सुशीला कुमारी और द्रौपदी कुमारी सहित अनुसुचित समाज के लोगों की मौजूदगी देखी गई।

### देसी कट्टा और स्मैक के साथ दो युवक गिरफ्तार

**बरारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरारी थाना पुलिस और एसटीएफ की टीम ने बुधवार की रात शीशिया गांव में छापेमारी कर अवैध हथियार व स्मैक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सहायक थाना क्षेत्र के ललियाही निवासी



अनिकेत कुमार (24) और सेमापुर थाना क्षेत्र के काबर कोठी निवासी गोलू कुमार (22) के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष सुमेश कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि शीशिया गांव में दो युवक अवैध हथियार लेकर किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस बल और एसटीएफ की टीम के साथ छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही दोनों युवक भागने लगे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया।तलाशी के दौरान उनके पास से एक देशी कट्टा, 5.78 ग्राम स्मैक,एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल बरामद किए गए। दोनों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। जहां आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।गिरफ्तार अनिकेत का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ प्राणपुर थाना और मध्य निषेध थाना में मामले दर्ज हैं।

### माता-पिता को बेरहमी से लाठी डंडा से मारने वाला कुपुत्र बेटा गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**आजमनगर/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के आजमनगर रोड स्टेशन के निकट स्थित गांव नलकूप्पा निवासी राखाल सिंह अपने बुजुर्ग माता पुरण देवी-पिता चिरकुट सिंह को लाठी डंडा से पीट कर बुरी तरह घायल कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड आजमनगर के निकट स्थित गांव नलकोपा में मामूली बात को लेकर एक नालायक बेटा ने अपने बुजुर्ग माता पिता को लाठी डंडे से



बेरहमी से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद गांव के लोग इकठ्ठा हो गए, जिससे बुजुर्ग माता-पिता की जान बच गई। साथ ही गांव के लोगों की सहायता से बूढ़े मां-बाप को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आजमनगर में भर्ती कराया गया। वहीं घटना की जानकारी 112 नंबर पर ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही आजमनगर पुलिस तुरंत घटनास्थल पहुंचकर कुपुत्र राखाल सिंह( 27) को गिरफ्तार कर थाने ले आए। मामले को लेकर पिता चिरकुट सिंह के द्वारा आजमनगर थाने में दिए गए आवेदन के बाद आजमनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की तहकीकात में जुट गई। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए राखाल सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत कटिहार भेज दिया गया।

## मिड-डे मील बंद रहने पर माहीनगर प्राथमिक विद्यालय की प्रधान शिक्षिका निलंबित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के माहीनगर प्राथमिक विद्यालय में नौ दिनों तक मध्याह्न भोजन नहीं बनने के मामले में शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने विद्यालय की प्रधान शिक्षिका वंदना सिन्हा को निलंबित कर दिया है। विद्यालय में लगातार नौ दिनों तक मध्याह्न भोजन नहीं बनाए जाने की सुचना पर विभाग हरकत में आयी। मामला सामने आने के बाद जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने इसे गंभीरता से संज्ञान लिया और अपने स्तर से जांच कराया। जांच में मामला सही पाये जाने



पर प्रधान शिक्षिका के विरुद्ध निलंबन की बड़ी कार्रवाई की हैं। जांच के उपरान्त मध्यान्ह भोजन संचालन में प्रधान शिक्षिका वंदना सिन्हा के द्वारा जान बूझकर अनियमितता बरती गई हैं तथा ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर मध्यान्ह भोजन संचालन दर्ज की गई थी जो नियमों के विरुद्ध हैं। जांच के उपरान्त प्रधान शिक्षिका द्वारा राशि का गबन के नियत से जान बूझकर अनियमितता बरतने की बात सामने आने के उपरांत जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने ये बड़ी कार्रवाई की है। निलंबन अवधि के दौरान वंदना सिन्हा का मुख्यालय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय डंडखोरा निर्धारित किया गया है। योगदान करने के उपरान्त नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। विभाग की इस कार्रवाई के बाद विद्यालय में मध्याह्न भोजन व्यवस्था को लेकर लापरवाही बरतने वालों में हड़कंप है।

## शिक्षक विप्लव कुमार को मिलेगा राजकीय शिक्षक पुरस्कार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के आजमनगर प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय अरिहाना के शिक्षक विप्लव कुमार का चयन राजकीय शिक्षक पुरस्कार के लिए किया गया है। शिक्षक दिवस के अवसर पर पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान



से पुरस्कृत किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित सम्मान वर्ष 2006 से शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा दी गई उत्कृष्ट सेवा एवं समर्पण भाव के लिए दिया जाएगा। जिला एवं प्रखंड मुख्यालय से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के अरिहाना एवं आसपास के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और आनंददायी शिक्षा देने के साथ-साथ विद्यालय के समग्र विकास में उनका योगदान प्रेरणादायी रहा है। वर्ष 2006 में मवि अरिहाना में बतौर शिक्षक नियोजित होने के बाद से हीं विप्लव कुमार पोषक क्षेत्र के शतप्रतिशत बच्चों का विद्यालय में नामांकन,ठहराव और नियमित कक्षा संचालन को प्राथमिकता देते रहे हैं। वहीं पारंपरिक शिक्षण विधा के अतिरिक्त रोचक गतिविधियों, प्रयोग के साथ करके सीखने की पद्धति का उपयोग किया, जिससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती गई। बच्चों के लिये कठिन माने जाने वाले गणित और विज्ञान विषयों को विभिन्न शैक्षणिक नवाचारों के जरिए सरल और सहज बनाने में उन्हें महारत हासिल है।

## पूर्व डिप्टी सीएम ने स्कूल का किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज (कटिहार)।** उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय हसनगंज का बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की पढ़ाई, बुनियादी सुविधाओं तथा मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने विद्यालय पहुंचकर सबसे पहले उपस्थिति पंजी की जांच की और विद्यालय में मौजूद शिक्षकों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से पढ़ाई, शिक्षण व्यवस्था और विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के



संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को नियमित रूप से कक्षा संचालन एवं विद्यार्थियों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने विद्यालय परिसर, पेयजल, शौचालय, बिजली, साफ-सफाई सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा मध्याह्न भोजन की व्यवस्था का जायजा लेते हुए भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई तथा बच्चों को निर्धारित मानक के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छ वातावरण, पौष्टिक मध्याह्न भोजन और जरूरी बुनियादी सुविधाएं मिलना उनका अधिकार है। विद्यालय की व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों की शिक्षा पर पूरी गंभीरता से ध्यान दें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के नियमित निरीक्षण से शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार आएगा और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा का माहौल मिलेगा। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शिक्षक,कर्मी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## राधा-कृष्ण रूप-सज्जा प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्नों ने बिखेरे सांस्कृतिक रंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर अरुण चौधरी सरस्वती शिशु मंदिर, बरमसिया कटिहार में राधा-कृष्ण रूप-सज्जा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप ज्योति प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके उपरांत भगवान श्रीराधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना एवं आरती संपन्न हुई।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव अमित कुमार गुप्ता, समिति सदस्य एवं दंत चिकित्सक डॉ. लीलाधर महेश्वरी, जनार्दन यादव तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ



के सह जिला संचालक, गोविंद शर्म की उपस्थिति रही। विद्यालय सचिव अमित कुमार गुप्ता ने भैया-बहनों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के महत्व से अवगत कराते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, आदर्शों एवं उनके संदेशों पर प्रकाश डाला तथा सभी को उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।विद्यालय के सभी आचार्य जी, दीदी जी एवं विद्यालय परिवार के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ और अंत में शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## नन्हे-मुन्नों ने कृष्ण की लीलाओं से मोहा मन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जयमाला शिक्षा निकेतन, हृदयगंज, कटिहार में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा पंचम तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप, उनकी बाल लीलाओं एवं आदर्श चरित्र को विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की आकर्षक झांकी एवं मंगलाचरण से हुई। नन्हे-नन्हे बच्चे बाल कृष्ण, राधा, यशोदा मैया, नंद बाबा, ग्वाल-



बाल एवं गोपियों की मनमोहक वेशभूषा में सजकर कार्यक्रम में शामिल हुए। बच्चों की आकर्षक पोशाक, मासूम मुस्कान और मनमोहक अभिनय ने पूरे विद्यालय परिसर को कृष्णमय बना दिया।इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. एस. के. सुमन ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन मानव समाज को प्रेम, मित्रता, कर्तव्य, कर्म, सत्य, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

## ग्रामीण बैंक चांदपुर शाखा ने चलाया विशेष ऋण वसूली अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार)।** उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक की चांदपुर शाखा की ओर से विशेष ऋण वसूली अभियान चलाया गया।इस दौरान बैंक के अधिकारी को कदवा थाना पुलिस के साथ विभिन्न गांवों के लंबे समय से ऋण की राशि नहीं लौटाने वाले ऋणधारकों के घर पहुंचकर ऋण की बकाया राशि जमा कर देने तथा नहीं देने पर कानूनी कारवाई किये जाने की बात करते देखे गये । बैंक एवं पुलिस की संयुक्त टीम को देखकर ऋणधारकों में खलबली मची हुई है।इस अभियान के तहत चौनी, पिपरा, छतियन, नया टोला परभेली, सधेली, रानी कोला सहित विभिन्न गांवों में ऋण वसूली को लेकर सघन अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान बकायेदारों को हिरासत में लिये जाने तथा राशि जमा कर दिये जाने पर छोड़ दिये जाने की बात भी सामने आई है।अभियान का नेतृत्व शाखा के शाखा प्रबंधक मोहन मधुकर कर रहे थे। जबकि वरीय



अधिकारी विकी पासवान, कुणाल कुमार सहित कई अन्य बैंक अधिकारी भी साथ रहे तो वहीं कदवा थाना पुलिस टीम का भी अभियान में सक्रिय सहयोग रहा।बैंक अधिकारियों ने बताया कि ऋण की ससमय अदायगी न केवल बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत करती है, बल्कि जरूरतमंद लोगों को भविष्य में ऋण सुविधा उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बैंक की ओर से बकाया ऋणधारकों से अपील की गई कि वे जल्द बकाया राशि का भुगतान कर बैंक को सहयोग करें।क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात रंजन ने बताया कि ऋण वसूली को लेकर इस प्रकार के विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने ऋणधारकों से अपील करते हुए कहा कि वे बकाया को लेकर बैंक से संपर्क करें और उपलब्ध समझौता योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि आगामी 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बकायेदार ऋणधारकों को समझौता के माध्यम से ऋण खाते का निपटारा करने का अवसर मिलेगा। पात्र मामलों में विशेष छूट का लाभ दिया जा सकता है तथा राष्ट्रीय लोक अदालत में नियमानुसार कोर्ट फीस से भी राहत मिलेगी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्षों की सेवा-यात्रा को समर्पित सेवा संकल्प अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** भारतीय जनता पार्टी कटिहार की ओर से देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की यात्रा के उपलक्ष्य में ह्लसेवा संकल्प अभियानह्व का जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित किया गया । इस अवसर पर कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम के साथ किया गया। सेवा संकल्प अभियान जिला कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष प्रणव यादव, जिला प्रभारी प्रफुल्ल रंजन वर्मा, प्राणपुर विधायक सह महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष निशा सिंह, प्रदेश मंत्री सीमा झा,कोढ़ा विधायक कविता पासवान, जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी , जिला



महामंत्री रामनाथ पांडे, गोविंदा अधिकारी, सौरभ कुमार मालाकार, मुख्य रूप से उपस्थित हुए।मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव यादव ने कहा कि 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा को संस्कार और जनकल्याण को संकल्प मानकर राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों में आदरणीय नरेंद्र मोदी जी ने संगठन से लेकर शासन तक अपने जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्रसेवा, जनसेवा और अंत्योदय को समर्पित किया है। गरीब, किसान, युवा, महिला, श्रमिक और समाज के वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों ने भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में नई गति प्रदान की है। जिलाध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्व के मंत्र के साथ देश को नई दिशा देने वाली इस गौरवपूर्ण सेवा-यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के दौरान भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी समाज के विभिन्न वर्गों के बीच पहुंचकर सेवा, जनसंपर्क, स्वच्छता, जनजागरूकता, सामाजिक सहभागिता एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि प्रधानमंत्री की सेवा भावना से प्रेरणा लेकर हर जरूरतमंद तक सहयोग पहुंचे, हर पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए।उपस्थित मंचासिन सभी वक्ताओं ने अपने-अपने संबोधन में कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा-यात्रा को जन-जन तक पहुंचाएं और उनके ह्लसेवा ही संगठनह्व के भाव को अपने जीवन एवं सामाजिक दायित्वों में आत्मसात करें।इस मौके पर जिला स्तरीय कार्यशाला में विधान सभा प्रभारी, संयोजक, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, कार्यक्रम की जिला एवं मंडल स्तर की टोली शामिल हुए।

संक्षिप्त समाचार

## अंडे हुए महंगे तो 48 प्रतिशत परिवारों ने कम कर दी खरीदारी, क्वालिटी पर भी जताई चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में अंडों की बढ़ती कीमत का असर अब लोगों की खरीदारी पर भी



पड़ रहा है। लोकल सर्कल्स के सर्वे के मुताबिक, अंडे खरीदने वाले 48 प्रतिशत परिवारों ने कीमत बढ़ने के बाद इसकी मात्रा या खरीद की आवृत्ति कम कर दी है। वहीं, 10 प्रतिशत लोगों ने सस्ते विकल्प या दूसरे स्रोतों से अंडे खरीदना शुरू किया है। सर्वे में शामिल 62 प्रतिशत परिवारों ने बताया कि पिछले छह महीनों में अंडों की कीमत 10 से 50 प्रतिशत तक बढ़ी है। इनमें 31 प्रतिशत ने 10–25 प्रतिशत और इतने ही लोगों ने 25–50 प्रतिशत तक कीमत बढ़ने की बात कही। 22 प्रतिशत ने 10 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी बताई। कुल 84 प्रतिशत लोगों ने किसी न किसी स्तर पर कीमत बढ़ने की बात कही। अंडों की बढ़ती कीमत के पीछे पोल्ट्री फीड की लागत को बड़ी वजह माना जा रहा है। अंडा उत्पादन की लागत में फीड की हिस्सेदारी करीब 65–70 प्रतिशत है। मक्के की कीमत बढ़ने से भी पोल्ट्री उद्योग पर दबाव बढ़ा। मक्के का इस्तेमाल एथेनॉल उत्पादन में बढ़ने से इसकी उपलब्धता और कीमत को लेकर चिंता जताई जा रही है। अंडों की बढ़ती कीमत के पीछे पोल्ट्री फीड की लागत को बड़ी वजह माना जा रहा है। अंडा उत्पादन की लागत में फीड की हिस्सेदारी करीब 65–70 प्रतिशत है। इस बीच अंडों की गुणवत्ताको लेकर भी लोगों की चिंता सामने आई। सर्वे में 70 प्रतिशत परिवारों ने अंडों में मिलावट को लेकर खुद को बेहद चिंतित बताया। 20 प्रतिशत कुछ हद तक चिंतित थे। यानी कुल 90 प्रतिशत उपभोक्ता चिंतित दिखे। दिसंबर 2025 में एक उपभोक्ता संगठन की ओर से कराए गए लैब टेस्ट में एक ब्रैंडेड अंडे के सैंपल में नाइट्रोफ्यूरान मेटाबोलाइट्स के अंश मिलने की रिपोर्ट के बाद एफएसएसएआई ने देशभर में अंडों की निगरानी और जांच के निर्देश दिए थे। बाद में एफएसएसएआई ने स्पष्ट किया था कि अंडे सुरक्षित हैं और इन्हें कैंसर से जोड़ने वाले दावे वैज्ञानिक रूप से सही नहीं है।

## अभिनंदन को पायलट बनाने वाली कंपनी एफएल-1491 ने दिया 40 एटीआर विमानों का ऑर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोवा की रीजनल एयरलाइन एफ 491 ने 40 एफ–72 टर्बोप्रॉप विमानों का ऑर्डर दिया है। यह हाल के समय में इस तरह के विमानों के लिए दिए गए सबसे बड़े ऑर्डर्स में से एक है। कंपनी का मकसद भारत के उन छोटे कस्बों और शहरों में कनेक्टिविटी बढ़ाना है, जहां बड़े जेट विमान नहीं पहुंच पाते। लिस्ट प्राइस के हिसाब से इस ऑर्डर की कीमत .1 बिलियन से ज्यादा है। हालांकि, बड़े ऑर्डर पर एयरलाइंस को अक्सर भारी छूट मिलती है। ईटी की रिपोर्ट के मुताबिक एफ 491 अपने विस्तार की योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए मौजूदा और नए निवेशकों से लगभग 250 करोड़ जुटाने की प्रक्रिया में भी है। इस ऑर्डर से एफएल 491 का बेड़ा दोगुने से भी ज्यादा हो जाएगा। टियर–2 और टियर–3 शहरों में इसकी पहुंच काफी बढ़ जाएगी। कंपनी अभी विमानों का एक छोटा बेड़ा चलाती है, जो सरकार की उड़ान रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत सिंधुदुर्ग और जलगांव जैसे हवाई अड्डों को जोड़ते हैं। हम भारत की विकास गाथा को लेकर बहुत उत्साहित हैं और भारत से एक भरोसेमंद ट्रांसपोर्टेशन कंपनी बनाना चाहते हैं। भारत में 100 ऐसे हवाई अड्डे हैं जहां और 737 जैसे बड़े विमान नहीं जा सकते। एटीआर–72 विमान उन रूट्स और हमारे कॉस्ट मॉडल के लिए बिल्कुल सही हैं नए विमानों की डिलीवरी 2027 के आखिर में शुरू होने और पांच साल में पूरी होने की उम्मीद है। एफआई491 और एटीआर के प्रवक्ताओं ने सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। एफएल 491 के फाउंडर और सीईओ मनोज चाको ने कहा, 'हम भारत की विकास गाथा को लेकर बहुत उत्साहित हैं।

# कंफर्म टिकट के बावजूद अकेली महिला को आधी रात ट्रेन से उतारा, रेलवे अब भरेगा 200000 का हर्जाना

**तिरवनंतपुरम, एजेंसी।** एक टिकट चेकिंग स्टाफ या ने अकेली सफर कर रही महिला को आधी रात से उतार दिया। यही नहीं, ट्रेन से उतरने के बाद महिला को ने गिरफ्तार भी कर लिया। टीटीई का कहना था कि वह बेटिकट थी। महिला का कहना था कि उसके पास कंफर्म टिकट था जिसे काउंटर से कटाया था। मामला पहुंचा। कमीशन ने इसमें रेलवे को दोषी पाया।

केरल राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष ने मामले की सुनवायी की। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद उन्होंने बीते महीने भारतीय रेल को आदेश दिया कि वह महिला यात्री को 2 लाख रुपये हर्जाना भरे। साथ ही कहा यदि छह सप्ताह में हर्जाने की राशि भुगतान नहीं होता है तो 8 फीसदी की दर से ब्याज भी देना होगा।

### क्या है मामला

साउथफर्स्ट डॉट कॉम की एक रिपोर्ट के मुताबिक केरल में त्रिशूर जिले के की रहने वाली हैं के. जयस्मिता। उन्होंने 16348, मेंगलुरु सेंट्रल-त्रिवेंद्रम सेंट्रल एक्सप्रेस, में 30 जुलाई 2023 को वडक्कनचेरी से त्रिवेंद्रम तक की यात्रा करने के लिए रिजर्वेशन खिड़की से टिकट बनवाया। उन्हें कोच नंबर एस4 में 41 नंबर का कंफर्म बर्थ मिला था। रात नौ बजे के बाद ट्रेन उनके स्टेशन में आई। ट्रेन में सवार होने के बाद जब वह अपने बर्थ पर पहुंची तो वहां किसी



### आधी रात को ट्रेन से उतारा

आर्गुमेंट में करीब दो घंटे बीत गए। इस बीच टीटीई ने कहा कि यदि दूसरी सीट लेनी है तो उन्हें 500 रुपये का फाइन भरना होगा। महिला के पास इतनी राशि नहीं थी। इसेक बाद उन्हें रात में करीब 11 बजे अलुवा रेलवे स्टेशन पर न सिर्फ उतार दिया गया बल्कि आरपीएफ को सौंप दिया। आरपीएफ ने उस महिला को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, मामला दर्ज करने के बाद उसे जमानत पर छोड़ दिया गया।

और यात्री को देखा। उन्होंने टीटीई से बर्थ दिलवाने को कहा तो बताया गया कि असली यात्री वही है। उनका टिकट ऑनलाइन कैंसिल करा दिया गया है। तब महिला ने कहा कि उन्होंने तो रिजर्वेशन खिड़की से टिकट बनवाया और कैंसिल भी नहीं कराया तो फिर ऐसा कैसे हुआ पाया कि किसी महिला को आधी रात गलत तरीके से ट्रेन से उतारना रेलवे एक्ट की धारा 137 और 139 का उल्लंघन है।

### जांच में क्या पाया गया

इस मामले की रेलवे के डीआरएम ने जांच की। उसमें पाया गया कि महिला के टिकट पर जो मोबाइल नंबर अंकित था, उसी नंबर से टिकट ऑनलाइन केंसिल कराया गया है। दरअसल, जब टिकट बुक हुआ तो इस नंबर पर मैसेज गया। जिसे मैसेज मिला, उसने टिकट कैंसिल करा दिया। महिला का कहना है कि उसने रिजर्वेशन फार्म पर सही नंबर लिखा है लेकिन रिजर्वेशन क्लर्क ने सिस्टम में गलत नंबर फीड कर दिया।

### महिला की नौकरी छूट गई

रेलवे ने बाद में जांच की और मामले को यह कहते हुए वापस ले लिया कि गलत तरीके से मुकदमा दर्ज किया गया। लेकिन मामला दर्ज होते ही उस महिला की नौकरी छूट गई। वह एक सरकारी विभाग में कांट्रेक्चुअल जॉब करती थी। साथ ही यह किसी महिला के सम्मान से जीने के अधिकार का भी उल्लंघन है। रेलवे उस महिला को दो लाख रुपये का हर्जाना भरे। साथ ही उस महिला को नौकरी वापस पाने का आवेदन देने का निर्देश दिया। साथ माइनरिटी वेलफेयर डिपार्टमेंट को उस आवेदन पर एक महीने के अंदर फैसला करने को कहा।

## 5200 क्विंटल पर आ गई चीनी, फिर भी रिटेल प्राइस टाइट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चीनी के थोक भाव सरकार की सख्ती के बाद काफी नरम हुए, लेकिन रिटेल प्राइस में अभी बहुत अधिक नरमी देखने को नही मिल रही है। दिल्ली से गुवाहाटी तक जहां मंडी में चीनी सस्ती हुई है, वहीं खुदरा बाजार में पिछले दो दिन से भाव स्थिर हैं। चीनीमंडी के मुताबिक मुंबई में 22 अगस्त को 1 क्विंटल चीनी का भाव 6750 रुपये था और अब ये 5200 रुपये पर आ गए हैं। दिल्ली में ऑल टाइम हाई 6600 से 2 सितंबर को चीनी के दाम 5700 रुपये क्विंटल ही रह गए। इसी तरह कानपुर में थोक चीनी के लेटेस्ट भाव 5650 रुपये, रायपुर, रांची और कोलकाता में 5400 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया है। गुवाहटी में 5450 रुपये है तो हैदराबाद में 5300 और चेन्नई में 5900 रुपये क्विंटल। इन रेट्स में जीएसटी जुड़ा हुआ है। दो सितंबर को मुंबई, गुवाहटी में चीनी का रिटेल भाव 62 रुपये प्रति किलो था। रांची, दिल्ली, कानुपर, रायपुर, मुंबई, कोलकाता और हैदराबाद में 1 किलो चीनी का भाव 61 रुपये पर टिका था। जबकि, चेन्नई में यह 63 रुपये किलो थी। इन शहरों में एक सितंबर को भी खुदरा बाजार में चीनी के रेट यही थे। सरकार की सख्ती और उपायों के चलते दिल्ली में 12 दिन में चीनी 7 रुपये सस्ती हुई है।

# चीन ने बढ़ाई, भारत ने घटाई रूसी तेल की खरीद, अमेरिका एलपीजी और एलएनजी का सबसे बड़ा सप्लायर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूसी तेल के लिए भारत और चीन के बीच होड़ बढ़ गई है। भारत ने अगस्त में रूस से रोजाना 21 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा, जो उसके कुल तेल आयात का 45 प्रतिशत था। हालांकि यह जुलाई के मुकाबले कम है। इस दौरान चीन ने रूसी तेल की खरीद बढ़ा दी है। अगस्त में उसने रूस से कच्चे तेल की रोजाना खरीद दो लाख बैरल बढ़ाकर 16 लाख बैरल कर दी है जो मार्च के बाद सबसे ज्यादा है। हालांकि यह फरवरी के रोजाना 20 लाख बैरल से कम है। मैरीटाइम इंटेलिजेंस और रिसर्च फर्म के डेटा के मुताबिक अगस्त में रूस भारत को कच्चा तेल सप्लाई करने वाला सबसे बड़ा देश बना रहा जबकि सबसे ज्यादा सप्लाई अमेरिका ने हुई। भारत ने पिछले महीने रूस से हर दिन 21 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा। हालांकि, यह आंकड़ा जुलाई के 28 लाख बैरल से कम था। अन्य प्रमुख सप्लायर्स में यूएई (5 लाख बैरल), सऊदी अरब (5 लाख बैरल) और वेनेजुएला (3 लाख बैरल) शामिल हैं। भारत इस दौरान रूस को पेट्रोल और डीजल सप्लाई करने वाला एक अहम देश भी बनकर उभरा। यूक्रेनी हमलों से रूस की रिफाइनरीज पर असर पड़ा था। एनर्जी एनालिटिक्स फर्म के अनुसार, अगस्त में रूस का समुद्र के रास्ते से पेट्रोल का आयात बढ़कर 125,000 बैरल प्रति दिन हो गया। रूस ने भारत के अलावा तुर्की और मोरक्को जैसे देशों से पेट्रोल और डीजल मंगाया। इस बीच अमेरिका भारत को सबसे बड़ा सप्लायर बनकर उभरा है। अगस्त में भारत के कुल आयात में अमेरिका की हिस्सेदारी के मामले में लगभग 51 प्रतिशत और मामले में 38 प्रतिशत रही। कुल आयातित 1.1 मिलियन टन में से लगभग 0.6 मिलियन टन कुकिंग और हीटिंग गैस अमेरिका से आई, जबकि जुलाई में यह आंकड़ा 0.9 मिलियन टन था।

### क्यों घटा इंपोर्ट

मई, जून और जुलाई की तुलना में अगस्त में भारत का कुल इंपोर्ट कम रहा। ईरान युद्ध के कारण भारतीय रिफाइनरियों ने सप्लाई की कमी से बचने के लिए खरीदारी बढ़ाई थी। अगस्त में कच्चे तेल की सप्लाई का अनुमान 46 लाख बैरल रहा जो जुलाई के रोजाना आयात 50 लाख बैरल से लगभग 8 प्रतिशत कम है। जानकारों का कहना है कि यह गिरावट हाल के महीनों में भारी खरीदारी के बाद नरमी, कुछ रिफाइनरियों में तय मेंटेनेंस और रूसी कच्चे तेल की कम उपलब्धता को दिखाती है। इस दौरान यूएई (एक लाख टन) और अल्जीरिया (1 लाख टन) अन्य प्रमुख सप्लायर थे। भारत ने उस महीने में कुल 2.2 मिलियन टन एलएनजी इंपोर्ट की, जिसमें से 8 लाख टन अमेरिका से आई थी।

# कमाने में बेंगलुरु आगे, खर्च करने में चंडीगढ़ नंबर 1, उधारी में चेन्नई और दिल्ली सबसे बड़ा बाजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के बड़े शहरों के बारे में की गई एक स्टडी में दिलचस्प आंकड़े सामने आए हैं। इसके मुताबिक कमाई और बचत के मामले में दक्षिणी शहर बेंगलुरु सबसे आगे है जबकि देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में सबसे ज्यादा अमीर परिवार रहते हैं। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के लोग सबसे ज्यादा उधार लेते हैं जबकि दिल्ली-एनसीआर देश का सबसे बड़ा बाजार है। कमाई के मामले में बेंगलुरु पहले नंबर पर है। इस शहर में एवरेज एनुअल हाउसहोल्ड इनकम के 28.3 लाख रुपये है जो कोलकाता से 1.7 गुना ज्यादा है। इसमें चंडीगढ़ दूसरे नंबर पर है जबकि वडोदरा और दिल्ली की एवरेज एनुअल हाउसहोल्ड इनकम 25.9 लाख रुपये है। लेकिन अमीर परिवारों के मामले में मुंबई सबसे आगे है। यहां 26.1 प्रतिशत परिवारों की



सालाना कमाई 36 लाख रुपये या उससे अधिक है। दिल्ली में यह आंकड़ा 22.4 प्रतिशत, चेन्नई में 12.6 प्रतिशत, कोलकाता में 10.4 प्रतिशत, हैदराबाद में 8.8 प्रतिशत और बेंगलुरु में 8 प्रतिशत है। मिडिल इनकम के मामले में हैदराबद सबसे आगे है। यहां 68.1 प्रतिशत परिवारों की सालाना इनकम 6 से 36 लाख रुपये के बीच है। सालाना 1.5 से 6 लाख रुपये तक की कमाई करने वाले परिवारों की सबसे ज्यादा संख्या कोलकाता (35.2 प्रतिशत) है। हालांकि सबसे ज्यादा खर्च करने के मामले में चंडीगढ़ सबसे आगे है।

### सेविंग्स और कर्ज

सेविंग्स की बात करें तो देश को छह बड़े शहरों में परिवारों की सेविंग्स उनकी इनकम की 42 फीसदी है जबकि ऑल इंडिया में यह आंकड़ा 25 फीसदी है। सेविंग्स के मामले में बेंगलुरु पहले नंबर पर है। यहां के परिवार अपनी इनकम का 45.9 फीसदी सेव करते हैं। इसके बाद दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद और चेन्नई का नंबर है। कर्ज लेने के मामले में चेन्नई नंबर वन है। इस शहर में डेट टु इनकम रेश्यो 27.7 फीसदी है। छह बड़े शहरों का रेश्यो 18.5 फीसदी है। इस लिस्ट में कोलकाता दूसरे और मुंबई तीसरे नंबर पर है। दिल्ली में यह रेश्यो 18 फीसदी है।

## शेयर ट्रांसफर मामले में टाटा को राहत, चैरिटी कमिश्नर ने बंद की तीन दशक पुराने मामले की जांच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने टाटा ग्रुप को तीन दशक पुराने शेयर ट्रांसफर मामले में राहत मिली है। यह मामला 1989 में नवलजबाई रतन टाटा ट्रस्ट द्वारा नेवल एच टाटा को टाटा संस के 833 शेयर ट्रांसफर से जुड़ा था। महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर ने मामले की जांच बंद कर दी है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक कमिश्नर ने पाया कि यह ट्रांजैक्शन में उस समय लागू कानूनों के प्रावधानों का पूरी तरह पालन किया गया था। इसके साथ ही तीन दशक से भी पुराने विवाद का अंत हो गया है। हाल के महीनों में टाटा ग्रुप पर कंट्रोल को लेकर स्टेकहोल्डर्स के बीच संघर्ष शुरू होने पर यह मुद्दा उठा था। इसे टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा को मुश्किल में डालने की कोशिश के तौर पर देखा गया, क्योंकि यह मामला उन्हें विरासत में मिले शेयरों से जुड़ा था। नोएल टाटा दिवंगत रतन टाटा के सौतेले भाई हैं। चैरिटी कमिश्नर का फैसला नोएल टाटा के लिए राहत की बात होगी जो ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस पर अपना कंट्रोल मजबूत करने की तैयारी कर रहे हैं। कंपनी के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन का कार्यकाल फरवरी में खत्म हो रहा है और उन्होंने तीसरे कार्यकाल के लिए दावेदारी नहीं करने का फैसला किया है। महाराष्ट्र के चैरिटी कमिश्नर अमोघ एस. कालोटी ने 2 सितंबर के आदेश में कहा कि ट्रस्ट ने यह साबित कर दिया है कि शेयर बेचना टैक्स से जुड़े कारणों से जरूरी था, इसके लिए सही डॉक्यूमेंटेशन और वैल्यूएशन किया गया था।

# 3 साल में 24 प्रतिशत तक का बंपर मुनाफा, 6 फंड्स में आपने किया निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में आय दिन म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। लोग इसके जरिए एसआईपी या लमसम में पैसे लगाते हैं, जिन्हें समय के साथ अच्छे रिटर्न मिलते हैं।




ऐसे में आपको भी अगर म्यूचुअल फंड में निवेश की तलाश है तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। मार्केट के जानकार वैसे तो म्यूचुअल फंड में निवेश को भी जोखिम वाला बताते रहे हैं, लेकिन शेयर बाजार में शेयरों की खरीदारी की तुलना में म्यूचुअल फंड में निवेश को अच्छा माना जाता है। लोग लंबी अवधि के लिए भी इसे चुनते हैं और निवेश करते हैं। इस बीच हम यहां आपको कुल 6 ऐसे म्यूचुअल फंड (इक्विटी मिड कैप) के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने अपने पात्र निवेशकों को तीन साल में 24.4 फीसदी तक का बंपर मुनाफा दिया है। ये आंकड़े 19 अगस्त 2026 तक के हैं।

### इन्वेस्को इंडिया मिड कैप फंड

इन्वेस्को इंडिया मिड कैप फंड की बात करें तो इसमें कम से कम 100 रुपये से एसआईपी निवेश की शुरुआत की जा सकती है। इसने बीते तीन महीने में 9.5 फीसदी का रिटर्न दिया है। इसके अलावा इसने 6 महीने में 10.5 फीसदी, एक साल में 8.8 फीसदी और तीन साल में 24.4 फीसदी का रिटर्न दिया है।

### एडेलवाइस मिड कैप फंड

एडेलवाइस मिड कैप फंड की बात करें तो इसने बीते तीन साल में अपने पात्र निवेशकों को 22.1 प्रतिशत का तगड़ा रिटर्न दिया है। एसआईपी करने की बात करें तो इसमें कम से कम 100 से निवेश की शुरुआत कर सकते हैं। एडेलवाइस मिड कैप ने अपने निवेशकों को तीन महीने में 4.9 फीसदी, 6 महीने में 7.1 फीसदी और एक साल में 8.6 फीसदी का रिटर्न दिया है।

### सुंदरम मिड कैप फंड

सुंदरम मिड कैप फंड ने अपने पात्र निवेशकों को बीते तीन साल में 20.8 फीसदी का रिटर्न दिया है। एसआईपी के जरिए आप इसमें कम से कम 100 रुपये से निवेश की शुरुआत कर सकते हैं। सुंदरम मिड कैप ने बीते तीन महीने में 6.8 फीसदी, 6 महीने में 7.1 फीसदी और एक साल में 9.4 फीसदी का रिटर्न दिया है।

# आपके पास जीने के लिए सिर्फ 5 साल', मौत की चेतावनी को अपने काम से दी मात, अब 48 लाख की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी है दिल्ली के एक कपल राकेश आनंद और रूपिका आनंद की। इन दोनों ने कॉर्पोरेट जगत में कई साल बिताए। सबकुछ अच्छा चल रहा था कि अचानक साल 2016 में रूपिका को फेफड़ों की गंभीर बीमारी का पता चला। सिर्फ 5 साल की जिंदगी बचने की डॉक्टर की चेतावनी के बाद इस जोड़े ने अपनी लाइफस्टाइल के साथ खान-पान को पूरी तरह बदलने का फैसला किया। इसी जिद से 'ऑर्गेनिक थियो' का जन्म हुआ। यह एक ऑर्गेनिक फार्मिंग ब्रांड है। इसने न सिर्फ रूपिका की सेहत सुधारी, बल्कि 48 लाख रुपये सालाना के सफल व्यवसाय का रूप भी ले लिया। आइए, यहां राकेश आनंद और रूपिका आनंद की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

राकेश आनंद ने आईआईटी-बॉम्बे से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। रूपिका दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) से ग्रेजुएट हैं। लंबे समय तक दोनों कॉर्पोरेट जगत का हिस्सा रहे। दुबई में बहुराष्ट्रीय कंपनियों और बैंकों में शानदार करियर, मर्सिडीज जैसी लग्जरी गाड़ियों और बेफिक्र जिंदगी बिताने के बाद पारिवारिक कारणों से यह कपल 2001 में भारत लौट आया। भारत में दोनों फिर से अपने कॉर्पोरेट और सामाजिक कामों में बिजी हो गए। लेकिन, साल 2016 में खुशहाल जिंदगी को बड़ा झटका लगा।



### अब सालाना 48 लाख की कमाई

केवल सब्जियां या अनाज बेचने के बजाय इस कपल ने वैल्यू–एडेड प्रोडक्ट्स पर फोकस किया। आज वे कोल्ड–प्रेस तेल, बिलोना 2 घी, मल्टीग्रेन आटा, हर्बल जूस, अचार, जैम, च्यवनप्राश, गुझिया, बाजरे और ओट्स से बनी ब्रेड–कुलचे और फ्रूट आइसक्रीम जैसे दर्जनों प्रोडक्ट्स बेचते हैं। हर साल औसतन 9–10 टन उत्पादन और 200–250 रुपये प्रति किलो/लीटर की औसत दर पर सीधे ग्राहकों को बिक्री करके यह ब्रांड सालाना 47–48 लाख का रेवेन्यू हासिल कर रहा है। इसके साथ ही, वे अपने फार्म पर पारंपरिक 'सरसों का साग और मक्के की रोटी' जैसी मिट्टी के चूल्हे पर बनी भोजन व्यवस्था के साथ फार्म–टू–टेबल एग्री–टूरिज्म का अनुभव भी देते हैं। अब उनके बच्चे भी अपनी कॉर्पोरेट नौकरियां छोड़कर इस ब्रांड को आगे बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। ऐसा तब हुआ जब रूपिका को फेफड़ों में सूजन की गंभीर बीमारी का पता चला। डॉक्टरों ने कहा कि उनके पास जीने के लिए सिर्फ 5 साल बचे हैं।

### यूट्यूब से सीखे खेती के गुर

खेती का कोई पूर्व अनुभव न होने के कारण राकेश और रूपिका ने ऑर्गेनिक फार्मिंग एक्सपर्ट आकाश चौरसिया के यूट्यूब वीडियो देखकर सीखना शुरू किया। इसके बाद वे 15 दिनों की ट्रेनिंग के लिए सागर (मध्य प्रदेश) गए। वहां उन्होंने मल्टी–लेयर फार्मिंग, जैविक खाद और कीट प्रबंधन के तरीके सीखे। 2018 में उन्होंने नोएडा में अपने एक दोस्त की 2 बीघा जमीन पर प्रयोग के तौर पर टमाटर, पालक, मिर्च और नींबू उगाने से शुरुआत की। शुरुआती सफलता और रिश्तेदारों–दोस्तों से मिले अच्छे रेस्पॉन्स के बाद उन्होंने बुलंदशहर में 7 एकड़ जमीन लीज पर ली। पिलखुवा (हापुड़) में 8 एकड़ जमीन खरीदकर और लीज पर लेकर अपने काम का विस्तार किया। बुनियादी ढांचे और जमीन की तैयारी में उन्होंने लगभग 8–10 लाख रुपये का इंवेस्टमेंट किया।

### बंटे हुए हैं पति-पत्नी के काम

आज राकेश और रूपिका का फार्म 15 एकड़ में फैला हुआ है। वहां दालें, अनाज (शरबती, खापली गेहूं और बासमती चावल), बाजरा, तिलहन, फल (स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, एवोकैडो, शहतूत) और हरी सब्जियां उगाई जाती हैं। पिलखुवा फार्म में 5 देसी गायों की एक डेयरी यूनिट भी है। गाय के गोबर और गोमूत्र को प्राकृतिक खाद और कीट–नियंत्रक के रूप में खेतों में दोबारा इस्तेमाल किया जाता है। राकेश खेती के तकनीकी, परिचालन और मिट्टी के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं।

# दिशा की बैठक में योजनाओं की समीक्षा

## समयबद्ध क्रियान्वयन का दिया निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** समाहरणालय सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, लंबित परियोजनाओं, सड़क, बिजली, पेयजल, आवास और स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की व्यापक समीक्षा की गई। सांसद ने अधिकारियों को योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया।

मनरेगा की समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त अरविन्द कुमार लाल ने बताया कि पिछले दो वर्षों में जिले में 769 डोभा, 501 ट्रेंच कम बंड तथा 734 कुओं का निर्माण कराया गया है। जल संरक्षण योजनाओं का चयन ग्राम सभा एवं पंचायत स्तर पर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा में सांसद ने क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने, स्वीकृत एवं लंबित सड़कों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने तथा धरमपुर-पाकुड़ सड़क निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना के लंबित आवासों को भी जल्द पूरा करने पर जोर दिया गया। पेयजल व्यवस्था की समीक्षा में लिट्टीपाड़ा और अमड़ापाड़ा क्षेत्र की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए कार्ययोजना बनाने को कहा गया। गंगाजल आपूर्ति योजना के तहत इंटेक वेल निर्माण का कार्य प्रगति पर है, जिसे दिसंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

बिजली व्यवस्था की समीक्षा में बताया गया कि नौ गांवों में विद्युत आपूर्ति पहुंचाने के लिए जेआरईडीए के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत सदर अस्पताल की रात्रिकालीन चिकित्सा व्यवस्था और एंबुलेंस सेवा की भी समीक्षा हुई।

बैठक में विभिन्न योजनाओं के 12 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र एवं परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अधिकारियों को सांसद के निर्देशों का शत-प्रतिशत और समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। सांसद ने अगली बैठक से पूर्व सभी निर्देशों के अनुपालन का निर्देश दिया।

## टावर पर चढ़ी तीन बच्चों की मां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी नगर के वीर कुंवर सिंह कॉलोनी स्थित एयरटेल मोबाइल टावर पर गुरुवार सुबह एक शादीशुदा महिला करीब 200 फीट की ऊंचाई पर चढ़ गई। महिला के टावर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही इलाके में अफरातफरी मच गई। करीब पांच घंटे तक चले मान-मनौव्वल के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से उसे सुरक्षित नीचे उतारा गया। महिला की पहचान गौरीचक निवासी लक्ष्मी कुमारी, पति राजू राम के रूप में हुई है। वह तीन बच्चों की मां है और मसौढ़ी में किराये के मकान में रहती है।

बताया जा रहा है कि लक्ष्मी का मसौढ़ी के एक निजी स्कूल में ड्राइवर का काम करने वाले मंटू कुमार के साथ कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा है। मंटू भी शादीशुदा है। बुधवार को इसी मामले में समझौते के लिए दोनों पक्ष मसौढ़ी कोर्ट पहुंचे थे, जहां हंगामा होने के बाद बात नहीं बन पाई थी। इसके अगले दिन सुबह करीब पांच बजे लक्ष्मी टावर पर चढ़ गई।

# पेयजल योजनाओं के क्रिटिकल गैप का 15 दिनों में करें विश्लेषण : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बोकारो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चास एवं बेरमो (तेनुघाट) के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रोएक्टिव होकर कार्य करने के निर्देश दिए। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में एसवीएस, एमवीएस, हर घर जल विलेज कवरेज सहित पेयजल एवं स्वच्छता योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने पेयजल को अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील विषय बताते हुए दोनों प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंताओं को अगले 15 दिनों के भीतर योजनाओं में मौजूद क्रिटिकल गैप का विस्तृत एवं समग्र विश्लेषण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बरसात के कारण जहां निर्माण कार्य प्रभावित हो सकते हैं, वहां इस अवधि का उपयोग फाइल वर्क, तकनीकी प्रक्रिया पूरी करने, प्रस्ताव तैयार करने एवं आवश्यक स्वीकृति की प्रक्रिया आगे बढ़ाने में किया जाए। उपायुक्त ने प्रस्ताव तैयार कर संबंधित स्तर पर चर्चा के बाद अंतिम प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा।

उपायुक्त ने कार्य पूर्ण हो चुकी अथवा शीघ्र पूर्ण होने वाली योजनाओं के हैंडओवर के बाद संचालन एवं रखरखाव (ओएनएम) की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। अधिकारियों को भविष्य की जरूरतों और चुनौतियों का आकलन करते हुए समय रहते कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में सामुदायिक स्वच्छ शौचालय निर्माण, एसबीएस कन्वर्जन, भूमि उपलब्धता एवं चयन की भी समीक्षा की गई। साथ ही प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट मशीन की खरीदारी प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, कार्यपालक अभियंता अनुज कुमार सिन्हा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## 1 अप्रैल तक चास के हर घर में पहुंचेगा पानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने गुरुवार को चास नगर निगम क्षेत्र में पेयजलापूर्ति एवं स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और कार्यरत एजेंसी को प्रोएक्टिव होकर काम करने तथा केवल पाइपलाइन और कनेक्शन का लक्ष्य पूरा करने के बजाय हर घर में नियमित एवं पर्याप्त पानी पहुंचाने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने कहा कि 1 अप्रैल 2027 तक चास नगर निगम क्षेत्र के शत-प्रतिशत घरों में पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करना लक्ष्य है। फेज-1 में करीब 11 हजार घरों को कनेक्शन तथा 72 किलोमीटर पाइपलाइन का काम पूरा हो चुका है। फेज-2 में करीब 200 किलोमीटर पाइपलाइन के जरिए 30 हजार घरों को जोड़ने का लक्ष्य है, जिसमें करीब 13 हजार कनेक्शन दिए जा चुके हैं। जुस्को को कार्य की विस्तृत रिपोर्ट 10 सितंबर तक निगम को देने का निर्देश दिया गया।

सभी वार्ड पार्षदों को 25 सितंबर तक प्रत्येक वार्ड में कुल घरों, जल कनेक्शन प्राप्त घरों और वंचित घरों की तथ्यात्मक गैप रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया। फेज-1 का हैंडओवर-टेकओवर भी 10 दिनों में पूरा करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जलमीनार में आने और वितरण होने वाले पानी की मात्रा की मीटर आधारित मॉनिटरिंग करने तथा अवैध मोटर और पानी की बर्बादी पर कार्रवाई का निर्देश दिया। स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा के दौरान 2 अक्टूबर से पहले कार्ययोजना तैयार करने और देर रात के साथ सुबह 4 से 7 बजे तक विशेष सफाई अभियान चलाने को कहा गया। 263 सफाई कर्मियों और 19 सुपरवाइजरों की जिम्मेदारी तय कर नियमित मॉनिटरिंग का निर्देश दिया। छठ को देखते हुए सोलागिडीह तालाब में पेवर ब्लॉक और सोलर लाइट की व्यवस्था समय पर पूरी करने को भी कहा गया।

## पर्यावरण संरक्षण ही ग्लोबल वार्मिंग पर नियंत्रण का विकल्प : रवि कुमार



**कतरास।** राजेन्द्र बालिका उच्च विद्यालय, कतरास में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एलआईसी ब्रांच कतरासगढ़ और जय धरती मां फाउंडेशन के संयुक्त सौजन्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि कुमार निषाद ने कहा कि पृथ्वी पर जीवन को बचाने के लिए संयुक्त राष्ट्र से लेकर भारत तक के वैज्ञानिक लगातार प्रयास कर रहे हैं। आज ग्लोबल वार्मिंग के कारण कई महाप्रलय जैसे संकट सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल में नेपाल में हिमालय से बर्फ का बड़ा टुकड़ा पिघलकर बाढ़ में तब्दील हो गया और भारी तबाही मची, जिसमें कई जानें गईं। इसलिए पर्यावरण संतुलन के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उन्हें संरक्षित करना ही मानव के पास एकमात्र विकल्प है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका सुमन मिश्रा, शिक्षक संतोष कुमार, एलआईसी ब्रांच के शाखा प्रबंधक, जय धरती मां फाउंडेशन के सह संस्थापक रंजीत कुमार, जिला सचिव सहदेव महतो और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद शमशेर अली मौजूद रहे।

## एसएमसी चुनाव में गड़बड़ी का आरोप, पुनर्मतदान की मांग

**पाकुड़।** उत्क्रमित विद्यालय रणडांगा के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के चुनाव में अनियमितता का आरोप लगाते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को आवेदन दिया है। अभिभावकों ने 29 अगस्त 2026 को हुए चुनाव के परिणाम पर तत्काल रोक लगाने और निष्पक्ष तरीके से पुनः चुनाव कराने की मांग की है।आवेदन में कहा गया है कि विभागीय पत्र संख्या 678 के आलोक में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया जाना था। मतदान की प्रक्रिया संबंधित शिक्षकों एवं पर्यवेक्षक कैलाश प्रसाद भगत की उपस्थिति में शुरू हुई। अभिभावकों का आरोप है कि करीब दो बजे पर्यवेक्षक विद्यालय से चले गए और लगभग 2:15 बजे लौटकर मतदान समाप्त करने की घोषणा कर दी। उस समय विद्यालय के बाहर बड़ी संख्या में अभिभावक मतदान के लिए मौजूद थे, लेकिन उन्हें मतदान का अवसर नहीं मिल सका। अभिभावकों के अनुसार मतगणना में हबीबुर शेख को 117, सफीकुल शेख को 113, एजाबुल शेख को 9 और सबरुल शेख को 98 मत मिले। कुल 337 मतपत्र होने की बात सामने आई। वहीं अभिभावक हस्ताक्षर/उपस्थिति रजिस्टर में प्रविष्टियां 331 तक दर्ज होने का दावा किया गया है। इस तरह छह मतों का अंतर बताया गया है। अभिभावकों ने चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए परिणाम पर रोक लगाने, सभी पात्र अभिभावकों को मतदान का अवसर देने तथा पर्याप्त प्रशासनिक निगरानी में पुनः निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की है।

## सोन व कनहर के उफान से कई गांवों पर बाढ़ का खतरा

**गढ़वा।** छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कैचमेंट एरिया में हो रही मूसलाधार बारिश के बाद सीमावती राज्यों के चार बड़े बाँधों से एक साथ लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण गढ़वा जिले की सीमावती नदियों में जलप्रलय की संभावना बन गई है। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में बने अमवार (कनहर) डैम का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर जाने के बाद इसके 10 रेडियल गेट खोल दिए गए हैं, जिससे कनहर नदी रौद्र रूप धारण कर चुकी है। वहीं, बाणसागर और रिहंद डैम से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण सोन नदी भी उफान पर है। जिला प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए खरौंधी, केतार, कांडी तथा हरिपुर, मंझिआव व धुरकी प्रखंड के तटीय गांवों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। जानकारी के अनुसार, इन जलाशयों से लगभग 2,43,660 क्यूसेक पानी नदियों में डिस्चार्ज किया जा रहा है, जो अगले कुछ घंटों में गढ़वा के तटों तक पहुंच जाएगी। मध्य प्रदेश के बाणसागर डैम के आठ रेडियल गेटों से 1,15,700 क्यूसेक पानी सीधे सोन नदी में छोड़ा जा रहा है। उत्तर प्रदेश के रिहंद बांध के पांच फाटकों से 55,000 क्यूसेक और टरबाइन से 17,960 क्यूसेक पानी रेणु नदी के रास्ते सोन में आ रहा है।

# तोड़ाई-मसना नदी उफान पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** जिले में पिछले दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। तोड़ाई और मसना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से दोनों नदियां उफान पर हैं। नदी का पानी तेजी से आसपास के निचले इलाकों में फैल रहा है। इससे सदर प्रखंड के दजर्नों गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। खेत-खलिहान पानी से लबालब हैं और कई जगहों पर पानी घरों में घुसने लगा है। सबसे ज्यादा परेशानी ईलामी पंचायत के लोगों को हो रही है। ईलामी से सिरसा टोला जाने वाली मुख्य सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई है। सड़क पर कई फीट पानी बह रहा है। ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया है। कई लोग घुटनों तक पानी में चलकर आने-जाने को मजबूर हैं। नदी का पानी खेतों और खलिहानों में भर जाने से फसलों को भी भारी नुकसान की आशंका है।दजर्नों गांव पानी से घिरे, घरों में घुस रहा पानी



तोड़ाई और मसना नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण ईलामी, कुसमानगर, संग्रामपुर, कुमारपुर, नवादा, मनिरामपुर, हरिहरा, हरिगंज, काबिलपुर, देवतल्ला, निशानपाड़ा, बैस्टमडांगा, नसीपुर, गुलदहा, रामचंद्रपुर, पाली, मनिकापाड़ा, चांदपुर और झिकरहाटी पूवी समेत दजर्नों गांव प्रभावित हुए हैं। इन इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। निचले इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि बारिश का दौर इसी तरह जारी रहा और नदी का जलस्तर और बढ़ा तो सदर प्रखंड के निचले इलाकों में स्थिति गंभीर हो सकती है। खेतों में घर बनाकर रहने वाले परिवार सबसे अधिक चिंतित हैं। प्रभावित इलाकों के लोग सुरक्षित स्थानों की तलाश में जुट गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल राहत और बचाव की व्यवस्था करने की मांग की है। सांसद विजय हांसदा ने कहा कि पाकुड़ के कुछ निचले इलाके बाढ़ प्रभावित क्षेत्र हैं। उन्होंने बाढ़ की स्थिति को देखते हुए आपदा विभाग को प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

## पूर्व विस प्रत्याशी सहित चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पचंबा।** लोगों को न्यूनतम पेमेंट व लुभावने ऑफर पर वाहन समेत आवास व अन्य योजना का लाभ लेने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने के मामले में राधास्वामी संगठन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष समेत गांडेय की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सह उनकी पत्नी समेत चार को पचंबा थाना की पुलिस ने एक-एक कर गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपितों में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सह बनखंजो निवासी करीब 42 वर्षीय मुकेश सिन्हा उर्फ मुकेश कुमार सिन्हा और उनकी पत्नी सह संगठन की जिला प्रभारी सह मीडिया प्रभारी सह जागरूक जनता पाटी की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी करीब 38 वर्षीय अनिशा सिन्हा शामिल हैं।

मुफस्सिल क्षेत्र के सिहोडीह निवासी संगठन का सक्रिय सदस्य सह मुकेश सिन्हा का साला करीब 27 वर्षीय सुमित सिन्हा उर्फ सुमित कुमार सिन्हा व संगठन का विजिलेंस अधिकारी सह अजीडीह निवासी करीब 59 वर्षीय जितेंद्र कुमार उर्फ सुबोध सिंह शामिल हैं।

# क्षेत्र भ्रमण के दौरान पूर्व मंत्री ने किया लोगों से संवाद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** प्रखंड के इसाकपुर पंचायत में गुरुवार को झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलमगीर आलम का क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने पंचायत के इसाकपुर चंद्रपाड़ा, महरू मोड़ एवं इसाकपुर शैतान खाना मोड़ का दौरा कर स्थानीय ग्रामीणों से सीधा संवाद किया।क्षेत्र भ्रमणके दौरान आलमगीर आलम ने ग्रामीणों की समस्याओं एवं जनसरोकार से जुड़े विभिन्न मुद्दों की जानकारी ली। ग्रामीणों ने मुख्य रूप से बिजली की समस्या, चापाकल, पीसीसी सड़क, नाला निर्माण सहित क्षेत्र की अन्य बुनियादी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।इसके अलावा ग्रामीणों ने जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही परेशानियों की भी जानकारी पूर्व मंत्री को दी। ग्रामीणों ने बताया कि प्रमाण पत्र नहीं बनने के कारण उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं, शैक्षणिक कार्यों एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आलमगीर आलम ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर समस्या के समाधान के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों की सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास तथा आम लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमेशा प्राथमिकता में रहा है। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित स्तर पर आवश्यक पहल की जाएगी। श्री आलमगीर आलम के क्षेत्र भ्रमण को लेकर ग्रामीणों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

## यूपी के दो शूटर चढ़े पुलिस के हत्थे

**जमशेदपुर।** निखार सबलोक हत्याकांड के बाद जमशेदपुर शहर में गैंगवार की एक और खूनी वारदात की साजिश का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। सीतारामडेरा थाना पुलिस ने कारर्वाई करते हुए भुइयांडीह बस स्टैंड के पास से उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर निवासी दो शूटरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक लोडेड देशी पिस्टल और दो जिंदा गोलियां बरामद की हैं। संवाददाता सम्मेलन में एएसपी ऋषभ त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को भुइयांडीह बस स्टैंड के पास हथियारों से लैस दो संदिग्ध अपराधियों के घूमने की गुप्त सूचना मिली थी।

सूचना के आधार पर तत्काल एक विशेष टीम का गठन कर छापेमारी की गई। पुलिस टीम को देखते ही दोनों आरोपी बस स्टैंड स्थित शौचालय के पीछे छिपने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस बल ने घेराबंदी कर दोनों को धर दबोचा। पकड़े गए अपराधियों की पहचान उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर निवासी प्रदीप सिंह और अभिनय यादव के रूप में हुई है।

# बैठक में विकास योजनाओं के प्रस्तावों पर हुई चर्चा

## डीएमएफटी की 70 प्रतिशत राशि उच्च प्राथमिकता एवं 30 प्रतिशत आधारभूत संरचना पर होगी व्यय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** समाहरणालय स्थित सभागार में गुरुवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) न्यास परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त सह न्यास परिषद की अध्यक्ष मेघा भारद्वाज ने की। बैठक में जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों में विकास एवं जनकल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सांसद, राजमहल विजय कुमार हांसदा, विधायक, महेशपुर प्रोफेसर स्टीफन मरांडी, विधायक, लिट्टीपाड़ा हेमलाल मुर्मू, विधायक, पाकुड़ निसात आलम, उप विकास आयुक्त अरविन्द कुमार लाल, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव, पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, सौर ऊर्जा एवं आंगनबाड़ी सुविधाओं को सुदृढ़ करने सहित विभिन्न जनोपयोगी योजनाओं को डीएमएफटी मद से प्राथमिकता देने पर विचार-विमर्श किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने वाली योजनाओं पर विशेष जोर दिया गया।इसके अलावा जेएसएलपीएस की दीदियों एवं उद्यमी दीदियों को सहयोग प्रदान करने तथा स्थानीय संसाधनों एवं उत्पादों को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। जिले में उत्पादित पटसन, कचु, महुआ, चिरौता आदि स्थानीय उपज के व्यवसाय एवं प्रसंस्करण को बढ़ावा देने, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में योजनाएं तैयार करने पर बल दिया गया।




उपायुक्त सह न्यास परिषद की अध्यक्ष मेघा भारद्वाज ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026झ27 में डीएमएफटी कोष की राशि का 70 प्रतिशत उच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं पर व्यय किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास एवं स्वच्छता से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। वहीं, डीएमएफटी कोष की शेष 30 प्रतिशत राशि निम्न प्राथमिकता वाली योजनाओं के तहत सड़क, पुल-पुलिया, सिंचाई एवं अन्य आधारभूत संरचना के विकास पर व्यय की जाएगी।

उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि डीएमएफटी मद से प्रस्तावित योजनाओं का चयन जनहित, आवश्यकता एवं खनन प्रभावित क्षेत्रों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए किया जाए। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा भी जिले के विकास को गति देने वाली विभिन्न योजनाओं एवं प्रस्तावों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए। सभी प्रस्तावों पर प्राथमिकता एवं आवश्यकता के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने पर सहमति बनी। डीएमएफटी के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, कौशल विकास एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में योजनाबद्ध निवेश कर जिले के विकास को नई गति देने तथा खनन प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने पर बैठक में विशेष जोर दिया गया।

# पुलिस प्रशासन को मिलीं 18 मोटरसाइकिलें एवं 14 बोलेरो

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** जिले में अपराध नियंत्रण, पुलिस गश्त एवं त्वरित पुलिस कारर्वाई को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में पाकुड़ पुलिस को 18 नई मोटरसाइकिल एवं 14 बोलेरो वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। गुरुवार को समाहरणालय परिसर से सांसद, राजमहल विजय कुमार हांसदा, विधायक, महेशपुर प्रोफेसर स्टीफन मरांडी विधायक, लिट्टीपाड़ा हेमलाल मुर्मू, विधायक, पाकुड़ निसात आलम, उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह एवं जिला परिषद अध्यक्ष जूली खिष्टमणि हेंब्रम, उप विकास आयुक्त अरविन्द कुमार लाल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर सभी वाहनों को रवाना किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि झारखंड सरकार एवं पुलिस मुख्यालय, रांची की ओर से पाकुड़ जिले को कुल 14 बोलेरो एवं 18 नई मोटरसाइकिलें उपलब्ध कराई गई हैं। इन वाहनों का उपयोग जिले के विभिन्न थाना एवं ओपी क्षेत्रों में पुलिस गश्त, अपराध नियंत्रण तथा आवश्यकतानुसार त्वरित कारर्वाई के लिए किया जाएगा। नई मोटरसाइकिलों से विशेष रूप से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग, संवेदनशील स्थानों की निगरानी तथा त्वरित पुलिस पहुंच को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। वहीं बोलेरो वाहनों के माध्यम से पुलिस बल की क्षेत्रीय गतिविधियों एवं कानून-व्यवस्था से संबंधित कारर्वाई को और गति मिलेगी।

उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि पुलिस संसाधनों में इस



वृद्धि से जिले में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा आम नागरिकों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों से उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग करते हुए आम जनता के बीच सुरक्षा की भावना को और मजबूत करने की अपेक्षा की। नई वाहनों के उपलब्ध होने से जिले के विभिन्न थाना एवं ओपी क्षेत्रों में पुलिस की मोबिलिटी, पेट्रोलिंग क्षमता और रिस्पॉन्स टाइम में सुधार होने की उम्मीद है। इससे अपराध नियंत्रण के साथ-साथ आपात परिस्थितियों में पुलिस की त्वरित पहुंच सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। राजमहल सांसद विजय हांसदा ने कहा कि राज्य सरकार जिले में आपराधिक घटनाओं को कम करने के लिए लगातार बेहतर काम कर रही है.पुलिस को मिले नए वाहनों से गश्त और आपातकालीन कारर्वाई की क्षमता बढ़ेगी।

## नदी में समाया मंदिर

**नवबिहार टाइम्ससंवाददाता**

**भागलपुर।** जिले में गंगा नदी का कटाव लगातार विकराल होता जा रहा है। नवगछिया के खरीक प्रखंड में राघोपुर-नरकटिया तटबंध को बचाने के लिए चल रहे फ्लड फाइटिंग अभियान के बीच नदी ने कटाव की रफ्तार और बढ़ा दी है। तेज कटाव के कारण नरकटिया बांध का एन-नोज पूरी तरह गंगा में समा चुका है, जबकि शंकरपुर में पुरानी रेलवे लाइन के पास स्थित करीब 30 साल पुराना दुर्गा मंदिर भी नदी की धारा में विलीन हो गया। मंदिर के गंगा में समाने के बाद अब पुरानी रेलवे लाइन वाले बांध पर भी खतरा मंडरा रहा है।

हालात की गंभीरता को देखते हुए भागलपुर की जिलाधिकारी अलंकृता पांडे और नवगछिया एसपी वैभव शर्मा मौके पर कैंप कर रहे हैं। प्रशासन की टीमें तटबंध और संवेदनशील इलाकों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। खतरे वाले स्थानों को खाली कराया जा रहा है। गंगा के कटाव से तटबंध को बचाने के लिए पिछले कई दिनों से जल संसाधन विभाग और जिला प्रशासन की टीमें संवेदनशील हिस्सों में फ्लड फाइटिंग का काम कर रही थीं।

# खेत से खजाना निकालने का लालच देकर लाखों की ठगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** देवघर, दुमका, जामताड़ा क्षेत्र में आए दिन लोगों को ऋण माफी, केसीसी ऋण दिलाने, बैंक खाता अपडेट करने, लाटरी लगने, बिजली बिल माफी समेत अन्य लुभावने वायदे करके साइबर ठगों के द्वारा ठगी का शिकार बनाने की बात सामने आती रही है। अब साइबर और जालसाजी करने वालों ने नया पैंतरा अपना लिया है।

तीर्थ स्थल के दुकानदार और पुरोहितों को निशाना बनाकर ठगी का एक नया और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यह ठगी का तरीका लालच में फंसाओ और डर दिखाकर लूटो वाला है, जो आमतौर पर भोले-भाले किसानों के साथ होता था लेकिन अब तीर्थ पुरोहितों को भी इसका शिकार बनाया जा रहा है।

असम के बोचाईगांव के एक ग्रामीण ने खुद को श्रद्धालु बताते हुए बासुकीनाथ धाम के सहयोगी पुरोहित को फोन कर खेत की खोदाई में सोने के सिक्के और बड़ा सोने का टुकड़ा मिलने का झांसा देकर अपने गांव बुलाया। उस व्यक्ति ने कहा कि वह सोने की सामग्री को खुले बाजार में नहीं बेच सकता है वरना वह मुसीबत में फंस जाएगा। उसे अपने पुरोहित पर भरोसा है।

इसलिए वह चाहता है कि अपने पुरोहित को ही लाभ पहुंचा दे।

सहयोगी पुरोहित के वहां पहुंचने पर पीले रंग की धातु का एक बड़ा टुकड़ा दिखाया उसमें से खुरचकर कुछ सामग्री सहयोगी पुरोहित को देकर कहा कि इस धातु की जांच कराकर 10 दिनों बाद संपर्क करें। सहयोगी पुरोहित ने वापस आकर जरमुंडी के एक स्वणर्कार से धातु की चेक कराया। जांच कराने पर वह सोने की निकली और करीब छह हजार रुपया मूल्य बताया।

पुरोहित का उस पीली धातु पर विश्वास जम गया। इसके बाद उस व्यक्ति ने पुनः 15 दिनों बाद आधा किलो सोना मात्र दो लाख रुपए में देने की बात कहकर बुलाया। धातु लेकर जब बासुकीनाथ पहुंचा और चेक कराया तो वह पीतल का बड़ा टुकड़ा निकला। उसने लाखों की ठगी कर ली। अब आरोपी का नंबर भी स्विच आफ आ रहा है।

सीपीएल 2026

## क्विंटन डी कॉक का शतक बेकार, सेंट किट्स ने बारबाडोस को 6 विकेट से हराया

**सेंट किट्स ।** वॉर्नर पार्क में कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2026 का 23वां मुकाबला बारबाडोस ट्राइडेंट्स और सेंट किट्स और नेविस पैट्रियट्स के बीच खेला गया। बारबाडोस ट्राइडेंट्स को क्विंटन डी कॉक की शतकीय पारी के बावजूद 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। सेंट किट्स और नेविस पैट्रियट्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए बारबाडोस ट्राइडेंट्स ने विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक के शतक की बदौलत



4 विकेट पर 217 रन बनाए थे। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए डी कॉक ने 57 गेंदों पर 6 छक्कों और 11 चौकों की बदौलत 106 रन की पारी खेली। इसके अलावा, सलामी बल्लेबाज जैकरी कार्टर ने 36 गेंदों पर 57 रन बनाए। कार्टर ने अपनी पारी में 7 छक्के लगाए। शेफरन रदरफोर्ड ने 26 और कप्तान क्रिस ग्रीन ने 18 रन की पारी खेली।
सेंट किट्स और नेविस पैट्रियट्स के लिए नसीम शाह ने 2, कप्तान जेसन होल्डर और वानिंदु हसरंगा ने 1–1 विकेट लिए। 218 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी बारबाडोस ट्राइडेंट्स ने विस्फोटक शुरुआत की। जॉनसन चार्ल्स और काइल मायर्स ने पहले विकेट के लिए 10.2 ओवर में 112 रन जोड़े। मायर्स के रन आउट होने से यह जोड़ी टूटी। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 27 गेंदों पर 29 रन बनाए।
चार्ल्स ज्यादा आक्रामक रहे। इस विस्फोटक बल्लेबाज ने 45 गेंदों पर 7 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 78 रन की पारी खेली। तीसरे नंबर पर प्रमोट किए दासुन शनाका ने 22 गेंदों पर 2 छक्कों और 2 चौकों की मदद से 36 रन की पारी खेली। कप्तान जेसन होल्डर ने 11 गेंदों पर 18 रन बनाए। आंद्रे फ्लेचर ने 8 गेंदों पर 3 छक्कों की मदद से नाबाद 22 और वानिंदु हसरंगा ने 4 गेंदों पर 1 छक्का और 3 चौके की मदद से नाबाद 18 रन बनाकर टीम का स्कोर 19.1 ओवर में 4 विकेट पर 220 तक पहुंचाया और 5 गेंद पहले 6 विकेट से जीत दिला दी।

विमेंस एशिया कप

## सादिया के नाम 3 विकेट, 'लो-स्कोरिंग मैच' में पाकिस्तान ने थाईलैंड को 35 रन से हराया

**दुबई ।** पाकिस्तान ने जीत के साथ विमेंस एशिया कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत की है। इस टीम ने मंगलवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में थाईलैंड को 35 रन से मात दी। टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी पाकिस्तानी टीम निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 119 रन ही बना सकी।
इस टीम को दूसरे ओवर की दूसरी गेंद पर शवाल जुल्फिकार (1) के रूप में शुरुआती झटका लगा। इसी ओवर की अंतिम गेंद पर गुल फिरोजा (0) भी पवेलियन लौट गई। यहां से



मुनीबा अली ने आयशा जफर के साथ तीसरे विकेट के लिए 17 रन जुटाए। आयशा टीम के खाते में सिर्फ 9 रन ही जुटा सकीं। इसके बाद मुनीबा अली ने सदाफ शमास के साथ चौथे विकेट के लिए 48 गेंदों में 54 रन जुटाकर टीम को 77 के स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन 12वें ओवर की चौथी और छठी गेंद पर सदाफ (20) और कप्तान फातिमा सना (0) अपना विकेट खो बैठीं। इसके बाद टीम निरंतर अंतराल पर विकेट गंवाती रही और निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 119 रन ही जुटा सकी।
विपक्षी खेमे से थिपाचा पुत्थावोंग ने 18 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, जबकि सुलीपोर्न लाओमी ने 14 रन देकर 3 विकेट निकाले। इनके अलावा, फनिता माया ने 2 विकेट और सुनिदा चतुरोंगरात्तन ने 1 सफलता प्राप्त की। इसके जवाब में थाईलैंड 20 ओवरों के खेल में 8 विकेट खोकर 84 रन ही बना सकी।

# ज्वेरेव ने टाला उलटफेर

**यूएस ओपनः लोरेंजो सोनेगो को 5 सेट चले मुकाबले में हराया**



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** टॉप सीडेड अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने आर्थर ऐश स्टेडियम में यूएस ओपन 2026 के पहले राउंड में बिना सीड वाले इटैलियन लोरेंजो सोनेगो को 6-4, 3-6, 6-7(7), 7-5, 6-4 से शिकस्त दी। जीत के साथ ज्वेरेव ने अगले दौर में जगह बना ली है। अलेक्जेंडर ज्वेरेव चौथे सेट में 4-5 से हार से दो पॉइंट दूर थे, फिर भी उन्होंने बाद के नियंत्रण हासिल किया और 4 घंटे, 53 मिनट तक चले मुकाबले में जीत हासिल की।



जर्मन खिलाड़ी ने सोनेगो के खिलाफ 6-0 के परफेक्ट एटीपी हेड-टू-हेड रिकॉर्ड के साथ मैच में एंट्री की। यह रिकॉर्ड ज्यादा मायने नहीं रखता क्योंकि वर्ल्ड नंबर 89 ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ज्वेरेव की राह मुश्किल कर दी थी। मैच के दौरान सोनेगो की जोरदार शॉट-मेकिंग और हिम्मत देखने को मिली, जिससे मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया था।

इस सीजन में सबसे ज्यादा 47 टूर-लेवल मैच जीतने वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव का दूसरे राउंड में फ्रांस के क्वेंटिन हेलिस के साथ मुकाबला होगा।

इससे पहले, फ्लेवियो कोबोली ने यूएस ओपन में अपने करियर में पहली बार दो सेट हारने के बाद वापसी की, जहां उन्होंने अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को कोमेसाना को 3-6, 2-6, 6-3, 6-4, 6-4 से हराकर 4 घंटे और 12 मिनट के रोमांचक खेल के बाद दूसरे राउंड में जगह बनाई। कोबोली की वापसी ने 25 साल के इटैलियन को साल के आखिरी मेजर में सिर्फ तीन दिन में, नंबर 4 नोवाक जोकोविच और नंबर 10 आर्थर फिल्स के साथ पुरुषों के ड्रॉ में शुरुआती हार से बचा लिया। इटैलियन को ग्रैंड स्लैम में कामयाबी तब मिली जब वह रोलैंड गैरोस के फाइनल में पहुंचे, जहां वह ज्वेरेव से पांच सेट में हार गए।

### फ्रेंच ओपन वाली सफलता यूएस ओपन में दोहराना चाहता हूं: एलेक्जेंडर ज्वेरेव

यूएस ओपन 2026 की शुरुआत हो चुकी है। नोवाक जोकोविच का पहले राउंड से बाहर होना अब तक की सबसे बड़ी खबर है। जानिक सिनर के इंजरी की वजह से टूर्नामेंट के बाहर रहने और जोकोविच के बाहर होने से स्पेन के कार्लोस अल्काराज और जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच एकल का खिताबी मुकाबला होने की प्रबल संभावना बन गई है।
अल्काराज और ज्वेरेव दोनों ही दूसरे दौर में जगह बना चुके हैं। फ्रेंच ओपन 2026 का खिताब जीतने वाले एलेक्जेंडर ज्वेरेव की नजर अपने पहले यूएस ओपन और दूसरे ग्रैंड स्लैम खिताब पर है। एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने पहले मैच में इटली के लोरेंजो सोनेगो को हराया। ज्वेरेव ने सोनेगो के खिलाफ जीत के बाद जियोहॉटस्टार से बात करते हुए यूएस ओपन 2026 जीतने की इच्छा जताई है। जर्मन खिलाड़ी ने कहा, 'मुझे लगता है कि जीत कड़ी मेहनत का नतीजा था जो मैंने इतने सालों में की है। कई बार, मैं थोड़ा पीछे रह गया। शायद इसी वजह से आखिर में पांचवें सेट में फ्लाविया के खिलाफ फर्क पड़ा। मैं जीतने के लिए सच में तैयार महसूस कर रहा था, जो दूसरे फाइनल की तुलना में एक अलग तरह की फीलिंग थी। बेशक, मैं खुश हूं कि ऐसा हुआ। अब हम न्यूयॉर्क में हैं, और मैं इसे फिर से करने की कोशिश करना चाहता हूं।' फ्रेंच ओपन 2026 ज्वेरेव का पहला ग्रैंड स्लैम था। उस अनुभव को याद करते हुए ज्वेरेव ने कहा, 'मेरे कंधों पर जरूर कुछ बोझ था, खासकर जिस उम्र में मैं हूं। आपको कभी नहीं पता होता कि यह कभी होगा भी या नहीं। इसलिए, मैं आखिरकार अपनी पहली ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी उठाकर बहुत खुश था, लेकिन अब, एक बार जब आप ऐसा कर लेते हैं, तो आप और चाहते हैं।



## कार्लोस अल्काराज पहला सेट हारने के बावजूद जीते, तीसरे राउंड में जगह बनाई

**न्यूयॉर्क ।** कार्लोस अल्काराज ने यूएस ओपन 2026 के पुरुष एकल के तीसरे राउंड में जगह बना ली है। तीसरा यूएस ओपन जीतने की कोशिश कर रहे अल्काराज ने जैमे फारिया को हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई। अल्काराज की जीत इसलिए भी अहम है, क्योंकि उन्होंने पहला सेट गंवा दिया था। आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अल्काराज ने जैमे फारिया को 4-6, 6-0, 6-3, 6-2 से हराया। कलाई की चोट की वजह से चार महीने के ब्रेक के बाद लौटे नंबर 3 सीड वाले स्पेन के अल्काराज ने 72वीं रैंक वाले पुर्तगाली खिलाड़ी फारिया को हराकर टेनिस कोर्ट पर एक बार फिर अपने दबदबे को साबित किया। फारिया ने पहला सेट 6-4 से जीतकर सबका ध्यान खींचा। पहले



सेट में उतार-चढ़ाव के बाद, अल्काराज ने दूसरे सेट के अपने शुरुआती सर्विस गेम में एक ब्रेक पॉइंट बचाया और फिर लगातार आठ गेम जीत, सेट 6-0 अपने नाम किया। तीसरे सेट में अल्काराज ने लगातार आठ गेम जीते और फारिया की सर्विस लगातार पांच बार तोड़कर 6-3 से अपने नाम किया। इसके बाद अल्काराज ने चौथा सेट भी 6-2 से अपने नाम किया। अल्काराज की यह जीत अमेरिकन स्लैम में उनकी 26वीं मेन-ड्रॉ जीत है, जो चार मेजर में उनका सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। अल्काराज 2004 से 2008 तक रोजर फेडरर के लगातार पांच बार जीतने के बाद यूएस ओपन टाइटल बचाने वाले पहले खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे हैं। एटीपी नंबर 1 क्लब के सदस्य न्यूयॉर्क में दो बार के चैंपियन हैं। अल्काराज ने 2022 और 2025 में यूएस ओपन का खिताब जीता था। अल्काराज सबसे कम उम्र में ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले खिलाड़ी हैं। स्पेन के कार्लोस का अगला मुकाबला चीन के वू यिबिंग से होगा, जिन्होंने जेम्स डकवर्थ को 7-5, 6-3, और 6-1 से हराया।

**आईसीसी रैंकिंगः पडिक्कल-मानव को भी पहुंचा फायदा**

## रॉबिन्सन-टंग को मिला शानदार प्रदर्शन का इनाम

**दुबई ।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन और जोश टंग को पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन का इनाम आईसीसी की ताजा गेंदबाजों की टेस्ट रैंकिंग में मिला है। पाकिस्तान के खिलाफ पहले दोनों ही टेस्ट मैचों में 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे रॉबिन्सन का प्रदर्शन लॉर्ड्स टेस्ट में कमाल का रहा था। उन्होंने दोनों पारियों में चार-चार विकेट लिए और मैच में कुल 35 रन देकर आठ विकेट हासिल किए। रॉबिन्सन ने गेंदबाजों की रैंकिंग में छह स्थान की छलांग लगाई है और वह अब पांचवें नंबर पर आ गए हैं। यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ चौथी रैंकिंग से बस एक स्थान पीछे है, जो उन्होंने फरवरी 2023 में हासिल की थी। पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज की शुरुआत से अब रॉबिन्सन 22 पायदान की छलांग लगा चुके हैं। टंग ने भी बड़ी बढ़त हासिल की है। मैच में पांच विकेट लेने के बाद वे चार स्थान ऊपर चढ़कर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज ने सीरीज के दौरान 20 पायदान की बढ़त हासिल की है।

सीरीज गंवाने के बावजूद पाकिस्तान के गेंदबाजों ने भी उल्लेखनीय बढ़त हासिल की है। तेज गेंदबाज़ मोहम्मद अब्बास मैच में 9 विकेट लेने के बाद 10 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 15वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि मोहम्मद अली ने पांच विकेट लेने के बाद 11 स्थानों की छलांग लगाई और 81वें स्थान पर पहुंच गए।



बल्लेबाजों में पाकिस्तान के सऊद शकील ने सबसे ज्यादा बढ़त हासिल करने वालों में से एक रहे। दूसरी पारी में उनके 97 रनों की पारी ने उन्हें 15 स्थान ऊपर चढ़ाकर 18वें स्थान पर पहुंचा दिया है, जिससे वे कप्तान बाबर आजम के बाद पाकिस्तान के दूसरे सबसे ऊंची रैंकिंग वाले बल्लेबाज बन गए हैं। हालांकि, बाबर पांच स्थान नीचे खिसककर 15वें स्थान पर आ गए हैं।

इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स और डेन लॉरेंस ने भी प्रगति की है। कॉक्स छह स्थान ऊपर चढ़कर 76वें और लॉरेंस 10 स्थान ऊपर चढ़कर 92वें स्थान पर पहुंच गए।

### अहमदाबाद में होगा भारत का पहला हुंडई वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज, 20 देशों के 100 से ज्यादा एथलीट लेंगे हिस्सा

**अहमदाबाद(एजेंसी)।** भारत में इंटरनेशनल खेलों की मेजबानी बढ़ती जा रही है। क्रिकेट के अलावा भारत अब दूसरे खेल भी काफी सफल तरीके से



आयोजित करा रहा है. जिससे उनको और ज्यादा खेलों की मेजबानी मिल रही है। हाल ही में भारत ने दिल्ली में वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप की सफल मेजबानी कीअब भारत पहली बार हुंडई वर्ल्ड आर्चरी (तीरंदाजी) पैरा सीरीज की मेजबानी करेगा। ये सीरीज 5 से 9 सितंबर तक अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट पर आयोजित की जाएगी. जिसमें 20 देशों के 100 से ज्यादा एथलीट हिस्सा लेंगे। गुजरात के डिप्टी सीएम हर्ष संघवी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में, गुजरात अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है. अहमदाबाद में अंतरराष्ट्रीय सीरीज की मेजबानी से बड़े खेल आयोजनों के लिए गुजरात की बढ़ती पहचान और मजबूत होगी और पैरा-आर्चरी को एक वैश्विक मंच मिलेगा।

दलीप ट्रॉफी

## कप्तान तिलक वर्मा का दमदार प्रदर्शन

**नॉर्थ जोन को 7 विकेट से हराकर फाइनल में पहुंचा साउथ जोन**

**बेंगलुरु ।** दलीप ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में साउथ जोन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नॉर्थ जोन को 7 विकेट से हराया। नॉर्थ जोन से मिले 181 रनों के लक्ष्य को साउथ जोन ने आसानी से 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। कप्तान तिलक वर्मा का प्रदर्शन बल्ले से दमदार रहा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ जोन की शुरुआत अच्छी रही। रिकी भुई और एन जगदीशन ने मिलकर पहले विकेट के लिए 64 रनों की अहम साझेदारी निभाई। जगदीशन 5 चौकों की मदद से 43 रन बनाकर आउट हुए, जबकि रिकी भुई 42 रन बनाने के बाद गुरनूर बरार का शिकार बने। शेख रशीद बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ एक रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, इसके बाद कप्तान तिलक वर्मा और समरण रविचंद्रन ने



साउथ जोन को कोई और झटका नहीं लगने दिया और चौथे विकेट के लिए 80 रनों की अटूट साझेदारी निभाते हुए टीम को जीत दिलाई। पहली पारी में शतक लगाने वाले तिलक ने दूसरी इनिंग में 79 गेंदों में 51 रनों की नाबाद पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 8 चौके लगाए। वहीं, समरण 42 गेंदों में 4 चौके और एक छक्के की मदद से 32 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

BCCI ने विकल्पों के बावजूद

## अनफिट खिलाड़ियों को अफगानिस्तान सीरीज के लिए क्यों चुना?



**नई दिल्ली ।** भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में 13, 15 और 17 सितंबर को खेला जाना है। इस सीरीज के लिए बीसीसीआई ने मंगलवार को भारतीय टीम का ऐलान कर दिया। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई है। 15 सदस्यीय टीम में 4 ऐसे खिलाड़ियों को जगह दी गई है जो अनफिट हैं। ये चार खिलाड़ी ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और हर्षित राणा हैं। ये चारों खिलाड़ी फिट होने की स्थिति में ही खेल पाएंगे। सवाल यह है कि विकल्प होते हुए भी अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने अफगानिस्तान सीरीज के लिए अनफिट खिलाड़ियों को क्यों चुना? फिट हो जाने की स्थिति में भी खिलाड़ियों को अपनी रिदम में आने के लिए समय चाहिए होता है। अन्यथा इंजरी का खतरा बना रहता है। नितीश रेड्डी, जसप्रीत बुमराह, वाशिंगटन सुंदर और हर्षित राणा के करियर पर नजर डालें तो इन चारों खिलाड़ियों का करियर अब तक इंजरी से बुरी तरह प्रभावित रहा है। ऐसे में इन्हें बोर्ड द्वारा पूरा समय दिया जाना चाहिए था, ताकि वापसी के बाद इनके लिए इंजरी की संभावना कम रहे।

भारत में ऐसे कई खिलाड़ी हैं जिनका आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन रहा है। उनके पास अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी है। उन्हें मौका दिया जा सकता था।

## इंग्लैंड के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के लिए श्रीलंकाई टीम का ऐलान

**कोलंबो ।** श्रीलंका ने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले वनडे और टी20 सीरीज के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस की कप्तानी में टीम का ऐलान कर दिया है। सीरीज 15 सितंबर से शुरू हो रही है।



श्रीलंका को इस दौरे पर 3 टी20 और 3 वनडे मैच खेलना है। चरिथ असलांका दोनों सीरीज में उपकप्तान होंगे। पथुम निसांका, जिन्होंने हाल के महीनों में वनडे में शानदार फॉर्म दिखाया है, उनसे एक बार फिर टॉप ऑर्डर में मजबूती की उम्मीद की जाएगी। उनके साथ कामिल मिशारा, कामिंडू मेंडिस, जेनिथ लियानागे और पवन रथनायके हैं। ये बल्लेबाजी को मजबूती देंगे। इसके अलावा, टीम में अनुभवी ऑलराउंडर पूर्व कप्तान दासुन शनाका, ऑलराउंडर वानिंदू हसरंगा और दुनिथ वेलालागे भी हैं। ये खिलाड़ी श्रीलंकाई टीम को गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों विभाग में मजबूती देंगे।

शनाका ने वनडे टीम में वापसी की है, जबकि टी20 टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। वनडे वर्ल्ड कप 2027 की तैयारी के लिए श्रीलंका की टीम में उनकी वापसी अहम है। वनडे सीरीज के लिए बतौर गेंदबाज महेश तीक्षाणा, सचिंदू कोलंबेज, दुष्मंथा चमीरा, ईशान मलिंगा, असिथा फर्नांडो और दिलशान मदुशंका टीम में शामिल हैं। टी20 सीरीज के लिए लाहिरू उदारा और थारिंडू रथनायके को टीम में शामिल किया गया है, जबकि तेज गेंदबाज नुवान तुषारा और बिनुरा फर्नांडो चमीरा और ईशान मलिंगा भी टीम का हिस्सा हैं। टीम में निसांका, कामिंडू मेंडिस, असलांका, जनिथ लियानागे, शनाका, हसरंगा, वेलालागे और तिक्षाणा भी शामिल हैं।

**चमारी अटापट्टू ने एशिया कप का बदल दिया इतिहास**

# 5 रन, 7 विकेट और हैट्रिक!

**यूएई (एजेंसी)।** महिला एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट अभी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई)) में चल रहा है. हाल ही में हुए एक लीग मैच में श्रीलंका का मुकाबला इंडोनेशिया से हुआ. पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने अपने 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 124 रन बनाए, जिसमें नीलाक्षी डी सिल्वा ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाए।
125 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंडोनेशिया की बल्लेबाजी बुरी तरह से लड़खड़ा गई और श्रीलंका की जबरदस्त गेंदबाजी के सामने ताश के पत्तों की तरह बिखर गई. पूरी टीम 18.3 ओवर में सिर्फ 49 रनों पर ही ऑलआउट हो गई. श्रीलंका ने 75 रनों के बड़े अंतर से शानदार जीत हासिल की. इस मैच की सबसे बड़ी बात श्रीलंकाई कप्तान चमारी अटापट्टू का प्रदर्शन रहा, जिन्होंने अपने 3.3 ओवर के स्पेल में सिर्फ 5 रन देकर 7 विकेट झटके. उनके इस शानदार प्रदर्शन में एक



बेहतरीन हैट्रिक भी शामिल थी. इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया और एशिया कप के इतिहास (पुरुष और महिला दोनों टूर्नामेंटों में) में एक ही मैच में 7 विकेट लेने वाली पहली गेंदबाज बन गई।
इसके अलावा, यह महिला इंटरनेशनल टी-20 के इतिहास में आईसीसी के पूर्ण सदस्य देश की किसी खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है, और कुल मिलाकर पांचवां सबसे अच्छा प्रदर्शन है. इसके अलावा उन्होंने महिला टी-20 में एक ही मैच में हैट्रिक के साथ-साथ पांच विकेट (और बाद में सात विकेट) लेने वाली पहली कप्तान बनने का अनोखा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

### महिला एशिया कप में बेहतरीन बॉलिंग स्पेल

चमारी अटापट्टू (श्रीलंका) - 7/5 बनाम इंडोनेशिया, 2026
मरीना इकबाल (पाकिस्तान) - 5/10 बनाम नेपाल, 2012
वोंगपाका लिएंगप्रासर्ट (थाईलैंड) - 5/12 बनाम श्रीलंका, 2018
ओमाइमा सोहेल (पाकिस्तान) - 5/13 बनाम श्रीलंका, 2022
निदा डार (पाकिस्तान) - 5/21 बनाम श्रीलंका, 2018।

### चमारी अटापट्टू का टी20 करियर

2009 में श्रीलंका के लिए अपना इंटरनेशनल टी20 डेब्यू करने के बाद से, अटापट्टू अब तक 167 मैच खेल चुकी हैं।
यह ऐतिहासिक स्पेल आधुनिक खेल की बेहतरीन ऑल-राउंडर्स में से एक के तौर पर उनकी पहचान को और मजबूत करता है, जिससे उनके करियर का कुल स्कोर 4,094 रन (जिसमें चार शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं) और 85 विकेट हो गया है।

# तीन दिनों तक होती रही झाड़-फूंक, दो सगे भाइयों की मौत, मां रिम्स रेफर

## दो सगे भाई दम तोड़े, मां की हालत गंभीर, झाड़-फूंक के चक्कर में इलाज में हुई देरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़।** अंधविश्वास के चलते झाड़-फूंक और ओझा-गुनी के चक्कर में लगातार तीन से पांच दिनों तक इलाज नहीं कराया गया। इसके बाद जिले के पतरातु प्रखंड क्षेत्र के भदानीनगर ओपी थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई, जिसमें दो सगे भाइयों की मौत हो गई, जबकि उनकी मां की हालत गंभीर बनी हुई है।



जानकारी के अनुसार, परिवार में तीन लोगों की तबीयत खराब होने के बाद लगातार कई दिनों तक झाड़-फूंक कराया जाता रहा। परिजनों को उम्मीद थी कि इससे तीनों स्वस्थ हो जाएंगे। लेकिन समय बीतने के साथ उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई। तीनों को सांस लेने में परेशानी होने लगी और वे बार-बार बेहोश होने लगे। बताया गया कि संक्रमण भी पूरे शरीर में फैल चुका था। हालात बिगड़ने के बाद किसी तरह वाहन की व्यवस्था कर तीनों को भुरकुंडा स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल रामगढ़ सदर अस्पताल ले जाने की सलाह दी।इसके बाद चार पहिया वाहन की व्यवस्था कर तीनों को सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में बड़े भाई रामकिशुन बेदिया (16 वर्ष) और छोटे भाई साहिल बेदिया (12 वर्ष), दोनों पिता शंकर बेदिया, की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार दोनों की मौत के बीच कुछ मिनटों का अंतर रहा। सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, मां संगीता देवी (42 वर्ष), पति शंकर बेदिया की नाजुक स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने तत्काल रिम्स रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पतरातु प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता भी सदर अस्पताल पहुंचे।

उस समय परिजन दोनों शवों को वाहन से उतारकर रख रहे थे। बीडीओ ने परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान सरकार की ओर से संचालित मुआवजा योजना के तहत सहायता दिलाने को लेकर भी चर्चा हुई।

बताया गया कि मृतकों के पिता शंकर बेदिया मजदूरी करने के लिए ओडिशा गए हुए हैं। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। इधर, पीएचआई विभाग की टीम भी गांव पहुंची और हैंडपंप से पानी का नमूना निकालकर जांच के लिए अपने साथ ले गई। पानी की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही बीमारी और संक्रमण के कारणों के संबंध में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर श्री कृष्ण विद्या मंदिर में हुआ भव्य आयोजन



**रामगढ़, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के विकास नगर स्थित श्री कृष्ण विद्या मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भक्तिमय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण और राधा की वेशभूषा धारण कर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

राधा-कृष्ण की सुंदर जोड़ी ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का मन मोह लिया।विद्यालय की प्राचार्या गुरप्रीत कौर ने सभी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई दी। शिक्षक अभिषेक वर्मा ने प्रार्थना सभा में बच्चों को भगवान श्री कृष्ण के जीवन एवं उनके संदेशों की जानकारी दी। वहीं, हिंदी शिक्षिका शोभा कुमारी ने बच्चों को श्री कृष्ण के जन्म तथा उनके उपदेशों से परिचित कराया। इस अवसर पर कक्षा षष्ठम ह्यअह्ण की छात्रा निवृत्ति गुप्ता ने श्री कृष्ण एवं राधा की लीलाओं पर आधारित सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। उनकी मनमोहक प्रस्तुति पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने तालियों से उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। शिक्षकों ने बच्चों को श्री कृष्ण के जीवन और उनके संदेशों की जानकारी देते हुए असत्य पर सत्य की जीत की प्रेरणा दी। सभी ने भगवान श्री कृष्ण से सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) एवं सचिव विमल किशोर जाजू ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा भगवान श्री कृष्ण के सत्य वचनों एवं उपदेशों का पालन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका उषा सिंह सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, नन्हे-मुन्ने बच्चों एवं उनके अभिभावकों की अहम भूमिका रही।

## संक्षिप्त समाचार

### चेकबुक मिली नहीं, खाते से निकल गए 3.50 लाख!

**मेदिनीनगर, पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डालटनगंज शहर स्थित बैंक ऑफ इंडिया की महिला आर्किट शाखा से जुड़ा कथित चेक फर्जीवाड़ा सामने आया है। पंडवा थाना क्षेत्र के सरैया-बैदाकला निवासी विनय कुमार महतो ने आरोप लगाया है कि उन्हें चेकबुक मिले बिना ही उनके बैंक खाते से चेक के माध्यम से 3 लाख 50 हजार रुपये निकाल लिए गए। मामले में पुलिस ने बैंक अधिकारियों व कर्मियों की कथित मिलीभगत समेत अन्य आरोपों को लेकर प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी के अनुसार, विनय कुमार महतो ने 3 अगस्त 2026 को बैंक में चेकबुक के लिए आवेदन किया था। चेकबुक उनके पते पर भेजे जाने की बात कही गई थी। इसी बीच 24 अगस्त को दोपहर करीब 2:52 बजे उनके मोबाइल पर खाते से 3.50 लाख रुपये निकाले जाने का संदेश आया। सूचना मिलते ही वह बैंक पहुंचे और मामले की जानकारी ली।शिकायतकर्ता का आरोप है कि बैंक में पूछताछ के दौरान उन्हें बताया गया कि संबंधित चेक पर उनका हस्ताक्षर है। हालांकि, उनका कहना था कि चेकबुक उन्हें प्राप्त ही नहीं हुई थी और चेक पर उनका हस्ताक्षर जाली है। बाद में बैंक अधिकारियों ने सीसीटीवी फुटेज देखने की बात कही, जिसमें कथित तौर पर किसी व्यक्ति द्वारा उनके नाम से आई चेकबुक प्राप्त करने और चेक के जरिए राशि निकालने की जानकारी सामने आने का दावा किया गया। शिकायतकर्ता ने बैंक के सहायक प्रबंधक, अकाउंटेंट और कैशियर पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए राशि की वापसी की मांग की। उनका कहना है कि पुलिस के समक्ष शिकायत के बाद बैंक अधिकारियों ने राशि लौटाने का आश्वासन दिया, लेकिन कई दिनों तक उन्हें टालते रहे। आखिरकार 31 अगस्त 2026 को डालटनगंज शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2), 335, 336(3), 318(4), 340(2) एवं 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच में चेक, बैंक रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज और संबंधित बैंककर्मियों की भूमिका अहम मानी जा रही है।

### पलामू में एनएच पर 13 टन सीएनजी से भरे ट्रक में गैस रिसाव, मचा हड़कंप

**मेदिनीनगर,पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर थाना क्षेत्र के जोड़ एनएच पर गुरुवार को 13 टन क्षमता वाले सीएनजी ट्रक से अचानक गैस रिसाव होने से हड़कंप मच गया। ट्रक चतरा के हरहर से लोहड़ा होते हुए चियांकी गैस खाली करने जा रहा था। पाइप से गैस रिसाव शुरू होते ही चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन रोककर मुख्य प्रवाह बंद कर दिया। सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी अफजल अंसारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एहतियातन हाईवे का आवागमन रोककर वाहनों को डायवर्ट कराया गया। दमकल टीम ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार, 88 अतिरिक्त फेरे लगेंगे

**समस्तीपुर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए दरभंगा-नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया है। समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने गुरुवार को यहां बताया कि गाड़ी संख्या 02569 दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन का परिचालन 4 सितंबर से 30 नवंबर 2026 तक किया जाएगा। वहीं, वापसी में गाड़ी संख्या 02570 नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल ट्रेन 5 सितंबर से 1 दिसंबर 2026 तक चलेगी। उन्होंने बताया कि दोनों दिशाओं में यह विशेष ट्रेन कुल 88 अतिरिक्त फेरे लगाएगी। ट्रेन का परिचालन पूर्व निर्धारित मार्ग, समय-सारणी, ठहराव और कोच संयोजन के अनुसार ही किया जाएगा।

श्री मिश्रा ने कहा कि इस ट्रेन के फेरों में विस्तार से नई दिल्ली जाने वाले यात्रियों के साथ ही दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों से मिथिलांचल लौटने वाले यात्रियों को भी काफी सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से त्योहारों के दौरान यात्रियों को अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध होने से लंबी प्रतीक्षा सूची से राहत मिलने की उम्मीद है।

मंडल रेल प्रबंधक ने यात्रियों से ट्रेन की समय-सारणी, उपलब्धता और आरक्षण की स्थिति की जानकारी एनटीईएस ऐप, रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर 139 से प्राप्त करने की अपील की है।

# दहेज के पांच लाख और सोने की चेन के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने का आरोप, संदिग्ध मौत

## पति समेत सास-ससुर पर प्राथमिकी, हुसैनाबाद पुलिस ने शुरू की जांच

**हुसैनाबाद ,पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना के बाद एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की मां लालो देवी के बयान पर हुसैनाबाद थाना में पति समेत तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी के अनुसार, लालो देवी पति रामनिवास रजवार, ग्राम- जोगाबांध थाना- नबीनगर(बिहार) की बेटी रूबी कुमारी की शादी वर्ष 2024 में मंटेश कुमार, पिता राजदेव राजवार, निवासी इमलिया टिकर, थाना हुसैनाबाद के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही ससुराल पक्ष पर रूबी को दहेज में पांच लाख रुपये और सोने की चेन समेत अन्य सामान के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है। आवेदन में कहा गया है कि रक्षाबंधन के दौरान रूबी मायके आई थी। इसके बाद 31 अगस्त की शाम करीब चार बजे रुबी के भाई पवन ने उसे ससुराल पहुंचा दिया। मायके आने के बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज लाने के बाद ही ससुराल में आने की धमकी दी थी। इस कारण दहेज को लेकर ससुराल वालों ने विवाद करते हुए गाली-गलौज व मारपीट की। प्राथमिकी में यह भी आरोप है कि रूबी को बार-बार मरने के लिए उकसाया जाता था तथा उसके पति और सास-ससुर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे।

एक सितंबर को रिश्तेदारों के मोबाइल पर सूचना मिली कि रूबी की तबीयत ठीक नहीं है। परिजन जब पहुंचे तो वह बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़ी मिली। मृतका की मां ने दहेज प्रताड़ना के कारण बेटी की मौत होने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# फॉर्म-6 के माध्यम से छूटे हुए पात्र भारतीय नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया में तेजी लाएं : के. रवि कुमार

## मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए की सक्रिय सहभागिता हेतु जिला एवं ईआरओ स्तर पर अगले दो दिनों के अंदर बैठक सुनिश्चित करें

**रांची, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रारूप प्रकाशन के बाद मतदाता सूची में छूटे हुए सभी पात्र भारतीय नागरिकों का नाम फॉर्म-6 के माध्यम से जोड़ने की प्रक्रिया में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी जिलों में जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी स्तर पर अगले 2 दिन के अंदर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (इछअ) को अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्र के छूटे हुए पात्र भारतीय नागरिकों को चिह्नित कर उनसे फॉर्म-6 जमा कराने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने बताया कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए आवश्यक अंडरटेकिंग/घोषणा के साथ प्रतिदिन अधिकतम 10 आवेदन प्रपत्र संबंधित बीएलओ के समक्ष जमा कर सकते हैं। के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए को उनके संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से जुड़े आवेदनों की सूची नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि नए मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए फॉर्म-6 के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की सूची फॉर्म-9, मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने पर फॉर्म-7 के माध्यम से प्राप्त आपत्तियों की सूची फॉर्म-10 तथा फॉर्म-8 के माध्यम से मतदाता के विवरण—नाम, फोटो, जन्मतिथि आदि में सुधार अथवा एक मतदान केंद्र की मतदाता सूची से दूसरे मतदान केंद्र की मतदाता सूची में नाम स्थानांतरित करने से संबंधित आवेदनों की सूची फॉर्म-11, 11अ एवं 11इ के माध्यम से प्रत्येक सप्ताह उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि इन सूचियों की सॉफ्ट कॉपी भी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड की वेबसाइट पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार ऑनलाइन सभी मतदाताओं के लिए उपलब्ध रहती है। इससे मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं उनके बीएलए को संबंधित आवेदनों की जानकारी नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही है और उनसे मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया में प्रभावी सहभागिता की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने पर फॉर्म-7 के माध्यम से प्राप्त आपत्तियों की सूची भी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम में उपलब्ध है एवं इन आपत्तियों पर ईआरओ स्तर पर सुनवाई के उपरांत ही नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को राजनीतिक दलों के साथ नियमित समन्वय बनाए रखने तथा बीएलए की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी संबंधित पक्षों के सहयोग से यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से छूटे नहीं।

# 350 करोड़ रुपये से स्थापित होगा मदर डेयरी का नया संयंत्र : राधा मोहन सिंह

**मोतिहारी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा पूर्वी चंपारण के सांसद राधा मोहन सिंह की पहल पर मोतिहारी में करीब 350 करोड़ रुपये की लागत से मदर डेयरी का नया संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही पिपराकोठी में फिश प्रोसेसिंग प्लांट, एक्वाकल्चर पार्क तथा मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए हनी प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने की घोषणा की गई है। महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित कृषि, पशुपालन एवं मात्स्यिकी उद्यमी उन्नति मेला के तीसरे दिन हुए कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन, मत्स्य, मधुमक्खी पालन और बागवानी क्षेत्र से जुड़े किसानों एवं उद्यमियों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गयीं। सिंह ने कहा कि कृषि एवं उससे जुड़े क्षेत्रों को केवल उत्पादन तक सीमित रखने के बजाय प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पिपराकोठी में प्रस्तावित फिश प्रोसेसिंग प्लांट से पूर्वी चंपारण के साथ-साथ पूरे उत्तर बिहार के मत्स्यपालकों को लाभ मिलने की संभावना है। एक्वाकल्चर पार्क के माध्यम से बड़े जलकरों में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर मत्स्य उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डेयरी, मत्स्य, मधुमक्खी पालन और कृषि आधारित उद्योगों के विकास से किसानों की आय के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं उद्यमिता के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में पिपराकोठी अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार सिंह के योगदान की सराहना की। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मीनेश साह ने बताया कि देश में दूध उत्पादन की पर्याप्त संभावना वाले 75 हजार गांवों को चिन्हित किया गया है।

# नाले के मुहाने पर स्कूल, बारिश में खतरनाक बनी दीवारें; दहशत में पढ़ रहे नौनिहाल

**हैदरनगर, पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हैदरनगर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बभनडीह के नौनिहाल जान हथेली पर रखकर पढ़ने को मजबूर हैं। नाले से सटे विद्यालय भवन में बारिश का पानी घुसने से दीवारों में सीलन और जलजला की स्थिति उत्पन्न हो गई है। लगातार पानी के संपर्क में रहने से भवन की हालत जर्जर होती जा रही है। ऐसे में कभी भी दीवार या नींव के कमजोर पड़ने से बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।



ग्रामीणों के अनुसार, बरसात शुरू होते ही विद्यालय परिसर और भवन के आसपास पानी जमा हो जाता है। पानी के तेज बहाव के कारण भवन की नींव के प्रभावित होने की आशंका भी बनी रहती है। विद्यालय भवन की मौजूदा स्थिति को देखते हुए बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक चिंतित हैं।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक आजाद हैदर सिद्दीकी ने बताया कि बारिश के दौरान विद्यालय की छत से लगातार पानी टपकता है। कई कमरों में बच्चों के बैठने लायक स्थिति नहीं रह जाती। मजबूरी में सभी कक्षाओं के बच्चों को एक ही कमरे में बैठाकर पढ़ाना पड़ता है। इससे पठन-पाठन प्रभावित होने के साथ-साथ बच्चों को काफी परेशानी होती है।प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय भवन की समस्या से कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

विद्यालय भवन की स्थिति को लेकर अभिभावकों और ग्रामीणों में आक्रोश के साथ-साथ बच्चों की सुरक्षा को लेकर भय का माहौल है। अभिभावकों ने उपायुक्त पलामू से तत्काल विद्यालय भवन का स्थल निरीक्षण कराने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि किसी हादसे का इंतजार करने के बजाय समय रहते विद्यालय को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर नए भवन का निर्माण कराया जाए, ताकि बच्चों की जान जोखिम में डालकर पढ़ाई कराने की नौबत न आए।ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में जर्जर भवन में बच्चों की पढ़ाई कराना किसी बड़े खतरे को न्योता देने से कम नहीं है। विभाग को तत्काल सुरक्षा के मद्देनजर वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाना चाहिए।

# शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर विभिन्न विद्यालयों पर धरना



**दरभंगा, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के दरभंगा जिले में ह्लशिक्षा बचाओह्नस्कूल कॉलेज ठीक करोह्व अभियान के तहत गुरुवार को देकुली स्थित प्लस-टू विद्यालय के मुख्य द्वार पर छात्रों, अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों ने धरना देकर विद्यालय के लिए भूमि एवं भवन समेत बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था करने की मांग की। धरनार्थियों ने विद्यालय की घेराबंदी, पर्याप्त शिक्षक एवं कर्मचारियों की नियुक्ति, छात्र-छात्राओं के लिए आधारभूत संरचना, शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था सहित अन्य मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। धरना सभा की अध्यक्षता आइसा नेता गोपाल कुमार एवं आरवाईए नेता हरिश्चंद्र पासवान ने की। सभा को संबोधित करते हुए आइसा नेता प्रिंस राज ने आरोप लगाया कि भाजपा-जदयू सरकार के कार्यकाल में प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक की व्यवस्था बदहाल है। उन्होंने कहा कि राज्य में प्लस-टू विद्यालय खोलने की घोषणा तो कर दी गई, लेकिन कई विद्यालयों के संचालन के लिए भूमि एवं भवन की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने दावा किया कि जिले में कई प्लस-टू विद्यालय भूमि एवं भवन की समस्या से जूझ रहे हैं।

# सिकनी-कमता के बीच भेड़ा नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण जल्द

## स्थानीय लोगों की वर्षों पुरानी मांग होगी अब पूरी, आवागमन की समस्या से मिलेगी राहत

**रामगढ़, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के दुलमी अंचल क्षेत्र में पंचायत सिकनी से कमता के बीच भेड़ा नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की संभावना है।

इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष सह रामगढ़ विधायक ममता देवी की पहल एवं लगातार प्रयास से लंबे समय से लंबित स्थानीय लोगों की महत्वपूर्ण मांग को पूरा करने की दिशा में कार्य तेज हो गया है। इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के जिला प्रवक्ता सह दुलमी बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि सिकनी और कमता के बीच भेड़ा नदी पर पुल निर्माण की मांग स्थानीय लोग लंबे समय से करते आ रहे थे। पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

विशेषकर वर्षा के मौसम में नदी पार करना ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बन जाती थी। स्थानीय लोगों की समस्या को देखते हुए रामगढ़ विधायक ममता देवी ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए पुल निर्माण के लिए पहल की। विधायक के प्रयास से अब उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का शुभारंभ जल्द होने जा रहा है। स्थानीय लोगों ने संयुक्त रूप से कहा कि पुल के निर्माण से सिकनी, कमता सहित आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। इसके साथ ही क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार एवं रोजगार से जुड़ी गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। सुधीर मंगलेश ने कहा कि विधायक ममता देवी लगातार क्षेत्र के विकास और स्थानीय लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य कर रही हैं। वर्षों पुरानी मांग पूरी होने की दिशा में कदम बढ़ने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

# शिक्षकों के अवकाश में संशोधन और सहायक आचार्यों के बकाये वेतन भुगतान की मांग



**डालटनगंज, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, पलामू के जिला महासचिव अमरेश कुमार सिंह एवं वरीय उपाध्यक्ष रामानुज प्रसाद ने बुधवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी से मुलाकात कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा समेत शिक्षकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

संघ के प्रतिनिधियों ने आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए पूर्व में घोषित अवकाश तालिका में अपेक्षित संशोधन करने की पुरजोर मांग की। उन्होंने जीवित्पुत्रिका व्रत, विजयादशमी, भैया दूज, छठ महापर्व के खीर-भोजन तथा शीतकालीन अवकाश की तिथियों में संशोधन को शिक्षकों की भावनाओं के अनुरूप बताया। मांग की प्रति उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को भी सौंपी गई।जिला शिक्षा पदाधिकारी ने मांगों पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए त्वरित पहल करने की बात कही।

वहीं, प्रतिनिधिमंडल ने सहायक आचार्यों के वित्तीय वर्ष 2025-26 के बकाये वेतन के भुगतान के लिए सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों (डीडीओ) के नाम अविलंब भुगतान आदेश जारी करने की मांग की। इस पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने एक सप्ताह के भीतर पत्र निर्गत करने का आश्वासन दिया।

# 75% अनुदान समेत विभिन्न मांगों को लेकर वित्त रहित मोर्चा की शैक्षणिक हड़ताल

## शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज जपला के कर्मी रहे शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** वित्त रहित विद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मियों की विभिन्न मांगों को लेकर वित्त रहित मोर्चा के आह्वान पर शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज, जपला के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी बुधवार को शैक्षणिक हड़ताल पर रहे। हड़ताल का नेतृत्व कॉलेज के प्राचार्य एवं मोर्चा के अध्यक्ष मंडल सदस्य अरविंद कुमार सिंह ने किया।

मोर्चा की प्रमुख मांगों में 75 प्रतिशत अनुदान वृद्धि संबंधी संलेख को अविलंब कैबिनेट में रखने, वित्त रहित शिक्षक-कर्मियों के लिए नियमावली बनाकर वेतनमान देने तथा उच्च विद्यालय, संस्कृत विद्यालय, मदरसा विद्यालय एवं इंटरमीडिएट कॉलेजों के लिए सेवा शर्त नियमावली अविलंब लागू करने की मांग शामिल है।

इसके अलावा बिहार से स्थापना अनुमति प्राप्त एवं अनुदानित 158 उच्च विद्यालयों को प्रस्वीकृति प्रदान करने के लिए तीन वर्ष का समय देने और तब तक अनुदान नहीं रोकने की मांग की गई है। मोर्चा ने कहा है कि अनुदान रोकने का प्रयास हुआ तो सरकार की अधिसूचना के खिलाफ उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की जाएगी।



वहीं सावित्रीबाई फुले बालिका समृद्धि योजना की राशि के लिए पोर्टल अविलंब खोलने की भी मांग की गई है। मोर्चा का कहना है कि बजट सत्र के दौरान सरकार ने नियमावली बनाकर पोर्टल खोलने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक पोर्टल नहीं खोला गया है। बच्चों के हित में इस मांग को लेकर आंदोलन जारी रखने की बात कही गई।शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज जपला के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने शैक्षणिक कार्य से अलग रहकर मोर्चा की मांगों के समर्थन में अपनी एकजुटता प्रदर्शित की। कर्मियों ने सरकार से सभी मांगों पर अविलंब सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। वहीं, 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर झारखंड के सभी वित्त रहित कॉलेजों में अपने-अपने संस्थान परिसर में एक दिवसीय धरना देने का निर्णय लिया गया है। मोर्चा ने कहा कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन को आगे और व्यापक किया जाएगा।

मौके पर शिक्षक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, नागेंद्र प्रसाद सिंह, धनंजय कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, कंचन कुमार सिंह,आकाश कुमार सिंह, मो. मुकसिद, अमित कुमार मिश्रा, अमित रंजन,रंजन कुमार यादव, बीरेंद्र कुमार, मधुलिका, सपना, अनिता केरकेट्टा, ज्योति कुमारी, कुमारी श्वेता, अंजू कुमारी, इंतेजार हुसैन, प्रधान सहायक अंशुल सिन्हा, चंचला, सोनी, दीपा, सुधांशु, संदीप एवं संतोष, रामू, सरिता सहित अन्य शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### लीला जानकी पब्लिक स्कूल में दहीहंडी व रंगारंग कार्यक्रम के साथ मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रघुनाथपुरम स्थित लीला जानकी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दहीहंडी मटका फोड़ प्रतियोगिता सहित कई रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान नृत्य, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तथा नर्सरी से कक्षा तीन तक के विद्यार्थियों द्वारा कृष्ण लीला पर आधारित नाट्य प्रस्तुति दी गई। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के विभिन्न प्रसंगों का आकर्षक अभिनय कर सभी का मन मोह लिया। कृष्ण-सुदामा की प्रस्तुति ने भी दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। विद्यालय के निदेशक नीरज कुमार सिन्हा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। जीवन में कितनी भी कठिनाइयां और संकट आएं, हमें धैर्य बनाए रखते हुए मुस्कुराकर उनका सामना करना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य आजाद कुमार ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पूरे विद्यालय परिसर में जन्माष्टमी को लेकर उत्साह और भक्तिमय वातावरण बना रहा।

### बेकाबू कार ने दो ट्रक चालकों को कुचला, मौत

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड-बंगाल बॉर्डर पर गुरुवार की सुबह एक हादसे में दो चालकों की जान चली गई. यह घटना झारखंड के मैथन ओपी क्षेत्र में हुई है. एक तेज रफ्तार वाहन ने सड़क किनारे खड़े दो ट्रक चालकों को टक्कर मार दी. दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. घटना के बाद कार में सवार लोग फरार हो गए. जानकारी के अनुसार दो ट्रक चालक सड़क के किनारे अपनी वाहन कड़ी कर बात कर रहे थे. इसी दौरान पश्चिम बंगाल की ओर से आ रही एक कार दोनों चालकों को टक्कर मार दी. कार धनबाद की ओर जा रही थी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों चालक वहीं गिर गए और घटनास्थल पर ही मौत हो गई. मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के रहने वालों के रूप में हुई है. धनबाद के मैथन में गुरुवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला. मैथन टोल प्लाजा के पास सड़क किनारे खड़े दो ट्रक चालकों को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी. हादसा इतना भीषण था कि दोनों ट्रक चालकों की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई, जबकि कार सवार दोनों लोग मौके से फरार हो गए. स्थानीय लोगों ने हादसे के बाद सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई की मांग की है.

### डीवीसी चंद्रपुरा में हिंदी पखवाड़ा के तहत कविता पाठ प्रतियोगिता संपन्न

**चंद्रपुरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर गुरुवार को कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजभाषा कार्यान्वयन उपसमिति के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हिंदी के प्रति अपनी भावनाओं और रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के साथ कर्मचारियों में हिंदी के प्रति रुचि एवं रचनात्मक अभिरुचि को बढ़ावा देना था।



प्रतिभागियों ने देशभक्ति, सामाजिक सरोकार, मानवीय संवेदनाओं और जीवन के विभिन्न पहलुओं पर आधारित कविताओं का प्रभावशाली पाठ किया। प्रतियोगिता के मूल्यांकन के लिए रंजीत कुमार निराला, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव एवं पूनम कुमारी की निर्णायक मंडली गठित की गई थी। प्रतिभागियों का मूल्यांकन प्रस्तुति, भावाभिव्यक्ति, उच्चारण एवं विषय-वस्तु के आधार पर किया गया। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक ललन प्रसाद गुप्ता सहित डीवीसी के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कहा गया कि हिंदी केवल राजभाषा ही नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति, सृजनात्मकता और आपसी संवाद का सशक्त माध्यम है। हिंदी पखवाड़ा के दौरान कर्मचारियों को हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक, सीएम से बात कराने की शर्त रखी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद में एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया और नीचे उतरने के लिए मुख्यमंत्री से बात कराने की शर्त रख दी, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और युवक को समझाने-बुझाने में जुट गई। बताया जा रहा है कि युवक अपनी किसी मांग को लेकर नाराज था और अपनी बात सरकार तक पहुंचाने के लिए उसने यह कदम उठाया। वह टावर पर चढ़कर लगातार मुख्यमंत्री से बात कराने की मांग कर रहा था। काफी देर तक वह टावर पर ही डटा रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक से नीचे उतरने की अपील की और उसकी समस्या सुनने का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों की भीड़ भी मौके पर जमा हो गई। पुलिस अधिकारियों ने युवक को भरोसा दिलाया कि उसकी बात संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने युवक को सुरक्षित नीचे उतारा। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है कि उसने यह कदम क्यों उठाया।

### शिवभक्तों के लिए आम भंडारे का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पवित्र श्रावण मास में कांवरिया पथ पर निःशुल्क सेवा शिविर के सफल आयोजन के बाद श्री देव काशी विश्वनाथ सेवा समिति की ओर से शिवभक्तों के लिए आम भंडारे का आयोजन किया गया। हीरापुर झरना पाड़ा स्थित बल्लू सेवा आश्रम में आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। समिति के कुंभनाथ सिंह ने कहा कि सावन भगवान शिव को समर्पित पवित्र महीना है और शिवभक्तों की सेवा करना सौभाग्य की बात है। समिति प्रत्येक वर्ष कांवरिया पथ पर निःशुल्क सेवा शिविर लगाकर श्रद्धालुओं के लिए जल, भोजन, दवा और विश्राम की व्यवस्था करती है। उन्होंने कहा कि समिति धार्मिक गतिविधियों के साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाती है तथा असहाय एवं गरीब लड़कियों के विवाह में सहयोग करती है। भंडारे के आयोजन में विकास रंजन उर्फ पप्पू सिंह, टिंकू सिंह, सौमित्रा दास, कुणाल सिंह, जितेंद्र पांडेय, सनी सहित समिति के सदस्य एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### एलआईसी में मनाया गया अभिकर्ता सम्मान दिवस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की शाखा-1 में गुरुवार को अभिकर्ता सम्मान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। एलआईसी के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में शाखा के वरिष्ठ एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभिकताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाखा प्रबंधक राजकिशोर तिवारी, मंडल प्रतिनिधि एवं डिप्टी मैनेजर चंदन भारती, शाखा एबीएम विशाल कृष्ण तथा अधिकारी रवि कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अधिकारी रवि कुमार ने किया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक राजकिशोर तिवारी ने कहा कि अभिकर्ता बीमा निगम की नींव हैं। अभिकताओं के समर्पण और मेहनत के कारण ही एलआईसी आम लोगों तक अपनी सेवाएं पहुंचाने में सफल हो रही है। उन्होंने कहा कि अभिकर्ता निगम की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनके योगदान को सम्मान देना आवश्यक है। कार्यक्रम में वरिष्ठ अभिकताओं एवं उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले अभिकताओं को अंगवस्त्र, गुलदस्ता एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में शहाबुद्दीन अंसारी, बादल चंद महतो, नरेंद्र कुमार, उदय कुमार, शिवनारायण महतो, संजय महादानी, सरयू गोस्वामी, नेताजी, गंगेश कुमार पाठक एवं मनोज झा सहित अन्य अभिकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिकताओं की उपस्थिति रही। इस दौरान सभी ने एलआईसी की सेवाओं को और अधिक लोगों तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

### बाल विवाह के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**कसमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार प्रखंड के धधकिया गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहयोगिनी संस्था के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में खेल-आधारित गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं को कम उम्र में विवाह के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था की कोऑर्डिनेटर कुमारी किरण ने किया। कक्षा सातवीं एवं आठवीं की छात्राओं को रोचक खेलों और गतिविधियों के माध्यम से बताया गया कि कम उम्र में शादी होने से शिक्षा बाधित होती है, स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है और भविष्य के सपने अधूरे रह जाते हैं। छात्राओं को शिक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व से भी अवगत कराया गया।

# यूजीसी-नेट परीक्षा की तैयारियों की उपायुक्त ने की समीक्षा

## 9 एवं 10 सितंबर को आयन डिजिटल जोन चास में होगी परीक्षा, एनटीए के एसओपी का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में आगामी 9 एवं 10 सितंबर को प्रस्तावित यूजीसी-नेट जून 2026 परीक्षा के सफल संचालन को लेकर डिस्ट्रिक्ट लेवल कोऑर्डिनेशन कमेटी (डीएलसीसी) की बैठक हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक नाथ सिंह मीणा, जिला सूचना पदाधिकारी धनंजय कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन, सिटी कोऑर्डिनेटर एनटीए कुमारनाथ झा समेत संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने परीक्षा को लेकर जिले में की गई तैयारियों एवं परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली। यूजीसी-नेट जून 2026 की परीक्षा आयन डिजिटल जोन चास ग्राम खमारबेन्दी, चंदनकियारी रोड स्थित केंद्र पर आयोजित होगी। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए एनटीए द्वारा निर्धारित एसओपी का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित होने से किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए जेनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला सूचना पदाधिकारी एवं एनटीए कोऑर्डिनेटर को परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं का ऑडिट करने तथा ऑडिट रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने परीक्षा संचालन में लगे टीसीएस के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्र पर तकनीकी, विद्युत, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त कर ली जाएं, ताकि परीक्षा का संचालन निर्बाध एवं व्यवस्थित रूप से हो सके। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ यूजीसी-नेट परीक्षा का शांतिपूर्ण एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, डीपीआरओ मो सफीक आलम, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह, प्रशिक्षु समाहर्ता आदि उपस्थित थे।

# तीन एसआई बने इंस्पेक्टर, सिपाही को मिली एएसआई में पदोन्नति



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उत्कृष्ट कार्य, साहस और कर्तव्य के प्रति समर्पण का परिचय देने वाले धनबाद जिले के तीन सब इंस्पेक्टर और एक सिपाही को आउट ऑफ टर्म पदोन्नति दी गई है। पुलिस विभाग ने उनके बेहतर कार्यों और अदम्य साहस को सम्मानित करते हुए यह पदोन्नति प्रदान की। पदोन्नति पाने वालों में वर्ष 2005 बैच के सदानंद सिंह तथा 2018 बैच के प्रभात रंजन राय और अर्जुन कुमार सिंह शामिल हैं। तीनों सब इंस्पेक्टर को इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत किया गया है। वहीं वर्ष 2009 में बहाल सिपाही नवनीत नवल को एएसआई पद पर पदोन्नति मिली है। एसएसपी कार्यालय में आयोजित पिपिंग सेरेमनी में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एस. मोहम्मद याकूब ने पदोन्नत पुलिस पदाधिकारियों को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि पदोन्नति के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ती हैं। उन्होंने सभी पदोन्नत पुलिसकर्मियों से भविष्य में भी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ जनता की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाने की अपील की। मौके पर डीएसपी मुख्यालय-2 नाजिर अख्तर, डीएसपी मुख्यालय-1 कुमार विनोद सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

# दादी की फरियाद बनी पोते की नई शुरूआत, चंद दिनों में मिला रोजगार



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 'हम आपको सुनते हैं लोक संवाद' कार्यक्रम में अपने दिव्यांग पोते के लिए रोजगार की गुहार लेकर पहुंची बुजुर्ग दादी फेंकनी देवी की फरियाद पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने त्वरित संज्ञान लिया। उनकी संवेदनशील पहल और संबंधित कंपनी के समन्वय से चंद दिनों के भीतर उनके पोते अभिषेक कुमार को नियुक्ति पत्र दिलाया गया। बी.एस. सिटी अंतर्गत हनुमान नगर, सेक्टर-12 निवासी दिव्यांग अभिषेक कुमार को सुंदरम स्टील प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद अभिषेक एवं उनके परिवार में खुशी का माहौल है। अपनी फरियाद पर इतनी जल्दी कार्रवाई होने से बुजुर्ग फेंकनी देवी ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि हम आपको सुनते हैं... लोक संवाद का उद्देश्य केवल समस्याओं को सुनना नहीं, बल्कि जरूरतमंद लोगों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों और संस्थानों को भी आगे आकर जरूरतमंद, दिव्यांग एवं पीड़ित लोगों की सहायता में सहभागी बनना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि किसी जरूरतमंद परिवार के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही प्रशासन और समाज की वास्तविक सफलता है। उन्होंने सुंदरम स्टील प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों के प्रति भी सहयोग के लिए धन्यवाद किया। साथ ही, अन्य संस्थानों को भी ऐसे मामलों में आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, कंपनी के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

# जर्जर भवनों की सुरक्षा को लेकर उपायुक्त सख्त

## जांच रिपोर्ट के आधार पर समयबद्ध कार्रवाई का बीएसएल प्रबंधन को निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 28 अगस्त को बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-12 ई स्थित क्वार्टर संख्या 1290 के अचानक जमींदोज होने की घटना को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा ने घटना की परिस्थितियों एवं कारणों की विस्तृत जांच के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, चास प्रांजल ढांडा को जांच पदाधिकारी नामित किया था। जांच रिपोर्ट 31 अगस्त को जिला प्रशासन को प्राप्त हो चुकी है। रिपोर्ट के आधार पर बीएसएल प्रबंधन को आवश्यक कार्रवाई के लिए आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की सुसंगत धाराओं के तहत आदेश जारी किया है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने गुरुवार को कहा कि जांच में भवनों के नियमित रखरखाव एवं समय-समय पर तकनीकी निरीक्षण की आवश्यकता सामने आई है। जर्जर एवं असुरक्षित भवनों को समय रहते चिह्नित कर आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने बीएसएल प्रबंधन को स्पष्ट एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) तैयार करने का निर्देश दिया। इसके तहत तकनीकी एजेंसी के माध्यम से भवनों का नियमित सर्वे कराया जाए तथा असुरक्षित भवनों को चिह्नित कर उन्हें खाली कराने, मरम्मत कराने अथवा आवश्यकतानुसार ध्वस्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**असुरक्षित भवनों पर लगाया जाए स्पष्ट बोर्ड, निवासियों के लिए हो वैकल्पिक आवास की व्यवस्था**

उपायुक्त ने कहा कि आपदा प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप बीएसएल प्रबंधन को असुरक्षित भवनों की सूची जिला प्रशासन के साथ साझा की जाए। ऐसे भवनों पर स्पष्ट रूप से असुरक्षित भवन का बोर्ड लगाया जाए। वहां रह रहे लोगों के लिए वैकल्पिक आवास की व्यवस्था करते हुए निर्धारित समय-सीमा में उन्हें सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। आवश्यकता पड़ने पर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में भी स्थानांतरण की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आवास आवंटन से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए शिकायत निवारण समिति गठित करने का निर्देश दिया, ताकि आवास आवंटन से संबंधित आपत्तियों एवं शिकायतों की सुनवाई कर उचित समाधान किया जा सके।

**आपदा की स्थिति में जिला प्रशासन को तत्काल मिले सूचना**

उपायुक्त ने कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में इंसिडेंट कमांडर के रूप में जिला प्रशासन को तत्काल सूचना मिलनी चाहिए। संबंधित घटना के दिन भी जिला प्रशासन को सूचना अपेक्षाकृत विलंब से प्राप्त हुई। भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। सभी संबंधित संस्थानों एवं अधिकारियों को आपदा की स्थिति में तत्काल सूचना एवं समन्वय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

**जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार, 10 दिनों में वैकल्पिक व्यवस्था का निर्देश**

उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान पुराने ओवरहेड टैंकों के कारण भवनों पर पड़ रहे अतिरिक्त भार की स्थिति का भी संज्ञान लिया। बीएसएल प्रबंधन को पुराने टैंकों के स्थान पर प्लास्टिक टैंकों के माध्यम से वैकल्पिक जलापूर्ति व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। यह कार्य 10 दिनों के भीतर पूरा करने को कहा गया है। साथ ही, जिन क्वार्टरों में मामूली मरम्मत की आवश्यकता है, वहां तत्काल आवश्यक मरम्मत कार्य कराने का निर्देश दिया गया, ताकि कर्मचारियों एवं अन्य निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**जलजमाव वाले क्षेत्रों में 15 दिनों में प्रभावी नाला सफाई का निर्देश**

शहर में जलजमाव की समस्या पर उपायुक्त ने कहा कि बरसात से पूर्व सभी नालियों की सफाई का निर्देश दिया गया था, लेकिन निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर सफाई संतोषजनक नहीं पाई गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अगले 15 दिनों के भीतर नालियों की प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि केवल सफाई कार्य आवंटित कर देना पर्याप्त नहीं है। संबंधित अधिकारी स्वयं स्थल निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि सफाई कार्य वास्तव में हुआ है या नहीं। वरीय अधिकारी भी नियमित रूप से बाजारों एवं जलजमाव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगे।

**बाजारों में अतिक्रमण पर सख्ती, तीन बार जुर्माने के बाद दुकान सील करने की कार्रवाई**

बाजारों में दुकानदारों द्वारा कॉरिडोर एवं सार्वजनिक स्थानों को अवरुद्ध किए जाने के मामले में उपायुक्त ने सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में नोटिस जारी कर जुमार्ना लगाया जाए। तीन बार जुमार्ना लगाए जाने के बाद भी सुधार नहीं होने पर दुकान सील करने तथा आवंटन रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने सभी बाजारों के लिए एक-एक अधिकारी को नोडल/प्रभारी अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया। ये अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की नियमित निगरानी करते हुए स्थिति की रिपोर्ट देंगे। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

**निर्देश को जमीनी स्तर पर प्रभावी अनुपालन भी जरूरी**

उपायुक्त ने कहा कि, अगर हम बोकारो को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक शहर बनाना चाहते हैं, तो निदेर्शों का जमीनी स्तर पर प्रभावी अनुपालन और उसकी नियमित निगरानी भी उतनी ही जरूरी है।

# बीएसएल के टेक्निकल सेल द्वारा सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के टेक्निकल सेल विभाग द्वारा कर्मचारियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं सजगता को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 22 अगस्त से 02 सितंबर 2026 तक 'सुरक्षा जागरूकता सप्ताह' का आयोजन किया गया। इस दौरान सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर जागरूकता एवं रचनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कर्मचारियों को सुरक्षा के मूलभूत सिद्धांतों, सुरक्षित कार्य-पद्धतियों, संभावित जोखिमों की पहचान एवं उनसे बचाव के उपायों तथा सुरक्षा से संबंधित नवीनतम जानकारियों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों के प्रति निरंतर सजग एवं प्रतिबद्ध रहने तथा कार्यस्थल पर 'सुरक्षा सर्वोपरि' की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। उल्लेखनीय है कि सुरक्षा जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज, निबंध लेखन, वाद-विवाद, भाषण, स्लोगन लेखन एवं पोस्टर डिजाइन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी एवं अनधिशासी वर्ग के कर्मचारियों ने भाग लिया। कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता ने न केवल कार्यक्रम को सफल बनाया, बल्कि कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य-संस्कृति के प्रति उनकी सामूहिक प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित किया। सप्ताह भर चले इस कार्यक्रम का समापन अधिशासी निदेशक (संकार्य) सभागार में आयोजित एक विशेष समारोह के साथ हुआ।

### मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में सजे-धजे नजर आए। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद बच्चों ने 'राधे गोविंद कृष्ण मुरारी' संगीत पर मनमोहक युगल नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं 'जुग-जुग जियो ललनवा' की मधुर धुन पर राधा-कृष्ण के रूप में बच्चों ने सुर, लय और ताल के साथ सुंदर सामूहिक प्रस्तुति दी। 'राधा कैसे न जले' गीत पर बच्चों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। जब 'ओ कान्हा...' गीत पर बच्चों के कदम थिरके तो अभिभावक भी उत्साह से भर उठे और खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### सरस्वती विद्या मंदिर में श्रीकृष्ण रूप-सज्जा प्रतियोगिता आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती विद्या मंदिर, सेक्टर-3सी में गुरुवार को विद्यालय स्तर पर शिशु वाटिका खंड के भैया-बहनों के लिए श्रीकृष्ण रूप-सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं पौराणिक परंपराओं से परिचित कराना तथा उनके अंदर छिपी प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का विकास करना था। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने भैया-बहन श्रीकृष्ण, राधा एवं अन्य पौराणिक पात्रों के आकर्षक रूप में सजकर विद्यालय पहुंचे। बच्चों की मनमोहक वेशभूषा और प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। अरुणोदय वर्ग की माखन चोर रूप-सज्जा प्रतियोगिता में सारांश मिश्रा ने प्रथम, अरुणिका प्रिया ने द्वितीय तथा नीलांश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं राधा-कृष्ण रूप-सज्जा प्रतियोगिता में आरव यादव एवं पदमाल्या मोहापात्रा प्रथम रहे। जागृति एवं विनायक यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि लक्ष्य कुमार गुप्ता, नव्या कुमारी, टिया कुमारी एवं आर्यन कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

# बीएसएल में साइबर सुरक्षा एवं साइबर स्वच्छता पर जागरूकता सत्र आयोजित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के सतर्कता विभाग द्वारा आगामी 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026' तथा वर्तमान में संचालित 'तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान' के अंतर्गत सीएंडआईटी विभाग के सहयोग से आज 'साइबर सुरक्षा एवं साइबर स्वच्छता' विषय पर एक दिवसीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संयंत्र के अधिकारियों एवं कर्मियों को उभरते साइबर जोखिमों के प्रति जागरूक एवं सतर्क करना, सुरक्षित डिजिटल कार्यशैली को बढ़ावा देना तथा संगठन में निवारक सतर्कता की संस्कृति को और सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में सामग्री प्रबंधन (एमएम) विभाग के मुख्य महाप्रबंधक सहित एमएम विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी, सतर्कता विभाग के अधिकारी तथा एमजंक्शन के प्रतिनिधियों सहित कुल 45 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। प्रशिक्षण सत्र में सीएंडआईटी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बोकारो स्टील प्लांट में उपलब्ध एवं कार्यरत साइबर सुरक्षा अवसंरचना तथा डिजिटल प्रणालियों की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। वक्ताओं ने दैनिक कार्यालयीन कार्यों के दौरान साइबर खतरों से बचाव, संवेदनशील एवं गोपनीय डेटा की सुरक्षा, सुरक्षित पासवर्ड प्रबंधन, संदिग्ध ई-मेल एवं लिंक से सावधानी बरतने तथा अन्य महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा उपायों के संबंध में प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। सत्र के दौरान डिजिटल संसाधनों के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग पर विशेष जोर देते हुए 'साइबर स्वच्छता' को दैनिक कार्यशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया गया। प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा से संबंधित सामान्य जोखिमों की पहचान करने तथा संभावित साइबर खतरों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक सावधानियों से भी अवगत कराया गया। बोकारो स्टील प्लांट का सतर्कता विभाग विभिन्न जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मियों में सतर्कता, सत्यनिष्ठा एवं जिम्मेदार कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ सुरक्षित डिजिटल कार्यशैली को प्रोत्साहित कर रहा है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से संयंत्र में निवारक सतर्कता एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता को निरंतर मजबूत किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com